हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 01.07.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 337 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## भोगनाडीह में हूल दिवस पर ग्रामीणों और पुलिस में झड़प, चले तीर व पत्थर



पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

### मंत्री दीपिका पांडेय सिंह बोलीं- भाजपा की साजिश

**साहिबगंज :** साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में हूल दिवस पर सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित कार्यक्रम से पहले ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुई झड़प पर झारखंड सरकार की मंत्री ने बड़ा बयान दिया है। हेमंत सोरेन कैबिनेट की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इसे भाजपा की साजिश करार दिया है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अभी सूचना स्पष्ट नहीं है। यहां अभी-अभी एक न्यूज में देखा है कि भोगनाडीह में लाठीचार्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि हूल दिवस आस्था की बात है। किस तरह से इसे मनाते रहे हैं, सबको पता है। वहां अगर कोई विवाद खड़ा करने का प्रयास कर रहा होगा, तो इसका फायदा किसको होगा, सबको पता है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पूरी जानकारी लेने के बाद ही इस बारे में कुछ कहेंगे। साथ ही कहा कि भाजपा के नेता एक सप्ताह पहले संताल परगना घूमने लगे, तो उन्होंने कोई साजिश न की हो, ऐसा हो नहीं सकता। इस सवाल पर कि बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रशासन की हठधर्मिता की वजह से यह घटना हुई, इसे टाला जा सकता था, दीपिका ने कहा कि उन्हें अभी इस मामले की पूरी जानकारी नहीं है।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** भोगनाडीह में हूल दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम के पूर्व सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। बताया जा रहा है कि भोगनाडीह स्थित सिदो कान्हू पार्क का ताला टूटने से सोमवार को आदिवासी समुदाय के लोग भड़क गए। उन्होंने पुलिस जवानों पर तीर-पत्थर से हमला कर दिया। इसमें तीन पुलिस जवान घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा।
घायल पुलिस जवानों को इलाज के लिए भेजा गया है। घटना के बाद भोगनाडीह में भारी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है। मौके पर डीसी हेमंत सती, एसपी अमित कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी पहुंच गए हैं। हालांकि अब स्थिति सामान्य है। ताला खुलने के बाद लोग पार्क पहुंचे और सिदो कान्हू, चांद भैरव व फूलो झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उल्लेखनीय है कि सिदो कान्हू हूल फाउंडेशन और आतु मांझी बैसी ने हूल दिवस पर भोगनाडीह में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति मांगी थी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए अनुमति नहीं दी गई थी। इसके बाद भी संगठन की ओर से वहां पंडाल का निर्माण कराया जा रहा था। ऐसे में शनिवार की रात 13 कार्यकर्ताओं को पुलिस ने उठा लिया। इसके विरोध में सिदो कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू के नेतृत्व में आदिवासियों ने रविवार को सिदो कान्हू पार्क में ताला जड़ दिया और पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन किया था।

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने हूल दिवस पर महान सेनानियों को किया नमन



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हूल दिवस पर संथाल विद्रोह के महान सेनानियों को नमन किया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा है कि हूल दिवस के अवसर पर संथाल विद्रोह के महान सेनानियों सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो सहित अन्य वीर-वीरांगनाओं को कोटिशः नमन। उन्होंने कहा है कि ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध उनका संघर्ष एवं गौरवगाथाएं भावी पीढ़ियों को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष तथा मातृभूमि की सेवा के लिए सदैव प्रेरित करती रहेंगी। वहीं मुख्यमंत्री ने हूल विद्रोह के महानायक अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो और अन्य वीर शहीदों तथा वीरांगनाओं के संघर्ष और शहादत को शत-शत नमन किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आजादी की लड़ाई से पहले संथाल में हूल विद्रोह के हमारे वीरों ने अंग्रेजी हुकूमत और महाजनों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ तथा जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए आदिवासी अस्मिता की मशाल जलाई थी। हमारे वीर पुरुखों की यही सीख हमें हमेशा न्याय और स्वाभिमान के लिए प्रेरित करती रहेंगी। उन्होंने कहा है कि अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू अमर रहें। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें। जय झाखंड। हूल जोहार।

### एक नजर

### प्रधानमंत्री कल से पांच देशों की यात्रा पर



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 से 9 जुलाई तक पांच देशों की यात्रा पर रहेंगे। इसमें घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल है। इस दौरान वे ब्राजील में 6-7 जुलाई को आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी के यात्रा कार्यक्रम और उससे जुड़े महत्पूर्ण बिन्दुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव ब्राजील है। यहां प्रधानमंत्री ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन 6 से 7 जुलाई के बीच आयोजित होगा। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद प्रधानमंत्री ब्राजील में ही राजकीय मेहमान बनेंगे और द्विपक्षीय यात्रा की शुरूआत करेंगे। राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री वहां के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री की आगामी यात्रा पर सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर के निमंत्रण पर 3-4 जुलाई तक त्रिनिदाद और टोबैगो की आधिकारिक यात्रा करेंगे।

### गुरुजी की सलामती के लिए सीता सोरेन ने मंदिर में की पूजा अर्चना

**दुमका :** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्वास्थ्य कामना को लेकर उनकी बड़ी पुत्रवधू सीता सोरेन ने सोमवार को मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। गुरुजी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी बड़ी पुत्रवधू सीता सोरेन हूल दिवस के मौके पर दुमका के पोखरा चौक पर स्थापित सिदो कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची थी। शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बावत जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह (शिबू सोरेन) गुरुजी से मिलने दिल्ली गई थी। अस्पताल के बाहर गाड़ी पर बैठी रही, लेकिन वह बीमार हालत में गुरुजी को देख नहीं सकती, इसलिए वह वापस लौट गई। उन्होंने कहा की मंदिर पहुंचकर गुरुजी की सलामती के लिए पूजा अर्चना भी की है। उन्होंने कहा कि परिवार में गुरु जी बाबा से पिता से भी बढ़ कर प्यार मिला है। बीमार हालत में उन्हें देख नहीं सकते, बस इतना ही चाहते है कि बाबा जल्द स्वस्थ्य होकर हमारे बीच लौटे।

### मणिपुर में चार लोगों की गोली मारकर हत्या

**मणिपुर :** मणिपुर में अज्ञात हमलावरों ने चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। सोमवार दोपहर जिले के मोंगजांग गांव के पास अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा की गई गोलीबारी में 60 वर्षीय महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय पुलिस ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। चुराचांदपुर पुलिस के अनुसार हमलावरों ने दोपहर करीब 2 बजे जब हमला किया, तब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। घटनास्थल मोंगजांग, चुराचांदपुर के जिला मुख्यालय से लगभग सात किमी दूर है। पुलिस की शुरुआती जांच से यह भी पता चलता है कि हमलावरों ने पीड़ितों को बहुत नजदीक से गोली मारी।

### सिद्धो-कान्हू व चांद-भैरव को हेमन्त सोरेन ने दी श्रद्धांजलि



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 1855 में स्वतंत्रता की लड़ाई के अग्रगण्य, वीर सपूत और हूल आंदोलन के मुखिया सिद्धो-कान्हू और चांद-भैरव को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, रामगढ़ विधायक ममता देवी, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सारठ विधायक उदय प्रताप सिंह उर्फ चुन्ना सिंह, खिजरी विधायक राजेश कच्छप और पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

### युवती अर्धनग्न हालत में सड़क पर मिली, सामूहिक दुष्कर्म की आशंका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** शहर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीडीह चौक के पास उस समय सनसनी फैल गई जब पुराना होम्योपैथी सेंटर के समीप एक युवती को अर्धनग्न और बदहवास हालत में पाया गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कुछ युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म कर उसे सड़क पर ही फेंक दिया और फरार हो गए।
सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि युवती मानसिक रूप से बीमार है और आसपास के इलाके में अक्सर घूमती रहती थी। पुलिस ने बताया कि मामला बेहद संवेदनशील है, इसलिए किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले हर एंगल से जांच की जा रही है।
पुलिस मामले को लेकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि उसके साथ क्या हुआ। पुलिस के अनुसार दुष्कर्म की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल युवती अपना नाम-पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही है, जिससे उसकी पहचान और घटना की परिस्थितियां जानने में कठिनाई आ रही है।
पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है ताकि सच्चाई सामने लाई जा सके और यदि किसी ने भी उसके साथ अमानवीय कृत्य किया है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## तेलंगाना में भाजपा को बड़ा झटका विधायक टी राजा सिंह ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**हैदराबाद :** गोशामहल के विधायक टी. राजा सिंह ने पूर्व एमएलसी रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने त्यागपत्र देने का कारण पार्टी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने की अनुमति न दिए जाने को बताया है।
मीडिया से बातचीत में राजा सिंह ने कहा कि मैं नामांकन दाखिल करने गया था। मैंने आवेदन पत्र भी ले लिया था। मेरे आवेदन पर तीन सदस्यों ने हस्ताक्षर किए। सात और सदस्यों के हस्ताक्षर होने थे। इस वजह से मैं नामांकन दाखिल नहीं कर सका। इसके बाद मैंने तेलंगाना भाजपा प्रमुख जी. किशन रेड्डी को त्यागपत्र दे दिया और कहा कि वे इसे स्वीकार कर लें। विधायक ने



दो पन्नों के त्यागपत्र में केंद्रीय नेतृत्व के फैसले को 'सदमा और निराशा' करार देते हुए कहा कि इससे राज्य भर में लाखों वफादार पार्टी कार्यकर्ताओं को ठेस पहुंची है। राजा सिंह ने लिखा कि यह पत्र लाखों वफादार भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के दर्द और हताशा को दर्शाता है, जो खुद को दरकिनार और अनसुना महसूस करते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ चुनिंदा लोग 'पर्दे के पीछे से शो चला रहे हैं' और फैसले ले रहे हैं, जिससे आंतरिक असंतोष और जमीनी स्तर पर जुड़ाव खत्म हो रहा है। गोशामहल से तीन बार निर्वाचित विधायक ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, वरिष्ठ नेता अमित शाह और बीएल संतोष से निर्णय पर पुनर्विचार करने और यह सुनिश्चित करने की अपील की कि तेलंगाना में सही नेतृत्व स्थापित हो। पार्टी से औपचारिक संबंध तोड़ते हुए राजा सिंह ने हिंदुत्व की विचारधारा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और गोशामहल के लोगों और व्यापक हिंदू समुदाय की सेवा जारी रखने का संकल्प लिया।
उन्होंने लिखा, मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि उन अनगिनत कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के लिए बोल रहा हूं, जो आस्था के साथ हमारे साथ खड़े थे और जो आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

## आज से बदल जाएंगे रेलवे टिकट बुकिंग से जुड़े पांच नियम

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने यात्री किराए में बदलाव करने का फैसला किया है। यह बदलाव 1 जुलाई 2025 से लागू होगा। किराए में यह बदलाव आईआरसीए की ओर से प्रकाशित नई किराया सारणी के अनुसार होगा। उपनगरीय सेवाओं और सीजन टिकटों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है। लेकिन, अन्य सभी क्लास के किराए में कुछ बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी प्रति किलोमीटर के हिसाब से की जाएगी। यह फैसला रेल मंत्रालय ने इसलिए लिया है ताकि यात्री सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके। रेल मंत्रालय ने 1 जुलाई 2025 से यात्री ट्रेनों के किराए में कुछ बदलाव करने का निर्णय लिया है। यह बदलाव इंडियन रेलवे कॉन्फ्रेंस एसोसिएशन की ओर से जारी की गई नई किराया सारणी के अनुसार होगा। इस बदलाव में अलग-अलग दूरी और क्लास के हिसाब से किराए में बढ़ोतरी की गई है। सबसे पहले बात करते हैं कि



किस तरह के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जो लोग लोकल ट्रेन में सफर करते हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। सबअर्बन यानी उपनगरीय सेवाओं और सीजन टिकटों (सबअर्बन और नॉन-सबअर्बन) के सिंगल जर्नी के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि लोकल ट्रेन से सफर करने वाले लोगों को पहले की तरह ही किराया देना होगा।

### कहां बढ़ गया है किराया?

सेकंड क्लास ऑर्डिनरी में 500 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। लेकिन, 501 से 1500 किलोमीटर के लिए 5 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह, 1501 से 2500 किलोमीटर के लिए 10 रुपये और 2501 से 3000 किलोमीटर के लिए 15 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। स्लीपर क्लास ऑर्डिनरी और फर्स्ट क्लास ऑर्डिनरी में आधा पैसा प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई है। मेल/एक्सप्रेस क्लासेस जैसे सेकंड क्लास, स्लीपर क्लास और फर्स्ट क्लास में 1 पैसा प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गई है। एसी क्लासेस की बात करें तो एसी चेयर कार, एसी-3 टियर/3ई, एसी-2 टियर, एसी फर्स्ट क्लास/ईसी/ईए में 02 पैसा प्रति किलोमीटर की वृद्ध हुई है। इसका मतलब है कि एसी में सफर करने वाले यात्रियों को थोड़ा ज्यादा किराया देना होगा।

### इन ट्रेनों पर पड़ेगा असर

इन बदलावों का असर कुछ खास ट्रेनों पर भी पड़ेगा। तेजस, राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, हमसफर, अमृत भारत, तेजस, महामना, गतिमान, अंत्योदय, गरीब रथ, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, सामान्य सेवाएं (गैर-उपनगरीय), अनुभूति कोच और एसी विस्टाडोम कोच जैसी ट्रेनों के किराए में भी क्लास के हिसाब से बढ़ोतरी की जाएगी। हालांकि, कुछ शुल्क ऐसे हैं जिनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। आरक्षण शुल्क और सुपरफास्ट सरचार्ज में कोई बदलाव नहीं होगा। ये शुल्क, जहां भी लागू हों, पहले की तरह ही लगते रहेंगे। जीएसटी और किराए का पूर्णांकन भी पहले की तरह ही लागू रहेगा। इसका मतलब है कि इन मामलों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## सिगाची फार्मा कंपनी में विस्फोट, 12 की मौत, 34 लोग घायल, पीएम मोदी ने किया आर्थिक मदद का एलान

एजेंसी

**तेलंगाना :** तेलंगाना के संगारेड्डी में सोमवार को एक फार्मा प्लांट में हुए संदिग्ध विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 34 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पशम्यलारम औद्योगिक एस्टेट में सिगाची फार्मा कंपनी में जहां विस्फोट हुआ, वहां कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं।

### घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया

अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया, हादसे में 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 34 लोग घायल हुए हैं। घायलों को



इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है और उनका इलाज जारी है। उनकी हालत के बारे में तत्काल पता नहीं चल पाया है, क्योंकि बचाव अभियान अभी भी जारी है। आग बुझाने के लिए दमकल गाड़ियों को लगाया गया।
मल्टी जोन II के महानिरीक्षक वी सत्यनारायण ने बताया कि पशम्यलारम में रासायनिक उत्पादन फैक्ट्री सिगाची फार्मा में विस्फोट हुआ। यह घटना सुबह 8:15 से 9:35 बजे के बीच हुई। घटना में कुल 12 लोगों की मौत हो चुकी है। 34 अन्य घायल हैं। छह शव बरामद किए गए हैं। चंदा नगर में इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। हम 20 मिनट में ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य बचाव दल 10 दमकल गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर हैं। आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। बचाव अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है।

### पीएम मोदी ने किया आर्थिक मदद का एलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर जताया। उन्होंने कहा, 'घटना से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।'

### मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया

यह पूछे जाने पर कि क्या यह विस्फोट था या फिर कोई अन्य दुर्घटना? एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि यह विस्फोट था। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है और अधिकारियों को फंसे हुए श्रमिकों को बचाने और उन्हें सबसे अच्छा इलाज मुहैया कराने के लिए सभी कदम उठाने का निर्देश दिया।

## कोलकाता दुष्कर्म मामला : लॉ कॉलेज पहुंची बीजेपी की टीम, पुलिस ने रोका

एजेंसी

**कोलकाता :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, लोकसभा सांसद बिप्लब कुमार देब और राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्रा सहित बीजेपी की फैक्ट फाइंडिंग टीम अपने समर्थकों और प्रदर्शनकारियों के साथ सोमवार को दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज पहुंची, जहां 25 जून की शाम को एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। लेकिन टीम को कॉलेज के गेट पर ही रोक दिया गया और उन्हें अंदर जाने नहीं दिया गया। हालांकि बाद में टीम अंदर गई और बातचीत भी की। इस दौरान वहां भारी हंगामा हुआ। बीजेपी की टीम पुलिस से बात करती रही, लेकिन उन्हें अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई। टीम के साथ पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और पार्टी विधायक अग्निमित्र पॉल भी मौजूद थे।
पश्चिम बंगाल की भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल कहती हैं, हमने पुलिस आयुक्त और यहां तक कि उप-प्रधानाचार्य से भी बात की- हमें अंदर जाने से रोका जा रहा था। वे नहीं चाहते थे कि हम अंदर जाएं। अन्याय हुआ है और अगर वे हमें रोकते हैं, तो इसके परिणाम होंगे। उन्होंने चतुराई से काम किया और हमें अंदर जाने दिया। टीएमसी सरकार दुष्कर्मियों की सरकार है। घटना की जांच कर रहे 9 सदस्यीय एसआईटी के अधिकारियों ने यह भी पाया कि तीन आरोपियों मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद का कॉलेज की छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है। चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है।

एक नजर

## रोहित जैन की बरसी पर जरूरतमंदों को भोजन व वस्त्र का किया गया वितरण

**चौपारण** : समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय और जनहित के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहे दिवंगत रोहित जैन की बारहवीं पर सोमवार को एक भावुक और समाजोपयोगी आयोजन किया गया। रोहित जैन की स्मृति में उनके परिजनों दोनों बेटियों, भाई की बेटी, बहन और बहनोई ने मिलकर प्रखंड के कठंबा बिरहोर टोला पहुंचकर जरूरतमंदों के बीच भोजन एवं वस्त्र का वितरण किया। इस आयोजन में आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूरे कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में सहयोग किया। वितरण कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों और बुजुर्गों ने भाग लिया। उन्हें स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ दैनिक उपयोग के वस्त्र भी दिए गए। बहन निधि जैन व बहनोई गोलु जैन ने बताया कि रोहित जैन व्यवसायी के साथ समाज के प्रति अत्यंत संवेदनशी प्रवृत्ति के व्यक्ति भी थे। उनकी आकस्मिक आत्महत्या से पूरा परिवार और समाज स्तब्ध था। आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन के संस्थापक थे।

## वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**हजारीबाग** : 30 जून सोमवार को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्लड मैन निर्मल जैन ने किया। शिविर का शुभारंभ एसोसिएशन के प्रचार सचिव गौरव यादव एवं संगठन सचिव रजत जैन ने रक्तदान कर के किया तत्पश्चात रिषभ जैन ,तुषार जैन, क्षितिज आनंद ,मनोज कुमार, मुकेश कुमार, सोनू कुमार, दीपक मिश्रा, अमित अग्रवाल, राकेश कुमार ,सुप्रिया चौधरी, आयुष कुमार ,अभी सिंह, मोहम्मद मेहताब खान रिशु दे वासु ठाकुर ,सीताराम मेहता, नीतेश कुमार ,मोनू कुमार आदि अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए। उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया एक महिला को बी नेगेटिव रक्त की आवश्यकता थी उसे तुषार जैन एवं क्षितिज आनंद ने रक्तदान कर जान बचाने में मदद की अनेक रक्तदाता प्रथम बार रक्तदान कर काफी आनंद की अनुभूति की शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन प्रचार सचिव गौरव यादव संगठन सचिव रजत जैन गंगवाल मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मुहर्रम को लेकर चौपारण थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**चौपारण** : प्रखंड में शांतिपूर्ण व सौहादर्यपूर्ण माहौल में 6 जुलाई को मोहर्रम पर्व मनाने को लेकर सोमवार को चौपारण थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचलअधिकारी संजय कुमार यादव ने की। प्रशासन द्वारा मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील किया गया है। बैठक में बताया गया कि प्रखंड में 46 लाइसेंस है जो हर जुलूस के साथ होना जरूरी है एवं लाइसेंस धारी जुलूस के साथ रहे। ताजिया का ध्यान पूर्वक निकाले ताकि किसी भी इलेक्ट्रिक वायर में ना सटे। जुलूस के दौरान किसी भी धर्म को आहात न पहुंचे। डीजे बजाना पूर्ण रूपेण प्रतिबंध रहेगा। किसी प्रकार के अन्य देशों के झंडे लहराने की सख्त से मनाही है।

# मुहर्रम पर्व को लेकर डीसी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले में आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था एवं समुचित तैयारी सुनिश्चित करने हेतु आज छडवा डैम में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की अध्यक्षता में मुहर्रम कमिटी के सदस्यों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में ताजिया जुलूस के मार्ग, समय निर्धारण, विधि व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, एंबुलेंस की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित विभागों को समय रहते सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन द्वारा सभी



आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे ताकि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो। साथ ही, उन्होंने मुहर्रम कमिटी के सदस्यों से भी सहयोग की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने जुलूस के दौरान शांति बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन से निगरानी रखने की बात कही। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी तरह की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। बैठक में सदर एसडीएम वैद्यनाथ कामती, कटकमसांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित थी। इस दौरान उपायुक्त ने जिलेवासियों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की तथा हर स्थिति में प्रशासन द्वारा आवश्यक सहायता देने का आश्वासन दिया।

## केरेडारी थाना परिसर में मुहर्रम पर्व मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक

**केरेडारी** : केरेडारी थाना परिसर में मुहर्रम पर्व मनाने को लेकर दिन सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक अंचलअधिकारी राम रतन वर्णवाल की अध्यक्षता में हुई। वही संचालन थाना प्रभारी विवेक कुमार ने किया। मौके पर पुलिस निरीक्षक अनील सिंह बीडीओ विवेक कुमार,जिला परिषद प्रतिनिधि निरंजन साव एसआई में टिंकु सिंह सिद्धेश्वर पंडित मुकेश कुमार अनुप कुमार मौजूद रहें। वही अधिकारियों के साथ प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मौके पर सर्वसम्मति से मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने लोगों से मुहर्रम के दौरान सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के साथ प्रशासन को पर्याप्त सहयोग की अपील की। अंचल अधिकारी ने कहा कि पर्व में खलल डालने वाले असमाजिक तत्वों पर 107 के तहत करवाई होगी। वही थाना प्रभारी ने कहा कि मुहर्रम के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। कहा कि लाइसेंस लेने वाले कमेटी के सदस्यों का आवेदन पर फोटो एवं मोबाइल नंबर के साथ ताजिया जुलूस के लिए रुट मैप अनिवार्य रूप से अंकित होना चाहिए। इस दौरान बैठक में मोहर्रम कमेटी के सदस्यों के अलावे प्रखंड क्षेत्र के पंचायत मुखिया, राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधि के अलावे केरेडारी थाना अंतर्गत आने वाले सभी गांव के सदर एवं सैकड़ों लोग शांति समिति की बैठक में उपस्थित थे।

## शिबू सोरेन एक योद्धा हैं, इस बार भी जिंदगी की जंग जीतेंगे : कुणाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड आंदोलन के पुरोधा शिबू सोरेन की तबीयत को लेकर राज्यभर में चिंता का माहौल था। बीते कई दिनों से वे दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनकी हालत पहले गंभीर बताई जा रही थी। हालांकि अब सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उनकी सेहत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है, जो उनके समर्थकों और शुभचिंतकों के लिए राहत की खबर है जिससे हजारीबाग के झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उत्साहित है। शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर पूरे झारखंड में प्रार्थनाओं का दौर जारी है। लोगों ने मंदिरों, मस्जिदों और गिरजाघरों में उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। इस क्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता कुणाल यादव ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त करते हुए भावुक अपील की। कुणाल यादव ने अपने बयान में कहा कि शिबू सोरेन केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं, वे एक योद्धा हैं। जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने वाले इस महानायक ने अपने जीवन में हर मुश्किल का डटकर सामना किया है। हम सबको पूरा विश्वास है कि वे इस बार भी ज़िंदगी की इस कठिन परीक्षा को पास करेंगे और जल्द ही स्वस्थ होकर हमारे बीच लौटेंगे। हम सब उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। कुणाल यादव ने झामुमो कार्यकर्ताओं समेत झारखंड की समस्त जनता से अपील की कि वे इस कठिन समय में एकजुट रहें और गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता हर जिले में पूजा-पाठ, हवन और सामूहिक दुआ का आयोजन कर रहे हैं।

## अमर शहीद सिद्धो व कान्हू की शहादत हूल क्रांति दिवस पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में सिध्दू व कान्हू की 177 वीं शहादत हूल क्रांति दिवस में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर दोंनो शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजली दी गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि 30 जून 1855 को क्रांतिकारी सिध्दू मूर्मु तथा कान्हू मुर्मू के अह्वान पर बरहेट के भोगनाडीह में 20 हजार संथालियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ महाजनों की प्रथा और अंग्रेजी सरकार की बंदोबस्ती नीति के खिलाफ विद्रोह किया था । आदिवासियों से 50 प्रतिशत से 500 प्रतिशत तक खेती कर वसूल करना इस अन्याय के खिलाफ जब सिध्दो और कान्हू चांद और भैरव के साथ दोंनो बहन फूलो और झानों ने आवाज उठाई तो हजारों की संख्या में लोगों ने इसका स्वागत किया और अपने परंपरागत तीर धनुष के साथ भोगनाडीह गांव में होकर खूद को स्वतंत्र घोषित किया तथा स्थानीय जमींदार पूंजीपतियों सूदखोरों के खिलाफ जंग छेड़ने की शपथ ली । कार्यक्रम में जिला मिडिया अध्यक्ष निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत 20 सुत्री सदस्य संजय कुमार तिवारी सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह, सुनिल अग्रवाल, मनिषा टोप्पो, परवेज अहमद, अनिल कुमार भुईंया, अजय गुप्ता, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, विजय कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, डॉ. भैया असीम कुमार, सदरूल होदा, कृष्णा कुमार यादव, मुस्ताक अंसारी, सैयद अशरफ आदि उपस्थित थे ।

## स्वास्थ्यकर्मी के घर लाखों की चोरी, घटना से लोगों में दहशत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : प्रखंड क्षेत्र के रामपुर टोला महादेव टांड़ में बीते रात्रि एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। मनोज दिवाकर, जो पेशे से स्वास्थ्यकर्मी हैं और वर्तमान में बाहर गए हुए हैं, उनके बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने मुख्य दरवाजे और गोदरेज का ताला तोड़कर लाखों रुपये मूल्य के जेवरात, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी कर ली। चोरी गए सभी सामानों की कीमत करीब दो से ढाई लाख रुपये आंकी जा रही है, हालांकि वास्तविक कीमत इससे अधिक हो सकती है। चोरी गए सामानों में सोने की चेन, अंगूठी, पायल, म्यूजिक सिस्टम, चार्जर, मिक्सी, आयरन, माइक सहित कई घरेलू इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं शामिल हैं। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं



था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने पूरी वारदात को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, चोरी की घटना देर रात हुई और सुबह लोगों को घर के टूटे ताले देखकर इसकी जानकारी मिली। चूंकि मनोज दिवाकर बाहर हैं, इसलिए पुलिस में अब तक आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। इस वारदात से स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि महादेव टांड़ और उसके आस-पास का इलाका अब तक शांत और सुरक्षित माना जाता रहा है, लेकिन यह घटना दशार्ती है कि अब चोर बेखौफ हो चुके हैं। इस बीच, ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से गश्ती बढ़ाने और रात के समय सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह इलाका शांत माना जाता रहा है, लेकिन हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। महादेव टांड़ में हुई चोरी की यह घटना एक गंभीर सुरक्षा चुनौती बन गई है। जहां एक तरफ चोरों का हौसला बढ़ता दिख रहा है, वहीं प्रशासनिक स्तर पर सख्ती की कमी भी उजागर हो रही है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि पुलिस इस मामले में कितनी तत्परता दिखाती है और चोरों को पकड़ने में कितना सफल होती है।

## बिहार विस चुनाव में एनडीए को जड़ से उखाड़ने का कार्य करेंगे : अंबा प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर अभी बिगुल नहीं बजा है,पर चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस पार्टी भी बिहार चुनाव को लेकर अपनी तैयारियों में जुटी गई है।राहुल गांधी समेत पार्टी के कई अन्य दिग्गज नेता चुनाव से पहले बिहार का दौरा भी कर चुके हैं। राष्ट्रीय कांग्रेस में अंबा प्रसाद का लगातार कद बढ़ रहा है।पहले राष्ट्रीय सचिव फिर बंगाल से प्रभारी के बाद अब बिहार विधानसभा चुनाव में पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी मिली है। इस बीच अब कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव सह



बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को कांग्रेस पार्टी की ओर से बिहार में चुनाव अभियान को धार देगी।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद इस संबंध में पार्टी ने आदेश जारी कर दिया है। बिहार चुनाव को लेकर मिली जिम्मेदारी के बाद अंबा प्रसाद ने पार्टी आलाकमान को धन्यवाद देते हुए कहा कि मिली जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे एवं आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूती प्रदान करते हुए एनडीए को जड़ से उखाड़ने का कार्य करेंगे।

# हुल दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत है : विकास सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में हुल दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सिद्धो-कान्हू मुर्मू और अन्य जननायकों की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्रों को संथाल हुल आंदोलन पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिससे उन्होंने 1855 के जनजातीय विद्रोह और वीर सपूतों के संघर्ष को करीब से जाना। इस अवसर पर बच्चों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और निबंध लेखन जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया



गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जनजातीय इतिहास व संस्कृति के प्रति अपनी समझ और संवेदना को प्रकट किया। विद्यालय के प्राचार्य के.कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने इतिहास पर गर्व करना चाहिए और ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हमें अपने संस्कारों और संघर्ष की गाथाओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, हुल दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता संग्राम के शूरवीरों को सच्ची श्रद्धांजलि है। हमारा उद्देश्य है कि आने वाली पीढ़ी उन महान बलिदानों को समझे और उनसे प्रेरणा ले। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के गणित विभाग के शिक्षक शुभम पाण्डेय द्वारा किया गया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षिक द्वारा प्रस्तुत किया गया। पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति और जनजातीय गर्व से गूंज उठा।

## मौर्य पब्लिक स्कूल में हुल क्रांति दिवस मनाया गया

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड कांडतरी पंचायत स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित मौर्य पब्लिक स्कूल में हुल क्रांति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सिद्धू कान्हु चाद भैरव फूलों झानो को नमन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने छात्रों के बीच प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड के वीर योद्धा स्वतंत्रता सेनानी सिद्धू कान्हू चांद भैरव फूलों झानो इत्यादि जननायकों ने 1855 से 1856 ई तक ब्रिटिश शासन भ्रष्ट जमींदारी प्रथा के विरुद्ध जंग लड़े थे। वही मौके पर स्कूल के निर्देशक रामचंद्र कुमार ने कहां की इस हुल क्रांति में लगभग 2000 से अधिक झारखंडी आदिवासी महापुरुषों ने कुबार्नी दी उन्ही के याद में प्रत्येक वर्ष 30 जून को झारखंड में हुल क्रांति दिवस के रूप में मनाते हैं। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह स्कूल के निर्देशक रामचंद्र कुमार मंजीत गंझु विवेक मुंडा झूना कुमारी कुंती देवी संजू कुमारी सहिता परवीन सुगंती संगीता कुमारी देवी वह छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के महामंत्री बने अरविंद कुमार



**बड़कागांव** : राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का रांची में प्रदेश सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़कागांव निवासी जिला युवा अध्यक्ष अरविंद कुमार को राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन का प्रदेश महामंत्री मनोनत किया गया है। इसके साथ ही इनको चतरा कोडरमा गिरिडीह हा रामगढ़ जिला के प्रभारी भी बनाया गया है। इनके मनोनयन से साहू समाज में खुशी का माहौल है। इस फैसले से समाज को मजबूती मिलेगी। हजारीबाग जिला के साहू समाज में इनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष कैलाश साहू, उपाध्यक्ष अशोक साहू, अरविंद साहू, जिला मंत्री नंदू साहू, पदम साहू, मुख्य संरक्षक कोलेश्वर साहू, बेचन साहू, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, युवा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, जिला महासचिव दिनेश साहू, प्रखंड अध्यक्ष जानकी साहू, तपेश्वर साहू, डूबान साहू, मुकेश कुमार, धनु प्रसाद निराला, अर्जुन साहू, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, ढलन साहू आशीष कुमार, जागेश्वर कुमार, मीडिया प्रभारी शिवनारायण साहू, कुलदीप साहू, उपेंद्र कुमार सहित समाज के गणमान्य लोग शामिल हैं।

## मोहर्रम को लेकर सिकरी ओपी थाना में शांति समिति की हुई बैठक




**बड़कागांव** : मोहर्रम पर्व को लेकर ओपी थाना सिकरी में सोमवार को शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन और ताजियादार शामिल हुए। बैठक में मोहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर बल दिया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि आयोजन पूरी तरह सरकारी दिशा-निदेर्शों और गाइडलाइन के अनुरूप ही किया जाएगा। प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए त्योहार के दौरान किसी भी अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर नजर रखने की बात कही। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि लाइसेंस की शर्तों का पालन अनिवार्य है। जुलूस के दौरान असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। मौके पर सीकरी पंचायत के मुखिया प्रभु महतो, संजीव कुमार पांडेय, कृष्ण सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अरुण कुमार महतो, मोहम्मद अजगबुल मियां, मोहम्मद शमसुद्दीन अंसारी, मोहम्मद बेलाल, मुखिया हितनारायण साव, मोहम्मद मंजूर हुसैन, शिवलाल महतो सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

## हाथियों ने ग्रामीणों के घर व फसल को किया क्षतिग्रस्त



**बड़कागांव** : गोंदलपुरा पंचायत ग्राम गाली में रात्रि रविवार 29 जुन को हाथियों ने भारी उत्पाद मचाया है। कई ग्रामिणों के घर को तोडा तथा खेतों में लगी फसलों को बुरी तरह से रौंद दिया है। गोंदलपुरा पंचायत के ग्राम गाली में जिन लोगों का मकान हाथी ने क्षतिग्रस्त किया है उनमें से पुनम देवी, सुखदेव गझूँ, सुमन देवी, मो० कांति देवी, अजित राम, प्रकाश मुज्याँ, रेशमा देवी, गेगिया देवी, रोहनी देवी, बसन्ती देवी, अवधेश गझूँ, कैशल्या देवी, किरण देवी दशरथ गँझू, सुनिता देवी, कलावती देवी, शारो देवी, मो० मंजरी देवी, मो० मुलिया देवी , जांनती देवी, तेतरी देवी, किरण देवी, सरीता देवी, जमनी देवी, सुरेश मुज्याँ, मालती देवी, सदीप भुईयाँ , प्रविण गझूँ ,इन सारे लोगों के घर तथा दरवाजा खिडकी को तोडा और चावल गेहू महुवा को बवाद किया। तथा हो रहे तैयार धान के बिचड़े को बर्बाद कर दिया। हाथियों ने टेकन महतो, शामू महतो, सरोज महतो, सिताराम महतो, जलधर महतो, घनुगोप गोप, प्रविन गझूँ के खेत में लगी फसल को हाथियों ने बर्बाद कर दिया।तबाही मचाने के बाद हाथियों का झुंड सुबह अम्बा झरना के जंगल की ओर चला गया। ग्रामीणों के लिए परेशानी खड़ी हो जा रही है। जिस पर वन विभाग को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है ताकि आम ग्रामीण लोगों को हो रही नुकसान को बचाआ जा सके। बताते चलें कि हाथियों के 25 की संख्या झुंड में चार हाथी के बच्चे भी हैं। ग्रामीणों को हाथियों के भगाने के क्रम में एक व्यक्ती 30 वर्षीय मोहर गंझु गभिररूप से घायल हो गया है, हजारीबाग में इलाज चल रहा है।

## भाजपा नेत्री ने मंडल रेल प्रबंधक को सावन में बाबा बैद्यनाथ के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का किया अनुरोध




**हजारीबाग** : ओम आरोहणम संस्था संस्थापिका, सदस्य दिशा (भारत सरकार), लायंस क्लब के अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सोमवार को रांची दक्षिण-पूर्व रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक से पत्र के माध्यम से पूर्व वर्ष की तरह सावन महीने के दौरान रांची, हजारीबाग, कोडरमा, सुल्तानगंज, देवघर रूट पर विशेष ट्रेन संचालन करने का अनुरोध किया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अनुरोध पत्र के माध्यम से रेल प्रबंधक को स्पष्ट शब्दों में बताया कि प्रत्येक वर्ष सावन मास के दौरान झारखंड एवं आसपास के जिलों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में जल चढाने जाते हैं। विशेष रूप से रांची, हजारीबाग, कोडरमा इत्यादि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांवरिया एवं भक्तगण सुल्तानगंज होते हुए देवघर पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि किन्तु इस मार्ग पर कोई सुविधाजनक सीधी रेल सेवा उपलब्ध न होने के कारण श्रद्धालुओं को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आग्रह पूर्वक निवेदन कर सावन महीने की अवधि में रांची - हजारीबाग - कोडरमा - सुल्तानगंज देवघर मार्ग पर पूर्व वर्ष की तरह एक विशेष ट्रेन का संचालन करने का अनुरोध किया। इस दौरान रांची दक्षिण पूर्व रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक के माध्यम से जनहित एवं जनभावनाओं के सम्मान में सावन महीने में बाबा बैद्यनाथ के लिए स्पेशल चलाने का सकारात्मक आश्वासन मिला।

## एक नजर

### बारिश के कारण प्रभावित लोगों के साथ सरकार हमेशा खड़ी है : सीएम

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एक्स के माध्यम से राज्यवासियों से कहा है कि मानसून की शुरूआत में ही झारखंड में हो रही लगातार बारिश चिंता का विषय है। बारिश के कारण प्रभावित लोगों के साथ सरकार खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता पहुंचाई जाएगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि झारखंड में मानसून अभी शुरू ही हुआ है और शुरूआत से ही बारिश की तीव्रता चिंता का विषय है। यह बदलाव पर्यावरण के दृष्टिकोण से हो रहे हैं। इन बदलावों से प्रभावित होने वाले लोगों पर सरकार की नजर है। ज्ञातव्य हो कि झारखंड में मानसून के शुरूआत से ही लगातार बारिश हो रही है, जिससे झारखंड के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। ऐसी परिस्थिति में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एक्स के माध्यम एक वीडियो साझा कर राज्यवासियों को आश्वस्त किया है कि सरकार उन सभी लोगों के साथ खड़ी है, जो इस बारिश में प्रभावित हुए हैं। और वे सभी सरकार की निगरानी में हैं ।

### 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, तापमान में नहीं होगा बदलाव



**रांची :** मौसम विभाग ने एक जुलाई को झारखंड के 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा और गुमला शामिल है। वहीं अगले 5 दिनों में राज्य के अधिकतम तापमान में कोई बदलाव के संकेत नहीं हैं। मौसम विभाग के अनुसार, एक को रांची में सामान्य रूप से बादल छाये रहेंगे। दो बार या इससे अधिक बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है। वहीं झारखंड में मॉनसून की अच्छी-खासी बारिश हो चुकी है। जून के महीने में अब तक सामान्य से 84 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और उसे सटे पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटवर्ती इलाकों में लो प्रेशर का क्षेत्र बना हुआ है। इसके साथ समुद्र में एक चक्रवातीय परिसंचरण मौजूद है। अगले दो दिन में इसके ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड की ओर बढ़ने की संभावना है।

### पासवा ने प्रतिभावान छात्रों और शिक्षकों को किया सम्मानित

**रांची:** पासवा की ओर से गंगा प्रसाद बुधिया सरस्वती विद्यालय, मोरहाबादी में कक्षा 10 वीं के टॉपर्स विद्यार्थियों के लिए सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीवन में हम सब कुछ कर सकते हैं, लेकिन स्कूल दोबारा नहीं जा सकते। वह समय बीत चुका होता है। स्कूल ही वह स्थान है जहां जीवन के पहले संस्कार, अनुशासन और सामाजिक मूल्यों की नींव रखी जाती है। कार्यक्रम में 90 प्रतिशत या उसके आसपास नंबर लानेवाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हीना परवीन, माल्वी कुमारी पाहन, आशुतोष कश्यप, सोहेल अली, आयुष कुमार, अनन्या कुमारी, नितेश मुंडा,तान्या कुमारी, बबली कुमारी यादव,यश राज को सम्मीनित किया गया।

# सिद्धो-कान्हु के वंशजों पर लाठीचार्ज नहीं करेंगे बर्दाश्त : सुदेश



हूल दिवस के अवसर पर वीर योद्धाओं को दी गयी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि भोगनाडीह में सिद्धो-कान्हु के वंशजों और ग्रामीणों को शहीद स्थल पर पहुंचने से रोकने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल से शहीदों का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने यह साबित कर दिया कि झामुमो अपने स्वार्थ के लिए सिद्धो-कान्हु के नाम का राजनीतिक इस्तेमाल करना चाहता है। क्या इसी दिन के लिए शहीदों ने बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि आजसू शहीदों के वंशजों पर लाठी चार्ज को बर्दाश्ता नहीं करेगा। सुदेश सिदो-कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद सोमवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लाठी-डंडे के जोर पर काम करना बंद करे और हूल के यथार्थ को समझने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि सरकार को हूल के मूल आधार को समझना पड़ेगा। क्या हम जल, जंगल और जमीन तथा झारखंडी अस्मिता को बचा पा रहे हैं। हूल के मूल को स्थापित करने की कोशिश करें मुख्यमंत्री सुदेश ने कहा कि यदि हेमंत सोरेन में राजनीतिक इच्छाशक्ति और क्षमता है तो उन्हें कोशिश करना चाहिए कि हूल के मूल को स्थापित करने की कोशिश करनी चाहिए। पार्टी प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि हूल पर सिर्फ राज्य सरकार या झामुमो का एकाधिकार नहीं है।

### उपायुक्त और डीआईजी ने सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**रांची :** संताल हूल दिवस पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को कांके रोड स्थित सिद्धो-कान्हू पार्क में वीर शहीद सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ न्याय और अधिकार के लिए वीर शहीद सिद्धो-कान्हू की ओर से लड़ी गई लड़ाई हमारे लिए आदर्श हैं, उनके आदर्शों का अनुशरण करते हुए हमें समाज का निर्माण करना है। वहीं डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने भी वीर शहीद सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

### राज्य सरकार लूट रही है संपदाएं, बाहरी तत्वों के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष : जेएलकेएम



**रांची :** हूल दिवस के अवसर पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने सिद्धो-कान्हो पार्क, रांची में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और नमन किया। आदिवासी नृत्य संगीत से सराबोर सभी लोगों ने सिदो, कान्हू, चांद, भैरव, फूलो-झानो के जयघोष के साथ सांस्कृतिक वेशभूषा में उत्सव मनाया। इस दौरान जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि हूल दिवस हमारे लिए सिर्फ इतिहास की स्मृति नहीं, बल्कि निरंतर संघर्ष की प्रेरणा है। 1855 में भोगनाडीह से शुरू हुआ आदिवासी आंदोलन आज भी जल, जंगल, जमीन की रक्षा और बाहरी तत्वों के खिलाफ जारी है। आज की सरकारें आदिवासी-मूलवासी अधिकारों को कमजोर कर, प्राकृतिक संसाधनों की लूट में सहभागी बन रही हैं। हमारा संघर्ष इन्हीं षड्यंत्रों के खिलाफ है।

### जल, जंगल और जमीन को बचाने की सबसे बड़ी लड़ाई थी हूल क्रांति : रंजन




**रांची :** हूल दिवस के अवसर पर प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल ने सोमवार को सिदो-कान्हो पार्क, मोरहाबादी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर सिदो-कान्होर, चांद-भैरव, फूलो-झानो जैसे वीर योद्धाओं को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कि यह लड़ाई केवल अंग्रेजों की हुकूमत के खिलाफ नहीं थी, बल्कि यह जल, जंगल और जमीन को बचाने की सबसे बड़ी लड़ाई थी। उन्होंने कहा कि सिद्धो-कान्हो और फूलो-झानो की यह क्रांति भारत की पहली जनक्रांति थी, जिसने शोषणकारी व्यवस्था को ललकारा। फूलो और झानो दो बहनें थीं जिन्होंने वर्ष 1855 में हूल आंदोलन के दौरान न केवल अपने समाज का नेतृत्व किया, बल्कि हाथ में कुल्हाड़ी लेकर अत्याचारियों के खिलाफ मोर्चा खोला। उनकी बहादुरी ने यह सिद्ध कर दिया कि यह सिर्फ पुरुषों की लड़ाई नहीं थी, बल्कि आदिवासी महिलाओं ने भी बराबर की भूमिका निभाई।

### हूल दिवस पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने सिद्धो-कान्हो को दी श्रद्धांजलि

**रांची:** हूल दिवस के अवसर पर सोमवार को रांची स्थित सिदो-कान्हो पार्क में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों के संयुक्त मंच की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मजदूर, कर्मचारी, किसानों के प्रतिनिधि, छात्र-युवा कार्यकर्ता शामिल सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत 1855 के हूल विद्रोह के महान योद्धाओं सिद्धो-कान्हो और अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। मौके पर वक्ताओं ने हूल विद्रोह को साम्राज्यवाद विरोधी, जमींदारी विरोधी, कंपनी राज विरोधी पहला सशस्त्र जनविद्रोह बताते हुए कहा कि आज फिर से सत्ता और पूंजी के गठजोड़ के खिलाफ, श्रमिकों और किसानों को उसी आत्मबल और एकता की जरूरत है। इसके बाद मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं की प्रतीकात्मक प्रतिलिपि को आग के हवाले किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह श्रम संहिताएं मजदूरों को उनके ऐतिहासिक अधिकारों से वंचित कर, पूंजीपतियों के मुनाफे को संरक्षण देती हैं। यह नई औपनिवेशिक गुलामी थोपने का प्रयास है।

# शराब घोटाला में आरोपित विनय सिंह को फिलहाल कोर्ट से राहत नहीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** शराब घोटाले में आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे के करीबी और रांची के प्रसिद्ध ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस मामले में आज एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। इसमें एसीबी ने केस डायरी जमा करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने एसीबी के इस आग्रह को स्वीकार कर लिया। साथ ही अदालत ने विनय सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई है। एसीबी विनय सिंह के खिलाफ पूर्व में वारंट ले चुका है। शराब घोटाला की जांच में एसीबी ने विनय सिंह को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन विनय सिंह अब तक एसीबी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड में एसीबी शराब घोटाला की जांच कर रही है। यह मामला 38 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले से जुड़ा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मामले में विनय कुमार चौबे एवं गजेंद्र सिंह, सुधीर कुमार दास, सुधीर कुमार और नीरज कुमार सिंह सहित एक छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार किया था। फिलहाल सभी न्यायिक हिरासत में है।

# हूल दिवस पर मजदूर-किसान एकता का प्रदर्शन, लेबर कोर्ड रद करने की उठी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में सिदो-कान्हू पार्क में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों के संयुक्त मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों और किसानों ने एकजुट होकर सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया। कार्यक्रम में मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं की प्रतीकात्मक प्रतिलिपि को आग के हवाले किया गया। उपस्थित जनसमूह ने लेबर कोड रद्द करो और मजदूर-किसान एकता ज़िंदाबाद के नारे लगाए. वक्ताओं ने कहा कि आज भी सत्ता और पूंजी के गठजोड़ के खिलाफ मजदूरों और किसानों को एकजुट होने की जरूरत है। वक्ताओं ने कहा कि श्रम संहिताएं मजदूरों को उनके ऐतिहासिक अधिकारों से वंचित कर रही हैं और पूंजीपतियों के मुनाफे को संरक्षण दे रही हैं। उन्होंने कहा कि यह एक नई औपनिवेशिक गुलामी थोपने का प्रयास है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह केवल कानून का दहन नहीं है, बल्कि एक व्यापक आंदोलन की चेतावनी है। उन्होंने 9 जुलाई को प्रस्तावित देशव्यापी मजदूर हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को एक्टू के शुभेंदु सेन, मोहन दत्ता, सीटू के अनिर्बान बोस, प्रतीक मिश्रा, एटक के सच्चिदानंद मिश्रा, किसान सभा के सुखनाथ लोहरा, बीरेंद्र कुमार, बेफी के केआर चौधरी ने संबोधित किया।

# उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर ने सीबीआई कोर्ट में सरेंडर किया पासपोर्ट



**रांची :** मनी लॉन्ड्रिंग और माइंस घोटाला के आरोपित उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर ने सोमवार को रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट में अपना पासपोर्ट सरेंडर कर दिया। पिछले दिनों उन्होंने विदेश यात्रा के लिए कोर्ट से अपना पासपोर्ट विमुक्त कराया था। विदेश यात्रा से वापस आने के बाद उन्होंने अपना पासपोर्ट वापस कोर्ट के जमा कर दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ से जुड़े आयरन ओर केस में चार्जशीट दायर की है। उषा मार्टिन ग्रुप और उसके अधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर की खदान में गड़बड़ी करने को लेकर शुरूआत में सीबीआई ने केस दर्ज किया था। इसे टेकओवर करते हुए दो अक्टूबर 2021 को ईडी ने भी प्राथमिकी दर्ज की थी। यह केस घाटकुरी माइंस में लीज से ज्यादा आयरन ओर के खनन से जुड़ा है। इसी मामले में उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया सहित अन्य लोग आरोपित हैं।

# सिद्धो- कान्हो के नाम पर देवघर एयरपोर्ट का नाम करे केंद्र : कमलेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने देवघर एयरपोर्ट का नाम राज्य के वीर सपूतों के नाम पर करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह कोलकाता एयरपोर्ट का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस, पटना का जयप्रकाश नारायण ओडिशा के दो मुख्य हवाई अड्डों का नाम बीजू पटनायक और वीर सुरेंद्र साई के नाम पर रखा गया है। उसी तरह संथाल परगना में बने देवघर हवाई अड्डे का नाम वहां के वीर सपूतों के नाम पर होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वक्फ बिल संशोधन के मामले में भाजपा समाज में मतभेद पैदा करने और बांटने एवं नफरत फैलाना चाहती है। वक्फ बिल मुस्लमानों को उनके व्यक्तिगत कानूनों और संपति अधिकारों से वंचित करने का एक हथियार है। यह बिल संविधान पर हमला है। यह कदम सिर्फ मुस्लमानों को निशाना बनाकर किया जा रहा है, लेकिन भविष्य में इसका इस्तेमाल अन्य समुदायों के खिलाफ भी किया जाएगा। यह बिल संविधान मे आर्टिकल 25 के तहत दिए गए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड की संपतियों पर कब्जा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री ने लोकसभा में वक्तव्य दिया था वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ कोई अपील नहीं हो सकती थी की जो सरासर झूठ था। वक्फ एक्ट 1995 की धारा 83 (9) के तहत हाईकोर्ट में अपील की जा सकती है। इससे यह साफ पता चलता है कि यह बिल मुस्लिम समुदाय के खिलाफ एक राजनीतिक एजेंडा है। संविधान की धारा 26 धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है लेकिन इस बिल के जरिये सरकार मुस्लमानों के धार्मिक स्थलों को निशाना बना रही है। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि देश में सामाजिक समरसता को बिगाड़ने का काम केंद्र सरकार कर रही है। यह देश की खूबसूरती है कि लोकसभा में अल्पसंख्यक समुदाय के सिर्फ 24 सांसद हैं, लेकिन वक्फ बिल का विरोध धर्म से ऊपर उठकर 232 सांसदों ने किया है। लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत के दुरुपयोग की जब चर्चा होगी तब इसका उदाहरण वक्फ बिल होगा। वहीं प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि भाजपा के प्रवक्ता की ओर से दिया गया बयान समाज के सामने झूठ की थाली सजा कर रखने के समान है। यदि जफर इस्लाम में ताकत है तो इमरान प्रतापगढ़ी के साथ आमने-सामने बैठकर वक्फ बिल पर चर्चा कर लें। मौके पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, प्रवक्ता सोनाल शांति, जगदीश साहू और राजन वर्मा उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगाराम अस्पताल पहुंचे महाधिवक्ता राजीव रंजन शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी



**रांची:** राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने दिल्ली के गंगाराम अस्पताल पहुंचकर झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की और शिबू सोरेन का हालचाल जाना। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उल्लेखनीय है कि शिबू सोरेन बीते कुछ दिनों से दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनके स्वास्थ्य को लेकर राज्य में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चिंता का माहौल है।

### गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए मंच ने किया रूद्राभिषेक



**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष शिबू सोरेन के जल्द स्वास्थ होने की कामना को लेकर सोमवार को अबुआ अधिकार मंच की ओर से रांची के पहाड़ी बाबा मंदिर में रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। मौके पर अबुआ अधिकार मंच के संयोजक नीरज वर्मा ने कहा कि गुरुजी सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं। हम सब उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। पूरा राज्य उनके जल्द स्वस्थ होकर लौटने की प्रतीक्षा कर रहा है। मौके पर श्रद्धालुओं और मंच के सदस्यों ने भोलेनाथ की विशेष पूजा कर दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती गुरुजी के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मोके पर आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत रूद्राभिषेक संपन्न कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन में भक्तिभाव का माहौल देखने को मिला। मौके पर अबुआ अधिकार मंच के सदस्य सुनील यादव, विश्वास उरांव, संजय लकड़ा, सुरेंद्र पासवान, गौतम सिंह, नीरज वर्मा, वेदांत और नीतीश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### तीन दिवसीय सावन महोत्सव का आयोजन नौ जुलाई से



**रांची:** अग्रवाल सभा महिला समिति के तत्वावधान में आगामी नौ से 11 जुलाई तक महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय सावन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर पोस्?टर का विमोचन किया गया। मेले में महिला उद्यमियों को मंच प्रदान कर उनके उत्पादों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। यह जानकारी महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि अग्रवाल सभा महिला समिति पिछले 25 वर्षों से इस तरह के आयोजन के माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहित करती आ रही है। महोत्सव के प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को अग्रसेन भवन में पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न राज्यों की कलाकृतियां, नवीनतम डिजाइन की राखियां, सलवार-सूट, कलात्मक साड़ियां, बेडशीट, अचार, पापड़, मुरब्बा सहित कई घरेलू और सजावटी सामग्री उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के मंत्री अनिल कुमार, रामाशंकर बगड़िया, समिति की कई सक्रिय सदस्य गीता डालमिया, नैना मोर, मधु शराफ, रीना सुरेखा, बबीता नारसरिया सहित अन्य मौजूद थे।

### जनहित के कार्यो को लेकर पूरी तरह समर्पित है हेमंत सरकार : दीपिका



**रांची:** ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार जनहित के कार्यों में पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ दे रही है। मंत्री ने यह बातें सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कही। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना और सावित्रीबाई फुले छात्रवृत्ति योजना जैसे कल्याणकारी कार्यक्रम समाज के हर वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंच रहे हैं और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। ये योजनाएं केवल राजनीतिक घोषणाएं नहीं, बल्कि जन-जीवन को बेहतर बनाने की ठोस पहल है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि गरीब, महिला, किसान और युवा आत्मनिर्भर बनें और उन्हें उनके अधिकार मिलें। मंत्री ने कहा कि किसानों को कर्ज माफी और बिजली बिल में राहत देने का निर्णय ऐतिहासिक है। इससे उन्हें आर्थिक संबल मिला है और खेती-किसानी को लेकर उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। हमारी सरकार समाज के हर वर्गों को साथ लेकर चल रही है। विकास और न्याय हमारा संकल्प है। आने वाले समय में और भी योजनाएं शुरू की जाएंगी। ताकि, झारखंड के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच सके।

एक नजर

## हूल दिवस के अवसर पर झामुमो ने किया बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण

**मरकच्चो /कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के तत्वाधान में दिन सोमवार को समय 11:00 बजे मरकच्चो प्रखंड के भगवान बिरसा मुंडा कानीकेंद मैदान के पास हूल दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर झामुमो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे एवं पार्टी कार्यकर्ता के द्वारा माल्यार्पण के साथ पुष्प अर्पित किया गया। हूल दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने कहा कि इस देश आजादी के लिए वर्ष 1855 ई. में सिदो-कान्हु के नेतृत्व में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संथाल के बिगुल फुक कर साहिबगंज स्थित भोगनाडीह में विद्रोह किया था। इस दिन 20 हजार लोगों ने अपना बलिदान दिया था। इस देश की आजादी के लिए भगवान बिरसा मुंडा तिलका मांझी चांद भैरव, फूलों झानो के अलावे अन्य वीर शहीदों ने अपना बलिदान दिया है इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह भारत देश वीर शहीदों की एवं संघर्ष एवं बलिदानों की भूमि है। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य गंगा प्रसाद यादव, बैजनाथ मेहता, संजय पांडेय, अशोक कुमार, संजय सजान मोहम्मद, कुड़दुस दिवाकर तिवारी, दीपक सोनी , प्रदीप चौधरी इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने चेकपोस्ट के समीप मवेशी से लदा पिकअप जब्त, तीन गिरफ्तार



**कोडरमा :** पुलिस ने बाघीटांड़ चेकपोस्ट के समीप सोमवार के अहले सुबह 6 बजे 14 मवेशी व 4 बछड़ा लदा दो पिकअप को पकड़ा गया। दोनों वाहनों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नवादा की ओर से दो पिकअप में गौवंश लेकर कोडरमा के रास्ते पश्चिम बंगाल ओर लाया जा रहा है। जिसके बाद बाघीताड़ चेकपोस्ट के समीप जांच लगाया गया। जहां दोनों वाहनों को रोकर देखा गया जिसमें चार बछड़ा समेत कुल चौदह गौवंश लदा था। दोनों वाहनों में दो चालक समेत एक अन्य को गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार लोगों में मकसूद खान उम्र करीब 45 वर्ष पिता स्व समीम खान एवं साबिर कुरेशी उम्र करीब 26 वर्ष पिता सोहराब कुरैशी दोनों ग्राम-थाना बिक्रमगंज जिला रोहतास निवासी एवं राकेश कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता राजेंद्र चौधरी ग्राम इब्राहिमपुर थाना किंज जिला अरवल बिहार निवासी के नाम शामिल हैं।1 जुलाई को ब्लड डोनेशन कैंप एवं डॉक्टर्स डे पर जिले के डॉक्टर को सम्मानित करेगी रोटरी क्लब कोडरमा

रोटरी क्लब कोडरमा के पब्लिक रिलेशन डायरेक्टर सह मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने कहा कि 1 जुलाई रोटरी क्लब कोडरमा के नए सत्र 25 -26 का प्रथम दिन है।

## हूल दिवस पर झामुमो ने सिद्धो-कान्हू को दी श्रद्धांजलि

**रांची:** हूल क्रांति दिवस के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला समिति की ओर से सोमवार को कांके रोड स्थित सिदो-कान्हू उद्यान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। साथ ही सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके शौर्य और बलिदान को नमन किया गया। मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि सिदो, कान्हू, चांद, भैरव, फूलो और झानो जैसे वीरों के अद्भुत संघर्ष ने न सिर्फ अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी, बल्कि झारखंड के आदिवासी समाज को आत्मगौरव और अस्मिता से जोड़ने का काम किया।

# बालीडीह पुलिस ने सुंदरम स्टील कंपनी से स्पंज आयरन चोरी का किया उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बालीडीह औद्योगिक क्षेत्र स्थित सुंदरम स्टील कंपनी से स्पंज आयरन की चोरी का मामला सामने आया है। कंपनी के मालिक अनुराग सिंघानिया द्वारा 28 जून 2025 को बालीडीह थाना में दिए गए एक लिखित आवेदन में आरोप लगाया गया कि कंपनी के ही कुछ स्टाफ लंबे समय से योजनाबद्ध ढंग से स्पंज आयरन की चोरी कर बाजार में बेच रहे हैं, जिससे कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आवेदन के आधार पर थाना में कांड संख्या 214/25, धारा 306/351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया गया। जांच के क्रम में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त गोपाल भंडारी और मुकेश रवानी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपने अपराध को स्वीकार करते हुए खुलासा किया कि चोरी की गई स्पंज आयरन को टुंडी, धनबाद स्थित एक कबाड़ी दुकान में छिपाकर रखा गया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर कार्रवाई करते हुए टुंडी बाजार से चोरी गई 13,730 किलोग्राम स्पंज आयरन पिलेट्स बरामद की। साथ ही, इस गोरखधंधे में शामिल तीसरे आरोपी काशीनाथ रवानी उर्फ रोहित रवानी को भी टुंडी बाजार से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि नवंबर महीने से यह गिरोह सक्रिय था। कांटा मशीन ऑपरेटर गोपाल भंडारी की मिलीभगत से ट्रकों में अधिक मात्रा में माल लोड कर उसे कम वजन का दिखाया जाता था। इसके लिए कांटा करते समय वाहन का चक्का आगे बढ़ा दिया जाता था ताकि स्केल पर कम वजन दिखे। इसके बाद अतिरिक्त माल को टुंडी ले जाकर कबाड़ी दुकानों में स्टॉक कर बेच दिया जाता था। पुलिस ने इस मामले में जिन सामानों को जब्त किया है, उनमें दो ट्रक शामिल हैं – एक ट्रक (एन एल 01 एबी - 4580) में 75 टन लोड को 67 टन बताया गया था, जबकि दूसरे ट्रक (जे एच 09ए एक्स-3629) में 81 टन लोड को 72 टन बताया गया। इसके अलावा टुंडी बाजार स्थित काशीनाथ रवानी की कबाड़ी दुकान से 13,730 किलोग्राम स्पंज आयरन पिलेट्स और 20,000 रुपये नकद जब्त किए गए। आरोपी गोपाल भंडारी के जैनामोड़ स्थित किराए के मकान से 26,540 रुपये, कंपनी का एक मोबाइल फोन और कांटा मशीन की पर्चियाँ भी बरामद की गईं। गिरफ्तार आरोपियों में गोपाल भंडारी (32 वर्ष), निवासी सोहनाद, थाना पूर्वी टुंडी, धनबाद; मुकेश गोराई (26 वर्ष), निवासी चितमु, थाना कोटशिला, जिला पुरुलिया; और काशीनाथ रवानी उर्फ रोहित रवानी, निवासी टुंडी बाजार, धनबाद शामिल हैं।

## प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए : अरुण ओझा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** भारत विकास परिषद झुमरी तिलैया कोडरमा की एक आम बैठक बचपन प्ले स्कूल असनाबाद परिषर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने किया। जबकि संचालन सचिव विमल कुमार पचिशीया ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पर्यावरण संरक्षण, परिषद के स्थापना दिवस एवं नए सदस्य बनाने पर विशेष रूप पर चर्चा की गई। बैठक में पर्यावरण कैसे ठीक रखा जाए एवं अधिक से अधिक पौधारोपण को लेकर चर्चा की गई। साथ ही वैसे जगह को चिन्हित करने का निर्णय लिया गया जहां पर पौधारोपण किया जा सके और उसे बड़ा होने तक देखभाल की जा सके। इसके लिए एक टीम बनाई गई। वही पौधारोपण करने के लिए नगर परिषद एवं जिला प्रशासन को हर संभव सहयोग करने का कोई निर्णय लिया गया। इसके अलावा अड्डी बांग्ला दुर्गा मंडप प्रांगण, ब्लॉक स्थित तालाब परिसर, विश्राम बाग में पौधारोपण जल्द से जल्द करने का निर्णय लिया गया गया। इसके अलावा बैठक में भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस 12 जुलाई को बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में मनाने का निर्णय लिया गया । मौके पर भारत को जानो एवं समूह गान प्रतियोगिता को ससमय कराने का भी निर्णय लिया गया। इसके लिए भी एक टीम का गठन किया गया।

## भारतीय डाक विभाग के डिलीवरी सेंटर का भव्य उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** भारतीय डाक विभाग ने आज बोकारो के सेक्टर-2 हेड ऑफिस परिसर में अत्याधुनिक डिलीवरी सेंटर का शुभारंभ किया। इस डिलीवरी सेंटर का उद्घाटन धनबाद के सीनियर सुपरीटेंडेंट ऑफ पोस्ट, श्री उत्तम कुमार सिंह के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**डिलीवरी सेंटर से मिलेगी तेज और समयबद्ध सेवा**

डिलीवरी सेंटर के शुरू होने से अब बोकारो क्षेत्र में डाक वितरण की प्रक्रिया और भी तेज, सुलभ और पारदर्शी हो जाएगी। इससे डाक वितरण में होने वाली देरी लगभग समाप्त हो जाएगी और आम जनता को उनके पत्र, पार्सल, स्पीड पोस्ट आदि समय पर उनके घर तक पहुंच सकेंगे। इस डिलीवरी सेंटर से सेक्टर-3, सेक्टर-4, सेक्टर-6, सेक्टर-9, माराफारी कॉलोनी पोस्ट ऑफिस, चिराचास, बीएस सिटी रेलवे स्टेशन पोस्ट ऑफिस सहित कुल 41 पोस्टमैन जुड़े हैं, जो पूरे बोकारो क्षेत्र में लगभग 15 किलोमीटर के रेडियस में डाक वितरण का कार्य करेंगे। इस शुभ अवसर पर अभिजीत रंजन (एएसपी), सतीश कुमार (पोस्टमास्टर), अमर मिश्रा (पीआरआई), देवेंद्र कुमार, सूरज प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार, दशरथ सिंह, प्रदीप कुमार, गणेश हसदा, शिव किरण, अभिजीत समांथा, रेखा कुमारी, रागिनी कुमारी, पूजा कुमारी, राखी मरांडी, सौरभ, धीरज कुमार, राजीव रंजन, विष्णु कुमार, अनंत लाल शर्मा, अक्षय कुमार सिंह समेत अन्य डाककर्मी उपस्थित रहे।

## गौ रक्षक कुसुम साहू की 400 किलोमीटर पदयात्रा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षक कुसुम साहू ने झरनाकुंड धाम से 21 लीटर जल लेकर सुल्तानगंज की ओर पदयात्रा प्रारंभ की। उनके साथ लड्डू गोपाल, माता-पिता सुरेंद्र साहू और सरिता देवी भी यात्रा कर रहे हैं। कुसुम साहू लगभग 400 किलोमीटर की इस यात्रा के दौरान गंगा जल लेकर बैद्यनाथ धाम, देवघर जाएंगी। इस अवसर पर, विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति झारखंड प्रांत की सह प्रमुख योगाचार्या सुषमा सुमन ने कुसुम साहू को अंग वस्त्र और पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हिंदू सनातन धर्म और पूरे हिंदू संगठन पर गर्व है। कुसुम साहू जैसी बेटियां जो गौ सेवा और गांव की रक्षा के लिए इतना बड़ा कदम उठा रही हैं, हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। गौ रक्षा प्रमुख कुसुम साहू ने यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा, इस यात्रा के माध्यम से हम पांच माताओं - गौ माता, गंगा माता, धरती माता, मातृ शक्ति, और भारत माता का सम्मान करना चाहते हैं। खासकर बेटियों की सुरक्षा और सम्मान की आवश्यकता है। हमें छेड़खानी और बलात्कार जैसी घटनाओं को रोकने के लिए आवाज उठानी चाहिए। इस कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। युवा भारत पतंजलि परिवार के प्रदीप कुमार सुमन ने कहा, धर्म को सुरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। यात्रा का प्रारंभ सभी ने ₹जय घोष बोल बम के नारे लगाते हुए किया और इससे पहले कुसुम साहू के संगठन को समर्थन देने का आश्वासन दिया गया। इस महत्वपूर्ण यात्रा में सभी एसोसिएट्स और हिंदू संगठन के सदस्य शामिल हैं।

## स्कूली बच्चे बच्चियों को निःशुल्क छाता वितरण किया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिला के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत में संचालित सत्यम शिवम सुंदरम +2 उच्च विद्यालय फुलवरिया में निःशुल्क छाता वितरण समारोह का आयोजन 30 जून 2025 दिन सोमवार को किया गया निःशुल्क छाता वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक सुखदेव हजाम,वरिष्ठ शिक्षक आशीष मिस्त्री,प्राचार्य रामकृष्ण मेहता,शिक्षक प्रदीप कुमार मेहता,अरुण कुमार, शिक्षिका ममता कुमारी एवं अभिभावकों के कर कमलों द्वारा वर्ग छठा,सातवां एवं आठवां में नामांकित कुल 60 विद्यार्थी को किया गया.मौके पर अभिभावक सीताराम मेहता,खूबी लाल साव, चंपा देवी, राम जी पंडित, संगीता देवी अनिल मेहता, उषा देवी, चंपा देवी, विनोद यादव, रेखा देवी, दशरथ साव, डॉ मनोज गुप्ता, सुनीता देवी, सुमित्रा देवी ममता देवी,कंचन देवी, कैलाश विश्वकर्मा, कृष्ण पंडित सुनीता देवी, आरती देवी, दरवा देवी, विनोद मेहता, राजेश गुप्ता, ललिता देवी, मुस्तकीम अंसारी, अनिल मेहता, दशरथ मेहता, प्रेम नारायण मेहता सहित सैकड़ो अभिभावक मौजूद रहे।

### हूल दिवस के अवसर पर झाममो ने किया भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण

# यह देश वीर शहीदों की संघर्ष एवं बलिदानों की भूमि है : वीरेंद्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो/कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के तत्वाधान में दिन सोमवार को समय 11:00 बजे मरकच्चो प्रखंड के भगवान बिरसा मुंडा कानीकेंद मैदान के पास हूल दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर झामुमो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे एवं पार्टी कार्यकर्ता के द्वारा माल्यार्पण के साथ पुष्प अर्पित किया गया। हूल दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने कहा कि इस देश आजादी के लिए वर्ष 1855 ई. में सिदो-कान्हु के नेतृत्व में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संथाल के बिगुल फुक कर साहिबगंज स्थित भोगनाडीह में विद्रोह किया था। इस दिन 20 हजार लोगों ने अपना बलिदान दिया था। इस देश की आजादी के लिए भगवान बिरसा मुंडा तिलका मांझी चांद भैरव, फूलों झानो के अलावे अन्य वीर शहीदों ने अपना बलिदान दिया है इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह भारत देश वीर शहीदों की एवं संघर्ष एवं बलिदानों की भूमि है। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य गंगा प्रसाद यादव बैजनाथ मेहता संजय पांडेय अशोक कुमार संजय सजान मोहम्मद कुड़दुस दिवाकर तिवारी दीपक सोनी प्रदीप चौधरी मोहम्मद जावेद केदार यादव अनिल सिंह रामचंद्र सिंह दिलीप कुमार गुप्ता गणेश राय विश्वनाथ राय इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### आजसू पार्टी ने हुल क्रांति के 170वें दिवस पर वीर सिद्धो-कान्हू को दी श्रद्धांजलि



**कोडरमा :** आजसू पार्टी द्वारा आज हुल क्रांति के 170वें वर्ष के अवसर पर हुल क्रांति के महानायक वीर सिधो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आई टी आई मोड़ स्थित सिधो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने वीर सिधो-कान्हू के बलिदान को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने कहा, सिधो-कान्हू हुल क्रांति के नायक थे जिन्होंने अंग्रेजी शासन की नींव को हिला दिया। उनका बलिदान झारखंडी स्वाभिमान का प्रतीक है। आज हमें उनके विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। पार्टी के केंद्रीय सचिव अश्विनी महतो ने कहा, हुल क्रांति कोई सामान्य विद्रोह नहीं था, बल्कि यह आदिवासी समाज की चेतना और अधिकारों की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक आंदोलन था। आज की पीढ़ी को उनके संघर्ष से सीखने की जरूरत है। जिला उपाध्यक्ष अनिल झा ने कहा, सिधो-कान्हू ने अन्याय और शोषण के खिलाफ जो बिगुल फूंका था, वह आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। आजसू पार्टी हमेशा उनके सिद्धांतों पर चलकर झारखंडी समाज के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करती रहेगी। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष अशोक महतो, जिला सचिव विकास महथा, मिथलेश महतो, अभय शर्मा,तापेश महतो, गोपी नाथ महतो, बिरेंद्र हरि, मोहित सिंह, लखिन्दर महतो, भृगु महतो, बंकिम चन्द्र महतो, अर्जुन महतो, दिनेश महतो, युधिष्ठिर हाजरा, अजीत पांडे, मुन्ना ओझा आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## पुलिस ने डाक सेवा की गाड़ी से 85 पेटी विदेशी शराब जब्त की, चालक गिरफ्तार



**बोकारो :** जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब तस्करों की साजिश को नाकाम कर दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर बालीडीह पुलिस ने डाक सेवा की गाड़ी को रोका और तलाशी में उसमें से 85 पेटी विदेशी शराब बरामद की, जो पंजाब निर्मित विभिन्न नामचीन ब्रांडों की थी। यह शराब बिहार भेजी जा रही थी। पुलिस ने मौके पर ही गाड़ी को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि शराब की यह खेप अवैध रूप से ले जाई जा रही थी और पुलिस को भ्रमित करने के लिए डाक सेवा की गाड़ी का इस्तेमाल किया गया था। चालक रास्ते में कई बार लोकेशन बदलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस की सतर्कता से वह पकड़ा गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और आशंका जताई जा रही है कि इस तस्करी के पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है। बालीडीह पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से शराब तस्करी के नेटवर्क का एक बड़ा सिरा पुलिस के हाथ लगा है, और आने वाले दिनों में और खुलासे हो सकते हैं।

## कुडमाली भाषा को स्नातकोत्तर व बीएड में शामिल करने की मांग को लेकर 15 जुलाई को निकलेगी पदयात्रा



**बोकारो :** युगदेव माहथा छात्र नेता की अध्यक्षता में आज एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें कुडमाली भाषा को स्नातकोत्तर और बीएड पाठ्यक्रमों में शामिल करने की मांग को लेकर आगामी 15 जुलाई 2025 को पदयात्रा की घोषणा की गई। यह पदयात्रा बिनोद बिहारी महतो जी के समाधि स्थल बीबीएम, बलियापुर से शुरू होकर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय तक जाएगी। छात्र नेता युगदेव माहथा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति को पिछले कई वर्षों से छात्रों द्वारा की जा रही इस मांग के समर्थन में ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि कुडमाली भाषा को उच्च शिक्षा में शामिल करना क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और भाषा संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है। विभिन्न संगठनों और अभिभावकों का मिला समर्थन प्रेस वार्ता में कई अभिभावकों के साथ-साथ विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। समर्थन देने वालों में निमाय महतो (जेबीएसएस), युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय पांडेय, रोहित राय, जावेद अंसारी, अभय मिश्रा, बीपीन कुमार सिंह, मंजेस माहथा, आकाश महतो, अश्विनी महतो, अक्षय प्रजापति, जयराम महतो, लव कुमार, मिथलेश महतो, अजय महतो, राढ़ करम महतो, विक्रम महतो, प्रियंका कुमारी, सुमन कुमारी, अंजू कुमारी, उमा कुमारी, गीता कुमारी, चंदना कुमारी, सुमति कुमारी, सरिता कुमारी, चंदना कुमारी सहित कई अन्य लोग शामिल रहे। युगदेव माहथा ने बताया कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा और छात्रों की एकजुटता से विश्वविद्यालय प्रशासन पर सकारात्मक दबाव बनेगा। उन्होंने सभी छात्रों, अभिभावकों और सामाजिक संगठनों से इस पदयात्रा में शामिल होने की अपील की।

## राज्य सरकार से नाराज आगामी मानसून सत्र में रांची की धरती पर गरजेंगे सहायक अध्यापक



**झुमरी तिलैया :** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक मध्य विद्यालय फुलवरिया डोमचांच में कोडरमा जिला अध्यक्ष श्री बीरेंद्र कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सचिव दामोदर यादव के द्वारा किया गया। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से पारा शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भाग लेकर सब ने वेतनमान सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी बात रखी।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राय ने कहा की आज वक्त है एक-एक पारा शिक्षकों को एकजुट रहने की, यदि वेतनमान लेना है तो अन्यथा वेतनमान तो दूर विभाग के पदाधिकारी का मनोबल इतना ऊंचा हो गया है, वह मनमानी पर उतर आए हैं जिसको मन कर रहा है विभाग से सेवा मुक्त करने का आदेश जारी कर दे रहे हैं और ये माटी की सरकार सब कुछ जानते हुए भी मौन होकर तमाशा देख रही है। ऐसे में इसे अपनी ताकत का एहसास दिलाना होगा। अन्यथा धीरे-धीरे सबको लपेटे में यह विभागीय अधिकारी लेंगे। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद, प्रयागराज, मगध यूनिवर्सिटी से फर्जी बोर्ड/ संस्थान कहने वाले सहायक अध्यापकों के साथ संघ खड़ा है और जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होता है तबतक संघर्ष मोर्चा उनके साथ खड़ी है। संघ इसके लिए संकल्पित है। संघ डीवी वाले के साथ भी संगठन खड़ा है। सभी को अनुभव प्रमाण पत्र मिले इसके लिए संगठन आपके साथ है। सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष 13 जुलाई को बैठक आहुत करेंगे। सभी संकुल कोष को मजबूती प्रदान करे। आगामी दिनों में राज्य कमेटी संघर्ष मोर्चा के द्वारा आंदोलन का बिगुल फूंकने जा रही है। आर पार के मूड में सहायक अध्यापक शीतकालीन सत्र में रांची की धरती पर गरजेंगे। जिसमें कोडरमा जिला की भागीदारी अहम होगी। उन्होंने आह्वान किया कि संघ के द्वारा जब भी बैठक या आंदोलन का आह्वान किया जाता है तो सभी अध्यापक बढ़ चढ़कर हिस्सा ले।

## एस्बेस्टस काटकर चोरों की एंट्री, माई ज्वेलर्स से उड़ाए लाखों के गहने

**बोकारो:** हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 8 राय चौक स्थित ₹माई ज्वेलर्स₹ में रविवार रात फिल्मी अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोरों ने दुकान की छत पर लगे एस्बेस्टस को काटकर अंदर एंट्री ली और वहां रखे कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। दुकान मालिक अभिषेक कुमार के अनुसार, करीब डेढ़ से दो लाख रुपये मूल्य के गहने चोरी हुए हैं, जिनमें 25 चांदी की चेन, 200 ग्राम चांदी की बिछिया, मंगलसूत्र और शोकेस में रखा सोने का हार शामिल है। दिलचस्प बात यह रही कि दुकान में सीसीटीवी कैमरा तो था, लेकिन वह दो दिन पहले वज्रपात के कारण खराब हो गया था। चोरों ने कैमरे की वायरिंग भी उखाड़ दी, जिससे फुटेज का कोई सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस को घटना के सूचना दे दी गई है। लेकिन चोर अब तक फरार हैं। इलाके में दहशत का माहौल है।

## एक नजर

### नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सिमडेगा :** सिमडेगा के कुरडेग थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने बताया कि कुरडेग थाना क्षेत्र निवासी परमानंद प्रधान नामक व्यक्ति के द्वारा एक नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद पीड़िता के परिवार पर काफी सामाजिक दबाव भी बनाया गया। लेकिन पीड़िता के घर वालों में थाने में मामला दर्ज कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी परमानंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सीपीआईएम पार्टी के सक्रिय सदस्य कामरेड शनिचरवा महली का हुआ निधन

**सिल्ली/मुरी :** सीपीआईएम पार्टी के सक्रिय सदस्य कामरेड शनिचरवा महली का अपने ससुराल में ब्रेन हेमरेज होने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। वो कुतरु गांव के रहने वाले थे तथा कुतरू ब्रांच से ही पार्टी का काम करते थे।वे परिवार में पत्नी के अलावे दो नाबालिग पुत्री तथा एक नाबालिग पुत्र छोड़ गए हैं। जो काफी गरीबी में जीवन यापन करते हैं। इससे पार्टी को काफी क्षति हुई तथा पार्टी में शोक कि लहर दौड़ गई। दोपहर बाद उन्हें स्वर्णरेखा नदी के तट पर दफना दिया गया। क्रियाकर्म में पार्टी के लोकल कमिटी सचिव कॉ.अमर महली, दीपक सोनार, अरूण महतो,रवि पद बेदिया, बुधराम महली, तथा चैता महली पार्टी की ओर से शामिल हुए और कहा कि इस शोक की घड़ी में प्राकृतिक उन्हें शांति प्रदान करें और उनके परिवार को दु:ख सहने का साहस दें।

### इटावा में जातिगत उत्पीड़न के खिलाफ संयुक्त मोर्चा का धरना प्रदर्शन

**धनबाद :** सोमवार को अखिल भारतीय ओबीसी, एससी, एसटी एवं माइनॉरिटी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले रणधीर वर्मा चौक पर धरना मोर्चा के प्रदेश महासचिव गोपाल यादव के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद अंतर्गत बकेवर थाना क्षेत्र के दांदरपुर गांव में कथित जातिगत भेदभाव और अत्याचार की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया। मामला उस वक्त सामने आया जब दांदरपुर गांव में भागवत कथा का आयोजन चल रहा था। कथित तौर पर इसी दौरान कुछ स्थानीय दबंगों ने कथा वाचक से उनकी जाति पूछी। जब कथा वाचक ने स्वयं को यादव जाति का बताया, तो कथित उच्च जाति समुदाय के कुछ लोगों ने न केवल अपशब्द कहे बल्कि मारपीट भी की। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए संयुक्त मोर्चा ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि यह घटना संविधान द्वारा प्रदत्त समानता, व्यक्ति की गरिमा और सम्मान के अधिकार का घोर उल्लंघन है। संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है तो उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। साथ ही निर्दोष लोगों की तत्काल रिहाई और दोषियों पर सख्त धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेजने की मांग की गई है। धरना में प्रदेश महासचिव गोपाल यादव, रामप्रवेश यादव,अशोक यादव, प्रमोद कुमार यादव, मनीष कुमार यादव, शिवाजी सिंह यादव,बसंत कुमार यादव, उदय शंकर,सरवन यादव,मिथिलेश कुमार यादव,महेश यादव, संजय विश्वकर्मा नवल प्रसाद समेत अन्य थे।

# ब्रेस्ट कैंसर जांच में क्रांतिकारी साबित होगी मेमोग्राफी मशीन : बिपिन चाचन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बढ़ते खतरे को देखते हुए जांच के लिए रांची सदर अस्पताल में डिजिटल मैमोग्राफी मशीन का रविवार को उद्घाटन किया गया। 'वीनस डीआरवी प्लस' नामक यह अत्याधुनिक मैमोग्राफी मशीन रोटरी क्लब ऑफ रांची ने उपलब्ध कराई है। इसकी कीमत लगभग 45 लाख रुपये है। मशीन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीजी रोटेरियन बिपिन चाचन, फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन, रोटरी अध्यक्ष गौरव बागरॉय, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ विमलेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। क्लब की ओर से अस्पताल को लेटेस्ट कम्प्यूटर सेट एवं 180 लीटर की एक वाटर कूलर मशीन भी गिफ्ट किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चाचन ने कहा कि 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में स्तन कैंसर का जोखिम अधिक होता है। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान से न केवल इलाज सरल होगा, बल्कि जीवन भी बचाया जा सकता है। इसलिए यह मशीन ब्रेस्ट कैंसर के मामले में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी। सिविल सर्जन डॉ कुमार ने कहा कि क्लब के यह कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है। यह मशीन ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में कारगर होगी। समय से बीमारी का पता चलने पर उसका इलाज भी समय से शुरू हो सकेगा। सदर अस्पताल में आधुनिक वेंटिलेटर मशीन एवं मॉर्चरी मशीन का अभाव है। पूर्व अध्यक्ष शाहिद पॉल ने आश्वासन दिया कि क्लब के माध्यम से अतिशीघ्र दो आधुनिक वेंटिलेटर मशीन एवम एक मॉर्चरी मशीन उपलब्ध कराई जायेगी। इसमें दक्षिण कोरिया के रोटरी क्लब सुवोन-नोसोंग डी-3750 ने भी योगदान किया है। अगले तीन वर्षों तक इस मशीन की देखरेख अस्पताल के चिकित्सकों एवं पारामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण देने का भी काम किया जाएगा। रोटरी राँची के प्रवक्ता प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि इस डिजिटल मैमोग्राफी मशीन के लगने के बाद सदर अस्पताल में ब्रेस्ट कैंसर जांच की सुविधा बहुत ही कम दर पर उपलब्ध होगी। 'आयुष्मान भारत' एवं बीपीएल के लाभार्थियों के लिए जांच निःशुल्क होगी। जबकि अन्य लोग सिर्फ 11 सौ रुपये देकर जांच करा सकते हैं। इस अवसर पर डॉ प्रीतयेश प्रणय, रेडियोलॉजिस्ट डॉ अम्बुज, डॉ मुक्ता अग्रवाल, डॉ आरके सिंह, डॉ रश्मि प्रसाद, डॉ शिल्पी तिग्गा, डॉ अखिलेश झा के अलावा क्लब के असिस्टेंट गवर्नर दीपक श्रीवास्तव, भंडारी लाल, मुकेश तनेजा, मनोज तिवारी, सुरेश साबू, रविंदर सिंह चड्ढा, ललित त्रिपाठी, मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## जुबिली कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में सोमवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली तथा पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निदेर्शानुसार 5 जून से 30 जून तक पूरे देशभर में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जुबिली कॉलेज परिसर में एनएसएस स्वयंसेवक शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों द्वारा पौधे लगाए गए। साथ ही इसके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके.एस. झा ने कहा कि मानव और समस्त जीवों के अस्तित्व के लिए पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम पर अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पेड मा के नाम ह्यअभियान एक प्रयास है जो मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दशार्ता है। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बी. रविदास ने कहा कि शुद्ध ऑक्सीजन की उपलब्धता और धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए हर नागरिक को कम से कम पांच पौधे जरूर लगाने चाहिए। उन्होंने युवाओं को इस मुहिम से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. एस.पी. पांडेय, प्रो. टी.के. झा, डॉ. एस.एस. पांडेय, प्रो. बालकृष्ण, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. ए.के. सिंह, एस.पी. दांगी, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. गोपाल विश्वकर्मा, अमित, अशोक, सोनिया, उर्मिला, मानसी, नीलम, डौली, विनोद, प्रदीप, महावीर, नारायण, सोमनाथ सहित दर्जनो स्वयंसेवक मौजूद थें।



## ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाला व्यक्ति हुआ गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा पुलिस ने नशे के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है 34 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ बैजू उरांव ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि कोलेबिरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उसके इलाके में ब्राउन शुगर का काला धंधा चल रहा है। सूचना के आलोक में पुलिस ने जब अनुसंधान शुरू किया तब पुलिस को विगत 13 मई को कोलेबिरा पालकोट रोड निवासी विपिन कुमार नंद के पास से 34 पुड़िया ब्राउन शुगर मिले थे। पुलिस ने उसे उसी वक्त गिरफ्तार कर लिया था। उस वक्त पूछताछ के दौरान अभियुक्त विपिन ने बताया था कि उक्त ब्राउन सुगर वह गुमला से रितेश केशरी, नामक लड़का से खरीदकर लाता है, जिसे कोलेबिरा के प्रशांत बड़ाईक एवं राहुल कुमार को बेचने के लिए देता है। जिसके आधार पर रितेश केशरी, प्रशांत बड़ाईक एवं राहुल कुमार को प्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया। अनुसंधान के क्रम में विगत 14 मई को पुलिस प्रशांत बड़ाईक एवं विपिन कुमार नंद को न्यायिक हिरासत में भेजा था तथा प्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। इसके बाद पुलिस इनको ब्राउन शुगर देने वाले गुमला निवासी रितेश केसरी को भी गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया।

## सम्मान और शुभकामनाओं के साथ सीसीएल ने दी 99 कर्मियों को विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में आज एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जून, 2025 में मुख्यालय में कार्यरत 8 कर्मियों सहित कुल 99 कर्मियों को विदाई दी गई। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में प्रमुख नामों में शामिल हैं वन विभाग से आलोक कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक(पर्यावरण); भूमि एवं राजस्व विभाग से कष्ण झा, महाप्रबंधक(असैनिक); सामाजिक सुरक्षा विभाग से राजीव रंजन शर्मा, महाप्रबंधक (सामाजिक सुरक्षा); वित्त विभाग से सुशील कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक(वित्त); क्रय विभाग से उत्तम कुमार नायक, वरीय निजी सहायक ए-1; गांधीनगर अस्पताल से जितेंद्र कुमार चौधरी(कार्यालय अधीक्षक); सुरक्षा विभाग से आंनद कुमार(वरीय सुरक्षा प्रहरी) एवं लेखा स्थापना विभाग से फरहत जहां(कैट-1)। समारोह में सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक(मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस विशेष फिल्म में कर्मियों ने अपने सेवा काल के यादगार अनुभव साझा करते हुए सीसीएल परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और कंपनी के निरंतर विकास व प्रगति की कामना की। इस दौरान सभी उपस्थित जनों ने कर्मियों के समर्पण और योगदान का हृदय से सम्मान किया।मुख्य अतिथि सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा, सीसीएल परिवार के 99 समर्पित साथियों के सेवानिवृत्त होने पर हम उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## पोल पर काम करते समय करंट लगने से एक सीसीएल कर्मी मौत, एक घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**घाटो :** केदला दो नंबर मैदान में रविवार को करंट के चपेट में आने से दो सीसीएल कर्मी उमेश कुमार महतो पिता स्व. दशरथ महतो एवं तिलक रविदास गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों खंभे पर चढ़कर काम कर रहे थे। तभी अचानक बिजली की सप्लाई चालू हो गई, जिससे दोनों करंट की चपेट में आ गए। इस दौरान उमेश कुमार महतो तार में चिपक गया तो वहीं तिलक रविदास जमीन पर गिर गया। उमेश महतो का दाहिना हांथ बुरी तरह से जल गया तो वहीं तिलक रविदास की कमर में गहरी चोट लगी। इलाज के दौरान तिलक रविदास की मौत हो गई, तो वहीं उमेश कुमार महतो का इलाज जारी है। दोनों सीसीएल हजारीबाग प्रक्षेत्र के केदला भू - गर्भ परियोजना में कार्यरत हैं।



**घटना के संबंध में क्या कहती है प्रबंधन**

घटना के संबंध में प्रबंधन का कहना है कि केदला वाशरी से केदला भू - गर्भ परियोजना के लिए 11 हजार वोल्ट का तार गया हुआ है। मैदान के पास पोल में जंफर लगा हुआ है, जो खराब हो गया था। इसे ठीक करने के लिए रविवार को दोपहर तीन बजे दोनों पोल पर चढ़कर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक वज्रपात होने से इसके चपेट में आने से दोनों जख्मी हो गए।

**घटना के संबंध में क्या कहते है क्षेत्र के लोग**

क्षेत्र के लोग बताते है कि प्रबंधन अपनी गलतियों को छिपाने के लिए वज्रपात का सहारा ले रही है। हल्की बारिश हो रही थी, लेकिन वज्रपात कहीं नहीं। उन्होंने आगे कहा कि महाप्रबंधक को जांच कराकर दोषियों पर कड़ी करवाई करनी चाहिए।

**सुरक्षा में हुई भारी चूक**

न जैकेट, न हेलमेट और न ही हांथ में ग्लब्स पहने हुए दोनों पोल में चढ़कर काम कर रहे थे। उन्हें बिना सुरक्षा के पोल में चढ़कर काम करने की अनुमति किसने दी।

# एनआईटी ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर के विद्युत अभियांत्रिकी एवं कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा युवाओं में कंप्यूटर ज्ञान और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु एक सप्ताहीय कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन 30 जून से 4 जुलाई तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का विशेष उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ना है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार के कर-कमलों से हुआ। उन्होंने बच्चों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में कंप्यूटर का ज्ञान केवल एक तकनीकी आवश्यकता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक के माध्यम से अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के उप-निदेशक प्रो. राम विनॉय शर्मा ने बच्चों को समझाया कि कंप्यूटर और डिजिटल तकनीक उनके जीवन को कैसे सरल, सुलभ और प्रभावी बना सकती है। उन्होंने कहा, गांवों के बच्चे यदि तकनीक से जुड़ें, तो वे भी राष्ट्रीय प्रगति में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। डीन (आर एंड सी) प्रो. सतीश कुमार ने विशेष रूप से बताया की, डिजिटल साक्षरता ही सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है। यह वर्कशॉप बच्चों को वह आत्मबल देगी जिससे वे प्रतिस्पर्धात्मक युग में खुद को साबित कर सकें। इस कार्यक्रम का संचालन और समन्वय प्रो. दिलीप कुमार और प्रो. आलोक प्रियदर्शी द्वारा किया जा रहा है। दोनों संयोजकों ने इस पहल को ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल जागरूकता के लिए एक मील का पत्थर बताया और इस कार्यशाला की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गाँव के हर घर तक जाकर लोगों को व्यक्तिगत रूप से समझाया और प्रेरित किया। उन्होंने स्थानीय भाषा और उदाहरणों के माध्यम से डिजिटल शिक्षा की उपयोगिता को सरलता से समझाया। इस वर्कशॉप में स्थानीय किशोर-किशोरियों को कंप्यूटर की मूल बातें, इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, डिजिटल कम्युनिकेशन, सरकारी सुविधाओं तक ऑनलाइन पहुँच, और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें

### पिता की हत्या करने वाला पुत्र गिरफ्तार



**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले के कुरडेग पुलिस ने लाठी से मारकर अपने पिता की हत्या करने वाली कलयुगी बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने बताया कि कुरडेग थाना क्षेत्र के सांवा टोंगरी टोली में सेलेस्टीन किंडो नामक युवक ने मवेशी बेचने के मामले को उत्पन्न विवाद में अपने पिता सिल्वेस्टर किंडो की लाठी से पीट पीट कर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद मृतिका के पत्नी की फर्द बयान पर कुरडेग थाना में सेलेस्टीन के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आज उसे जेल भेज दी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगी लाठी बरामद कर ली है।

### शेख भिखारी चौक पर नये ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन



**मुरी/सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन शेख भिखारी चौक पर जिला परिषद के पूर्व उम्मीदवार सह समाजसेवी प्रकाश महतो के द्वारा नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। बताते चलें कि शेख भिखारी चौक का ट्रांसफार्मर विगत 15 दिनों से खराब था जिससे मोहल्ला में पूरा अंधकार छाया हुआ था। सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो एवं समाजसेवी प्रकाश महतो के प्रयास से नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था हो पाई। 200 केवि का नया ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर लगवाया। ट्रांसफार्मर के लगते ही लोगों ने राहत की सांस ली और और खुशी जाहिर करते हुए आपस में मिठाइयां बांटी।इधर भारी बारिश के होने से क्षेत्र पूरा अंधेरा में डूबा था और कुटीर उद्योग समेत कई अन्य व्यवसाय ठप हो गया था जिससे लोगों का जीवन यापन करना मुश्किल हो गया था साथ ही बच्चों के पढ़ाई लिखाई में प्रतिकूल असर पड़ रहा था।वहीं प्रकाश महतो ने बताया कि काफी प्रयास के बाद नया ट्रांसफार्मर इटकी से लाया गया। इस मौके पर डिस्को महतो, श्रवण महतो, मुख्तार अली, महबूब, मंजूर, रंजीत महतो सुभाष महतो, लंबु महतो, नायशु मोमिन, मेघा महली समेत दर्जनो ग्रामीण मौजूद रहे।

### भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हुल दिवस मनाया



**अनगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी अनगड़ा मंडल ए सी मोर्चा गौरीशंकर मुंडा की अध्यक्षता में हुल दिवस मनाया गया। मौके पर राम शाय मुंडा ने कहा कि 30 जून को हर वर्ष हूल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस समर्पित है उन वीर संताल आदिवासियों को जिन्होंने अपनी जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र आंदोलन किया था जिसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुनील महतो रांची जिला ग्रामीण मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा महामंत्री राजेंद्र महतो एससी मोर्चा जिला महामंत्री संजय नायक युवा मोर्चा रांची जिला ग्रामीण कार्य समिति सुप्रेश कुमार महतो सोनाराम महतो महेश ठाकुर रवि महतो प्रशांत कुमार शामिल हुए।

### लायंस क्लब भुरकुंडा का राज नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर संपन्न



**भुरकुंडा :** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के द्वारा सोमवार को भुरकुंडा ट्रेकर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, इलेक्ट अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, आज के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन विजयंत कुमार तथा जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, इलेक्ट अध्यक्ष अशोक सिन्हा, लायन सोनाराम मांझी, लायन विजयंत कुमार और मो. मुमताज सहित कई सदस्यों ने रक्तदान किया। रामगढ़ सदर अस्पताल की डॉक्टर रेनू, उपेंद्र साहू, संजू कुमारी, शिवानी तेंदुला आदि लैब टेक्नीशियनों की टीम ने 20 यूनिट रक्त संग्रहण किया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने कहा कि आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम में लायंस क्लब रामगढ़ के लायन एचएन सोंधी, लायन राजा, अजीत अग्रवाल, लायन परशुराम उपाध्याय और मनीष चोपड़ा की मुख्य रूप से उपस्थित थें। शिविर को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन डॉ. राजेंद्र महतो (एमजेएफ), जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, एमजेएफ संजय जायसवाल, लायन विजयंत कुमार, डॉ. एमके मंजुल, सोनाराम मांझी, रेखा मंजुल, निर्मल अग्राल, सूबेदार एचएन यादव, दीनबंधु सिंह, विजय वर्णवाल, भूपेंद्र सिंह सैनी (जीबु), रमेश अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, विमल यादव, रेणु जायसवाल, राजेश अग्रवाल, अजय सिंह सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### भुरकुंडा में यदुवंशी परिवार की हुई बैठक, 16 को भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय



**भुरकुंडा :** सुंदरनगर पंचायत भवन में सोमवार को यदुवंशी परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों ने एकजुट होकर तैयारी शुरू करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से गिरधारी गोप, रामबिलास यादव, धनंजय यादव, एचएन यादव, संतोष यादव, वीरेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, संजय यादव, कुलदीप यादव, शंकर यादव, बैजनाथ यादव, प्रदीप यादव, नन्द जी यादव, कवि राय, सुभाष यादव, अवधेश यादव, संजीत यादव, अनु यादव, टुनटुन यादव, कन्हैया सिंह यादव, राजकुमार यादव और जय यादव उपस्थित थें।

# प्रयागराज में दलित बच्चियों का धर्म बदलकर आतंकवादी बनाने की साजिश का बड़ा खुलासा

उत्तर प्रदेश का प्रयागराज जो एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर है,उसमें हाल ही में एक सनसनीखेज और चिंताजनक घटना के कारण सुर्खियों में आया है। पुलिस ने एक खतरनाक साजिश का पदार्फाश किया है, जिसमें दलित नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर उनका धर्म परिवर्तन कराने और उन्हें आतंकवादी गतिविधियों में शामिल करने की योजना थी। इस मामले ने न केवल स्थानीय समुदाय को झकझोर दिया है, बल्कि पूरे देश में सामाजिक और धार्मिक संवेदनशीलता पर सवाल उठाए हैं। यह सनसनीखेज मामला तब सामने आया जब प्रयागराज पुलिस को सूचना मिली कि फूलपुर इलाके में एक दलित नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसे पहले दिल्ली और फिर केरल ले जाया गया। जांच में पता चला कि इस अपहरण के पीछे एक सुनियोजित साजिश थी, जिसका उद्देश्य नाबालिग लड़कियों को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करना और उन्हें आतंकवादी संगठनों में भर्ती करना था। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और लड़की को सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। आरोपियों ने कथित तौर पर लड़की को बहला-फुसलाकर पहले दिल्ली ले गए, जहां उसे मानसिक रूप से प्रभावित करने की कोशिश की गई। इसके बाद उसे केरल ले जाया गया, जहां उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराने और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल करने की योजना थी। इस साजिश में शामिल लोगों ने नाबालिगों को निशाना बनाया, क्योंकि उन्हें लगता था कि कम उम्र की लड़कियां आसानी से प्रभावित हो सकती हैं। जांच से पता चला कि यह गिरोह विशेष रूप से दलित समुदाय की नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाता था। इन लड़कियों को पहले लालच देकर या भावनात्मक रूप से प्रभावित करके अपने जाल में फंसाया जाता था। इसके बाद, उन्हें उनके परिवारों से दूर ले जाकर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला जाता था। इस साजिश का अंतिम लक्ष्य इन लड़कियों को आतंकवादी संगठनों के लिए तैयार करना था, ताकि वे जिहादी गतिविधियों में शामिल हो सकें। यह खुलासा न केवल सामाजिक दृष्टिकोण से गंभीर है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी एक बड़ा खतरा है। प्रयागराज पुलिस ने इस मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की। सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और अपहरण के कुछ ही समय बाद लड़की को केरल से बरामद कर लिया। इस ऑपरेशन में शामिल पुलिसकर्मियों ने अपनी सूझबूझ और तत्परता से एक बड़े खतरे को टाल दिया। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों से पूछताछ जारी है, और पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इस साजिश में और कौन-कौन शामिल हो सकता है। पुलिस का मानना है कि यह एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा हो सकता है, जिसके तार देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े हो सकते हैं। इस घटना ने सामाजिक और धार्मिक स्तर पर कई सवाल खड़े किए हैं। दलित समुदाय, जो पहले से ही सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, अब इस तरह की साजिशों का शिकार बन रहा है। यह घटना समाज में विश्वास की कमी को और गहरा सकती है। साथ ही, धर्म परिवर्तन जैसे संवेदनशील मुद्दे पर यह मामला एक नई बहस को जन्म दे सकता है। कई संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं ने इस घटना की निंदा की है और सरकार से ऐसी साजिशों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है।अब देखना यह है हर समय ओबीसी और पीडीए का राग अलापने वाले नेता इस मसले पर कुछ बोलते हैं या फिर तुष्टिकरण की सियासत के चलते पहले की तरह इस समय भी मुंह बंद रखेंगे।

# रोगी के लिये स्वस्थ जीवन की मुस्कान देते हैं डॉक्टर्स

**ललित गर्ग**



स्वस्थ जीवन हर किसी की सर्वोच्च जीवन प्राथमिकता होता है। कहा भी गया है कि, 'सेहत सबसे बड़ी पूंजी' है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन को सही तरह से एन्जॉय करते हुए उसे सफल एवं सार्थक बना सकता है और इसमें डॉक्टर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। छोटी-बड़ी हर तरह की बीमारियों को डॉक्टर्स की मदद से ठीक किया जा सकता है। शायद इसलिए ही इन्हें भगवान का दर्जा मिला हुआ है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस प्रसिद्ध डॉक्टर और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र राय के सम्मान में मनाया जाता है। वैसे तो दुनियाभर के अलग-अलग देशों में डॉक्टर्स डे को अलग-अलग दिन मनाया जाता है, लेकिन भारत में इस दिन को 1 जुलाई को इसलिये मनाया जाता है क्योंकि 1 जुलाई 1882 में भारत के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ. राय का जन्म हुआ था और उनका निधन भी 1 जुलाई को ही साल 1962 में हुआ था। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के मकसद से डॉक्टर्स डे मनाने की शुरूआत की गई थी। यह दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हुए हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं।

2025 की थीम है 'मास्क के पीछेः देखभाल करने वालों की देखभाल' उन लोगों की देखभाल की आवश्यकता को उजागर करती है जो हमारी देखभाल करते हैं। यह थीम इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करती है कि दूसरों की सेवा करते समय, डॉक्टर अक्सर अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हैं। इस थीम का उद्देश्य बेहतर कार्य परिस्थितियां, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और समाज से उनके लिए उचित सम्मान सुनिश्चित करना है। बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश में डॉक्टर्स द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। एक डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करते हुए आशा नहीं खोता-वह हर चुनौती का जोरदार मुस्कान के साथ सामना करता है, चाहे परेशानी एवं बीमारी कितनी भी गंभीर क्यों न हो।

वास्तव में डॉक्टर्स की निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनते हैं और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। डॉक्टर्स डे डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है। डॉक्टर्स न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है। सामान्य चिकित्सकों से लेकर विशेषज्ञों और सर्जनों तक, यह दिन उन सभी का सम्मान करता है जिन्होंने उपचार और सेवा करने की शपथ ली है। इस दिवस पर मरीज और समुदाय भी कृतज्ञता और आशा की कहानियां साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। जैसाकि भारत नई सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एक उत्सव और एक ऐसी प्रणाली बनाने के लिए कार्रवाई का आह्वान है, जहां डॉक्टरों को न केवल देखभाल करने वाले के रूप में सम्मानित किया जाता है, बल्कि बदले में उनकी सुरक्षा, सम्मान और देखभाल भी की जाती है। डॉक्टर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं जो सिर्फ बीमारी का निदान और उपचार करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। उनके काम में चिकित्सा ज्ञान, चिकित्सा नवाचार, संचार और करुणा का संयोजन शामिल है ताकि रोगियों को पूरी तरह से सहायता मिल सके, नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है।

डॉक्टरों की भूमिकाएं उनके काम करने के स्थान के आधार पर अलग-अलग होती हैं। अस्पतालों में, वे विशेष उपचार या आपातकालीन देखभाल पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। क्लीनिकों और ग्रामीण केंद्रों में, वे अक्सर सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि चिकित्सा सहायता दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक पहुँचे। इन विविध जिम्मेदारियों के माध्यम से, डॉक्टर व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, तथा हर दिन सकारात्मक बदलाव लाते हैं। भारत चिकित्सा नवाचार और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता है। भारत देश केवल एक विशाल आबादी वाला देश नहीं है, बल्कि इसने चिकित्सा-क्रांति को घटित करते हुए दुनिया में चिकित्सा-सेवा के नये दीप प्रज्ज्वलित किये हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है, फिर भी आप इसे बड़ी सहजता से और हमेशा मुस्कुराते हुए करते हैं। हर कोई डॉक्टर नहीं बन सकता क्योंकि हर किसी के पास मरीजों को निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देने के लिए ज्ञान, कौशल और धैर्य नहीं होता।

हर बीमारी के लिये एक एक्सपर्ट होता है। अगर आपको सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार या फिर मौसमी बीमारी ने जकड़ लिया है तो आपको फिजिशिनय या जनरल फिजिशियन से मिलना चाहिए। वहीं आंख, कान, नाक, टॉन्सिल, सिर या गर्दन की समस्या के लिये ईएनटी स्पेशलिस्ट होते हैं। ये साइनस का भी इलाज करते हैं। अगर आपको दिल से जुड़ी कोई दिक्कत है तो कार्डियोलॉजिस्ट के पास जाना बेहतर होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने पर आप इन डॉक्टर के पास जाएं। इसके अलावा अगर आप तनाव में रहते हैं तो साइकोलॉजिस्ट से मिलना होता है। कैंसर की बीमारी के लिये आपको ओन्कोनोजिस्ट के पास जाना चाहिए। अगर आपको आंखों में कोई समस्या है, जलन, खुजली, रेडनेस या इन्फेक्शन से जूझ रहे हैं तो इसके लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास जाएं। प्रेग्नेंसी से लेकर डिलीवरी, या फिर ब्रेस्ट, यूटीआई, पीरयड्स, की समस्या हो रही है तो गायनोकोलॉजिस्ट की मदद लें। दिमागी बीमारी के लिये न्यूरोलॉजिस्ट के पास जाने की सलाह दी जाती है। कई बार सही डॉक्टर से समय पर इलाज न मिलने की वजह से भी बीमारी और बढ़ जाती है। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं मानवीयता जैसे सभी पहलुओं के माध्यम से रोगी की देखभाल करने एवं उनको स्वस्थ बनाने के लिए अनुभवी एवं विशेषज्ञ डाक्टरों की सेवाएं वरदान है। डॉक्टर्स भगवान का रूप होते है, वे ही इंसान के जन्म के पहले साक्षी बनते हैं और उनमें करुणा एवं स्वस्थता का बीज बोते है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ हंसते हुए दे देते हैं, चाहे उनका अपना पारिवारिक सुख हो, करियर हो, जीवन की खुशियां हो या सपने हों, सबकुछ झोंक देते है। डॉक्टर्स अपने सुख-दुख को त्याग कर मरीजों के लिए जीते हैं, समाज को रोगमुक्त रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, कोविड संक्रमण के दौरान डॉक्टर्स ही थे, जो एक योद्धा की तरह हर मुश्किल घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बिना मरीजों के साथ घंटों लगातार ड्यूटी कर रहे थे। कई डॉक्टर्स ने अपनी जान भी गंवा दी। इन डॉक्टर्स के बलिदान को भी आज के दिन याद किया जाता है। डॉक्टरों की सेवाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे बीमारियों का निदान, उपचार और रोकथाम करते हैं, जिससे लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित होता है। वे आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक सहायता प्रदान करते हैं और बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाते हैं। डॉक्टर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के बारे में शिक्षित करते हैं, जिससे वे अपनी बीमारियों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और उनका प्रबंधन कर सकते हैं। डॉक्टर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों को सहायता और उपचार प्रदान करते हैं। डॉक्टर स्वास्थ्य अभियानों और कार्यक्रमों में भाग लेकर समुदायों में स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉक्टर स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का एक अभिन्न अंग हैं और समाज के समग्र कल्याण में योगदान करते हैं। आम दिन हो या महामारियों के खिलाफ जंग, ये डॉक्टर्स बिना किसी डर के सहजता और उत्साह से अपने कर्तव्य का पालन करते हैं। इसलिए नहीं कि यह उनका काम है और उसके लिए उन्हें पैसे मिलते हैं। इसलिए कि वे सबसे पहले दूसरों के स्वस्थ होने और उनकी जान की फिक्र करते हैं, ऐसी मानवीय सेवाएं देने वाले इन डॉक्टर्स रूपी अद्भुत फरिश्तों के सम्मान, कल्याण एवं प्रोत्साहन का चिन्तन अपेक्षित है। उससे निश्चित ही डॉक्टर्स की सेवाएं अधिक सक्षम, प्रभावी एवं मानवीय होकर सामने आयेगी।

# सज्जन और सफल होना काफी नहीं, सामाजिक-राष्ट्रीय चरित्र भी चाहिए

**राजेश पाठक**

देश और धर्म की रक्षा आचरण से भी होती है। समाज और जीवन को दोषरहित-अभाव रहित बनाने में योगदान से भी होती है, वो भले किसी रूप में हो। और सचिन तेंदुलकर ने अपने स्वयं के उदाहरण से दिखाया कि सज्जन और सफल होना काफी नहीं, सामाजिक-राष्ट्रीय चरित्र की झलक भी अपने आचरण में दिखनी चाहिए। देश के वनवासी क्षेत्र किन चुनौतियों के कारण आज सम्पूर्ण देश के लिए खतरा बन गए हैं, इस पर अब कोई बहस बाकी नहीं। और सचिन तेंदुलकर ने राजनीति से दूर इससे निपटने में अपनी भूमिका निश्चित करी। माई देशी फाउंडेशन के साथ मिलकर उनकी संस्था सचिन फाउंडेशन जनजाति बाहुल्य दंतेवाड़ा (बस्तर) से लगे गांवों में 50 नए खेल-मैदान तैयार करने जा रही है, जबकि 20 पहले ही पूरे हो चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत 13 विभिन्न खेलों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की इस पहल ने बच्चों में उमंग की लहर पैदा कर दी है। देश के सूदूर वन-क्षेत्र के जनजाति बंधुओं को माओवाद के चंगुल से निकाल सामाजिक-जीवन की मुख्यधारा में लाने के लिए अनेक योजनाओं पर काम चल रहा है, उनमें से एक यहां के बच्चों को खेलकूद से जोड़ना है।

अमित शाह ने यूं ही नहीं देश को माओवाद से सदा के लिए मुक्त करने का संकल्प लिया है। कुछ वर्ष पूर्व जनजाति बाहुल्य नागालैंड के तत्कालीन गवर्नर ने भारत सरकार को सचेत करते हुए एक रिपोर्ट भेजी, जो कि इन क्षेत्रों की अंदर की असली कहानी बयान करती है । इस रिपोर्ट में उल्लेख था, ये क्षेत्र खनिज संपदा से समृद्ध हैं, जहां देश का 98.5 फीसद क्रोमाइट, 77 फीसद कोबाल्ट, 95 फीसद निकिल और अन्य खनिज पाए जाते हैं। विदेश पोषित माओवादी और अन्य देशविरोधी तत्व नहीं चाहते कि इनके उत्खनन के लिए सरकारी एजेंसियां यहां फटकें भी। इसलिये इस क्षेत्र को सदैव हिंसा की आग में झोंके रखना उनके लिए परम कर्तव्य के पालन करने जैसा है।

2007 में देश की एक ख्याति पत्रिका ने अपनी रिपोर्ट से देश को चौंका दिया था कि कैसे चर्च , माओवादी और बहुराष्ट्रीय कम्पनियां देश की संपदा को हजम करने में जुटी हैं। आगे चल कर धर्मांतरण और इस लूट के विरुद्ध स्थानीय जनजाति-समाज को सेवा-शिक्षा के कार्य से जागृत करने की कीमत इसी समाज के एक हिन्दू संन्यासी लक्ष्मणानन्द सरस्वती को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। उन पर लगातार 10 हमले हुए और ये तब जाकर रुके जब उनकी अपने चार अन्य शिष्यों के साथ जन्माष्टमी वर्ष 2008 में हत्या कर दी गई। हत्या की साजिश ईसाई गतिविधियों के केंद्र ओडिशा के कंधमाल जिले में रची गई थी। जांच में ईसाई प्रचारक और नक्सल-कार्यकर्ता कुल 8 लोग शामिल पाए गए, जिन्हें कोर्ट ने सजा सुनाई।

धर्म आधारित सदाचरण के आधार पर खान-पान-स्नान आदि में सीमित कर केवल स्वयं के शरीर को दोष रहित कर लेने में परमार्थ को देखना अधूरे निष्कर्ष में आबद्ध कर लेने जाने जैसा है। संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत कहते हैं, धर्म केवल पूजा गृह नहीं। धर्म केवल भोजन गृह भी नहीं। हमारी गलती ये हो गई पिछले कुछ वर्षों में हमने धर्म को अपने पूजा घर में , भोजन घर में बंदिश कर दिया। धर्म का स्पष्ट वर्णन हमारी परंपरा में है । धर्म के चार पैर हैंः सत्य, करुणा, शुचिता , तपस। जिसको भी आप धर्म मानते हो उसकी चौखट में बैठना चाहिए। इसके बाहर है तो वो अधर्म है।

जम्मू का चर्चित किस्सा है। एक हरिजन बंधु ने चर्च में शादी की, क्योंकि पादरी उसके घर पर आता-जाता था। फिर मंदिर में दिक्कतें भी आ रहीं थी। और वो फिर भी हिन्दू बना हुआ है। ये ऐसा ही न चलते रहे, आज देश में ऐसे अनेक वैदिक संस्थान संचालित हैं , जिसमें सभी जाति के जिज्ञासु पुरोहित कर्म का प्रशिक्षण पाते हैं। विश्व हिन्दू परिषद ने अनुसूचित जाति- जनजाति के 5000 से ऊपर पुरोहितों को प्रशिक्षित किया है , जिनमें तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से 2000 से भी अधिक हैं।. आज ये अपने-अपने ग्रामों- बस्तियों में पौरोहित्य कर्म को संपन्न कर धर्मान्तरण को रोकने में अपना योगदान दे रहें हैं। इस क्षेत्र में मार्ग प्रशस्त करने वाली सबसे उलेखनीय घटना संघ के प्रचारक श्री माधवन की पहल पर कांची कामकोटि के दिवंगत शंकराचार्य श्री जयेंद्र सरस्वती द्वारा की गई। श्री शंकराचार्य ने गुरुवायुर में चातुर्मास के समय विभिन्न जातियों के 29 लोगों को पुरोहिताई की शिक्षा दी व प्रशिक्षण वर्ग के आखिर दिन 4 हजार लोगों की जनसभा में सबके सामने उन्हें रुद्राक्ष की माला सहित कांची कामकोटि पीठ की अधिकृत मुद्रा से अंकित प्रमाणपत्र प्रदान किया। अब तो इस प्रकार के काम देश के विभिन्न स्थानों में धर्मरक्षा न्यास के माध्यम से निरंतर होते रहते हैं।

शेर भले अपनी ताकत के बल पर इकट्ठे न चला करते हों। लेकिन कई बार जंगली सूअर मिलकर उसका भी शिकार कर लेते हैं। जात-पात में बंटकर अकेले शेर बने रहने की कीमत हमने पाकिस्तान, बांग्लादेश और पिछले दिनों मुर्शिदाबाद में चुकाई है। अच्छे काम और जरूरी काम में भेद को समझ कर भी इस बात को समझा जा सकता है। अकेले व्यक्ति का सक्षम होना या पौरुष युक्त हो जाना अच्छा है। लेकिन काफी नहीं, सम्पूर्ण समाज के द्वारा संगठित रूप से इन गुणों को अर्जित करने की दिशा में बढ़े कदम ही देश के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करते हैं। इस जरूरी काम के कई प्रकार हो सकते हैं। लेकिन इसका एक प्रकार क्या हो सकता है, सचिन तेंदुलकर ने अपने इस कदम से देश को ये बताया है।

देशभक्ति कोई पदवी नहीं, ये सामान्य गुण की तरह एक नागरिक के अंदर अपेक्षित है। फिर ये बोलकर नहीं, कर के दिखाने वाला काम है। और ये कोई ऐसा काम भी नहीं जो केवल सीमा पर खड़े होकर ही सम्पन्न हो। देश का संकट , मेरे परिवार का संकट, ये समाज मेरा , मैं इस समाज का इस एकत्व की भावना के साथ जीवनयापन, हिन्दू के नाते विचार, साथ ही आचरण ही देशभक्ति की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति है। कुछ और नहीं, सदियों से मिले संचित अनुभव का ये सदा स्मरण में रखने वाला निष्कर्ष है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7477

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7476 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# जीवन क्यूट, चिकित्सकों को सैल्यूट

**योगेश कुमार गोयल**

समाज के प्रति चिकित्सकों के समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष देश में एक जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। गंभीर से गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों की जान बचाने का हरसंभव प्रयास करने वाले चिकित्सक वाकई सम्मान के सबसे बड़े हकदार भी हैं। चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनियाभर में चिकित्सक अपनी जान की परवाह किए बिना करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करते नजर आए थे। उस विकट दौर में देश में ड्यूटी के दौरान सैकड़ों चिकित्सकों की मौत हुई थी।

फिर भी चिकित्सक जी-जान से लोगों की जान बचाने में जुटे नजर आए ।कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान तो बहुत से चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ को अपनी छुट्टियां रद्द कर प्रतिदिन लंबे-लंबे समय तक कार्य करना पड़ा था और ऐसे बहुत से चिकित्साकर्मी महीनों-महीनों तक अपने परिवार और छोटे बच्चों से भी दूर रहे थे। हालांकि कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं होती। बिना चिकित्सा व्यवस्था और बिना योग्य चिकित्सकों के इंसान की जिंदगी कैसी होती, इसकी कल्पना मात्र से ही रोम-रोम सिहर जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चिकित्सकों का महत्व सदा से रहा है और हमेशा रहेगा।


चिकित्सक दिवस की स्थापना भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुगार्पुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी।

संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था। वर्ष 1911 में भारत में ही एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपने चिकित्सा कैरियर की शुरूआत की। वे कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षक नियुक्त हुए। वर्ष 1922 में वे कलकत्ता मेडिकल जनरल के सम्पादक और बोर्ड के सदस्य बने। 1926 में उन्होंने अपना पहला राजनीतिक भाषण दिया और 1928 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य भी चुने गए।

डॉ. बिधान चंद्र रॉय ने 1928 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के गठन और भारत की मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई बड़े-बड़े पदों पर रहने के बाद भी वे प्रतिदिन गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज किया करते थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात उन्होंने अपना समस्त जीवन चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया। बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जनता की पहुंच के भीतर लाने के लिए वे जीवन पर्यन्त प्रयासरत रहे। 04 फरवरी 1961 को उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1967 में दिल्ली में उनके सम्मान में डॉ. बी.सी. रॉय स्मारक पुस्तकालय की स्थापना हुई और 1976 में उनकी स्मृति में केन्द्र सरकार द्वारा डा. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की गई। संयोगवश डॉ. रॉय का जन्म और मृत्यु एक जुलाई को ही हुई थी। उनका जन्म 01 जुलाई 1882 को पटना में हुआ था और मृत्यु 01 जुलाई 1962 को हृदयाघात से कोलकाता में हुई थी। चिकित्सा एक ऐसा क्षेत्र है, जिसे केवल आजीविका का साधन मानना इसके व्यापक सामाजिक और मानवीय महत्व को छोटा करना होगा। यह महज एक पेशा नहीं बल्कि समाज की सेवा, पीड़ित मानवता की सहायता और जीवन रक्षा का माध्यम है। एक सच्चा चिकित्सक न केवल बीमार व्यक्ति का इलाज करता है बल्कि उसके परिवार की आशाओं को भी संजीवनी देता है। इसीलिए समाज में डॉक्टरों को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और बदले में उनसे भी सेवा, समर्पण और ईमानदारी की अपेक्षा की जाती है। हालांकि, निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर लापरवाही, अनावश्यक जांचों और अत्यधिक शुल्क वसूली के आरोप भी सामने आते रहे हैं, जिससे कुछ चिकित्सकों की छवि धूमिल होती है परंतु यह भी सच है कि सभी डॉक्टरों को इस दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। आज भी अधिकांश चिकित्सक अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा और करुणा के साथ निभा रहे हैं। वे कठिनतम परिस्थितियों में भी मरीजों को न केवल जीवनदान देते हैं बल्कि उम्मीद और विश्वास की लौ भी जलाए रखते हैं।

## दैनिक पंचांग

**1 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.29 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | सिंह | 08.45 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.57 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.07 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.22 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.38 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.43 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.30 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.03 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मेष | 00.33 बजे से |
| | | वृष | 02.13 बजे से |
| | | मिथुन | 04.11 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 182 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** षष्ठी 10.21 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 08.54 बजे को समाप्त।
**योग** व्यतीपात 17.19 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 10.21 बजे तदनन्तर गर 23.06 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 05.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 06'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872392
**जूलियन दिन** 2460857.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 05

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सड़क हादसे में तीन की मौत

**खूंटी** : कर्रा थाना क्षेत्र के सांगोर गांव के पास सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में रोहित मिंज, अभिषेक मिंज और रेला मिंज शामिल हैं और तीनों कर्रा प्रखंड की मेहा पंचायत के मालगो गांव के थे। रेला मिंज और रोहित मिंज पिता-पुत्र थे, जबकि अभिषेक मिंज रेला का भतीजा था। जानकारी के अनुसार एक बाइक( जेएच 01डीटी 6962) से बिरदा से अपने गांव मालगो लौट रहे थे। सांगोर गांव के पास तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई, जिससे बाइक सवार तीनों व्यक्तियों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। कर्रा थाना की पुलिस तीनों को पहले कर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गइे, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक दूर जा गिरे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, तब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**लोहरदगा** : शहर के पावरगंज चौक में सोमवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक सवार को रौंद डाला। बाईक सवार की पहचान चंदन भारती (62) के रूप में की गई है। चंदन सेवानिवृत तस्सर विभाग सह गिरिवर शिशु सदन स्कूल से सेवानिवृत थे।वह संजय गांधी पथ लोहरदगा निवासी थे। बताया जाता है कि वे घर से सब्जी लेने के लिए पास के बाजार में जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही एक बॉक्साइट लोडेड ट्रक ने बाइक सवार चंदन भारती को अपने चपेट में ले लिया। इससे उनकी मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । वहीं, घटना के बाद रिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है।

### मंदिर का ताला तोड़कर चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम** : मानगो एनएच-33 स्थित स्मार्ट बाजार के सामने राम लक्ष्मण हनुमान मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया। रविवार की रात मंदिर का ताला तोड़कर चोर माइक सेट समेत करीब 6000 रुपये नकद चुरा ले गए। घटना की जानकारी मंदिर कमेटी के मुख्य प्रबंधक दयाकांत तिवारी ने सोमवार को अहले सुबह पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दी। जानकारी मिलने पर मंदिर पहुंचे विकास सिंह को प्रबंधक दयाकांत तिवारी ने बताया कि रात 10 बजे मंदिर का पट बंद कर सभी घर चले गए थे। सुबह जब मुख्य पुजारी सूर्यकांत पांडे मंदिर पहुंचे तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से सुबह-शाम बजने वाला ध्वनि यंत्र का पूरा सेट और लगभग 6000 रुपये गायब थे। मौके पर पहुंचे विकास सिंह ने घटना की सूचना मानगो थाना को दी। उन्होंने कहा कि मानगो अवैध नशा सामग्री और डेली लॉटरी की होलसेल मंडी बन चुका है। इसका दुष्परिणाम है कि अब चोर भगवान को भी नहीं बख्श रहे। उन्होंने कहा कि लचर कानून व्यवस्था और पेट्रोलिंग के अभाव में मंदिर तक असुरक्षित हैं। विकास सिंह ने प्रशासन से आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं सूचना पाकर पुलिस भी जांच के लिए पहुंची। पुलिस के अनुसार जांच की जा रही है।

# बर्खास्त 251 अनुसेवकों ने किया समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद पलामू के बर्खास्त 251 अनुसेवक चतुर्थवर्गीय पद पर हो रही बहाली में समायोजन की मांग को लेकर लगातार आन्दोलन कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को पलामू समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन किया और उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सामूहिक रूप से आत्मदाह करने की चेतावनी दी। 25 और 26 जून को बर्खास्त अनुसेवकों ने समाहरणालय परिसर में ही धरना दिया था और समायोजन के साथ साथ एक मार्च से एक मुश्त वेतन भुगतान की मांग की थी। मांगों की पूर्ति नहीं होने पर इच्छामृत्यु की मांग की थी। आत्मदाह की चेतावनी दी थी। मांगों को लेकर सोमवार को एक बार फिर सारे बर्खास्तकर्मी राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात की। अनुसेवकों का आरोप है कि मंत्री ने सीधे तौर पर अपना पल्ला झाड़ लिये, जबकि पिछले दिनों वित्त मंत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि कैबिनेट की बैठक में 251 बर्खास्त अनुसेवकों को समायोजित करते हुए सरकार पुनर्विचार याचिका दायर करेगी, लेकिन ऐसा अबतक नहीं हुआ। मंत्री से वार्ता सार्थक नहीं होने पर सारे कर्मी समाहरणालय में जमा हुए और प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। एक सप्ताह के भीतर मांगों पर विचार नहीं करने पर सामूहिक रूप से डीसी कार्यालय के सामने आत्मदाह करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि नौकरी से हटाए जाने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गयी है और बेटी-बेटा की शादी, बच्चों की पढाई, परिवार चलाने का खर्च सहित अन्य जरूरी कार्य नहीं कर पा रहे हैं। कर्मियों ने कहा कि उपायुक्त पलामू की ओर से निकाले गए चतुर्थवर्गीय पद पर बहाली रद्द करने के लिए वित्त मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने संयुक्त बयान जारी किया था। मुख्यमंत्री ने ट्वीट भी किया था। मुख्य सचिव और कार्मिक सचिव को पत्र जारी करने के लिए निर्देश दिया था, लेकिन आज तक कोई पत्र जारी नहीं हुआ। बर्खास्तकर्मियों को गुमराह किया जा रहा है। बहाली में परीक्षा शुल्क लिया जा रहा है, जबकि किसी तरह की कोई परीक्षा नहीं होनी है। प्रदर्शन में विकास कुमार, विवेका शुक्ला, रामप्रकाश, सुरेन्द्र सिंह, ददन कुमार, अरूणजय कुमार साव, सुशील कुमार, मंटू बैठा, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, विनय कुमार, शशिकांत कुशवाहा, मुकेश ठाकुर, सुधाकर दुबे, गीता देवी, सरीता देवी, स्वस्ती, शोभा सहित अन्य शामिल थे।

## ईचा डैम विस्थापन मामले को विस में उठाएंगे जयराम महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पश्चिम सिंहभूम** : ईचा डैम परियोजना से विस्थापित होने वाले आदिवासी-मूलनिवासियों का दर्द एक बार फिर झारखंड की सियासत में गरमाने लगा है। सोमवार को डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो के चाईबासा आगमन पर ईचा खरकई बांध विरोधी संघ कोल्हान के प्रतिनिधिमंडल ने परिसदन में मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और जल्द बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। वार्ता के दौरान संघ के अध्यक्ष बिर सिंह बिरुली ने बताया कि पिछले 47 वर्षों से क्षेत्र की आदिवासी जनता ईचा डैम के खिलाफ संघर्षरत है। उन्होंने झारखंड सरकार पर जनजातीय परामर्शदातृ परिषद की ओर से गठित उपसमिति के निर्णयों की अनदेखी का आरोप लगाया और कहा कि 87 गांवों को डुबोने वाली यह परियोजना आदिवासियों के अस्तित्व पर सीधा हमला है। बिरुली ने कांग्रेस पर इस बहुउद्देशीय परियोजना की नींव रखकर आदिवासी विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि मौजूदा झामुमो सरकार भी उसी राह पर चल रही है। उन्होंने कहा कि ईचा डैम अब सिर्फ महागठबंधन का चुनावी मुद्दा बनकर रह गया है जबकि हकीकत यह है कि हजारों लोग विस्थापन की त्रासदी झेल रहे हैं। विधायक जयराम महतो ने प्रतिनिधिमंडल की बातें सुनते हुए भरोसा दिलाया कि आगामी मानसून सत्र में विधानसभा में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ विस्थापन का नहीं, बल्कि आदिवासियों के अस्तित्व का सवाल है और इस विनाशकारी परियोजना के खिलाफ जल्द ही आंदोलन की रणनीति तैयार कर जनता के साथ सड़क पर उतरा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में संयोजक दशकन कुदादा, अध्यक्ष बिर सिंह बिरुली, उपाध्यक्ष रेयांश सामड, सचिव सुरेश सोय, कोषाध्यक्ष गुलिया कालुंडिया, सह-कोषाध्यक्ष बिरसा गॉडसोरा, सलाहकार गुलिया कुदादा, मीडिया सचिव गणेश बारी सहित रविन्द्र अल्डा, मिलन कालुंडिया, संतोष महतो, मानसा बोदरा और साकारी अल्डा शामिल थे।

## गुरुजी की सलामती के लिए मंदिर में की पूजा अर्चना : सीता सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्वास्थ्य कामना को लेकर उनकी बड़ी पुत्रवधू सीता सोरेन ने सोमवार को मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। गुरुजी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी बड़ी पुत्रवधू सीता सोरेन हूल दिवस के मौके पर दुमका के पोखरा चौक पर स्थापित सिदो कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची थी। शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बावत जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह (शिबू सोरेन ) गुरुजी से मिलने दिल्ली गई थी। अस्पताल के बाहर गाड़ी पर बैठी रही, लेकिन वह बीमार हालत में गुरुजी को देख नहीं सकती, इसलिए वह वापस लौट गई। उन्होंने कहा की मंदिर पहुंचकर गुरुजी की सलामती के लिए पूजा अर्चना भी की है। उन्होंने कहा कि परिवार में गुरु जी बाबा से पिता से भी बढ़ कर प्यार मिला है। बीमार हालत में उन्हें देख नहीं सकते, बस इतना ही चाहते है कि बाबा जल्द स्वस्थ्य होकर हमारे बीच लौटे।

## बिजली का पोल गिरने से 24 घंटे से ठप है आवागमन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो उलीडीह के खनका रोड में 24 घंटे से बिजली का पोल गिरा पड़ा है, जिससे सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दे दी है, लेकिन विभाग अब तक मूकदर्शक बना हुआ है और किसी तरह की पहल नहीं की गई है। भारी बारिश के कारण सड़क पूरी तरह गीली है और बिजली का करंट फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोग जान जोखिम में डालकर कभी-कभार सड़क पार कर रहे हैं। लोगों ने इस मामले की जानकारी पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दी। विकास सिंह ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों को पोल की तस्वीरें भेजते हुए कहा, ह्लस्थानीय लोग जान हथेली पर रखकर सड़क पार कर रहे हैं, लेकिन विभाग का कहीं अता-पता नहीं है। विकास सिंह ने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से मांग की है कि इस जानलेवा खतरे से लोगों को तुरंत निजात दिलाई जाए, ताकि आवागमन सुचारू हो सके और कोई बड़ी दुर्घटना न घटे।

## भारी बारिश के बीच उपायुक्त ने लिया हालात का जायजा, दिए कई निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** लगातार हो रही भारी वर्षा से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी स्वयं सड़क पर उतरे। उन्होंने मानगो क्षेत्र का दौरा कर जलजमाव से प्रभावित इलाकों, स्वर्णरेखा नदी के तटीय क्षेत्रों तथा अन्य संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने निचले इलाकों में जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां तत्काल सुधार की आवश्यकता है, वहां पंप सेट, ट्रैक्टर और सफाईकर्मियों की टीम को सतर्क और सक्रिय रखा जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। वहीं स्वर्ण रेखा और खरकाई नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे अनेक घरों में पानी घुस गया है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उन्होंने नगर निकाय के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, जलभराव की शिकायतों का त्वरित निवारण हो, तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क किया जाए और आपदा से निपटने के लिए कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहे। मानगो नगर निगम में कंट्रोल रूम की स्थापना करते हुए पालीवार कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि किसी भी समय आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिलावासियों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, नदी किनारे न जाएं और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन करें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन हर स्थिति पर निगरानी रखे हुए है और आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। आपात स्थिति में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के नंबर 0657-2444233 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही मानगो नगर निगम कंट्रोल रूम के लिए सुबह 6 से अपराह्न 2 बजे तक 7004549847, अपराह्न 2 से रात्रि 10 बजे तक 9031542938 और रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 7488676759 पर कॉल किया जा सकता है।

## मंत्री और मुख्य सचिव ने किया खंडोली वाटर फॉल का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने और प्रमुख पर्यटक स्थलों का समुचित विकास करने के उद्देश्य से सोमवार को नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार और मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उसरी वाटर फॉल और खंडोली डैम पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त, रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, मनीष तिवारी, उप विकास आयुक्त, सहित अन्य कई विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उसरी वाटर फॉल और खंडोली डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर चर्चा हुई। मौके पर सुदिव्य कुमार ने कहा कि जिले के दो प्रमुख स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में और बेहतर और विकसित करने को लेकर राज्य सरकार और जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां सुनिश्चित कराई जा रही हैं। जिससे कि यहां के स्थानीय को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो और पर्यटन को बढ़ावा मिलें। मंत्री ने दोनो स्थलों पर इको-टूरिज्म को विकसित करने पर भी विचार किया गया। मंत्री ने कहा कि उसरी वाटर फॉल और खंडोली डैम पर्यटन स्थलों को विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी संबंधित विभाग,अधिकारी, कार्यकारी एजेंसी आपसी समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में तेजी लाएं, जिससे कि यहां स्थानीय ग्रामीणों को इसका लाभ मिलें। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि गिरिडीह जिले में पर्यटन के बहुत संभावनाएं है। इसे राज्य सरकार की ओर से विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता मनोहारी है। उन्होंने कहा कि मंत्री के सहयोग से पर्यटन के क्षेत्र में काफी बेहतरी करने के प्रयास किये जा रहे है। मौके पर मौजूद गिरिडीह उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन स्थलों को विकसित करने के दिशा में प्रयासरत है। जिले के पर्यटन स्थलों के विकास से यहां पर पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी और स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने खंडोली डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सारी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। खंडोली डैम के चारों तरफ कनेक्टिविटी पर काम किया जायेगा। डैम के चारों तरफ पर्यटक घुमकर प्राकृतिक घटा का आंनद उठा सके। इसके लिए पहुंच पथ का निर्माण कराया जायेगा। डैम के नीचे नदी पर पुल का निर्माण कराया जाएगा ताकि पर्यटकों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही पर्यटक नदी के इस पार से उस पर का आनंद उठा सके। इसके अलावे मधवाडीह से खंडोली मोड़ को जोडने वाली बाईपास पथ का भी निर्माण कराया जायेगा। बरियारपुर तक कॉरिडोर बनाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के लिए इसे और भी आकर्षक बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। उल्लखीय है कि रविवार को राज्य प्रमुख सचिव दो दिवसीय प्रवास के क्रम में गिरिडीह पहुंची थी ।

## संक्षिप्त खबरें

### सारंडा में मूसलधार बारिश से तबाही, घरों में घुसा पानी



**पश्चिम सिंहभूम** : सारंडा और लौहांचल क्षेत्र में बीते कई दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश ने लोगों की जिंदगी को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार हो रही मूसलधार बारिश की वजह से सारंडा की ऊंची पहाड़ियों से बहकर आया पानी अब नीचले इलाकों और गुवा, बड़ाजामदा शहर में कहर बनकर टूट पड़ा है। सोमवार को बोकना के पंचमुखी मंदिर के समीप कारों नदी पर बना लोहे का पूल के उपर से पानी बह रहा है। इस मार्ग पर आवागमन ठप हो गया है। वहीं बड़ाजामदा शहर में हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि सड़कों पर करीब 4 फीट तक पानी भर गया है। बड़ा जामदा फुटबॉल मैदान बाढ़ के पानी से करीब 20 घर प्रभावित हैं । वर्षा का पानी सीधे लोगों के घरों में घुस गया, जिससे सामान का भारी नुकसान हुआ है। लोग घरों से बाहर निकलने में भी असमर्थ हैं, कई जगहों पर गाड़ियां पानी में डूब गई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह नजारा अब हर साल की कहानी बन चुका है, और इसके लिए प्रशासन और स्थानीय अतिक्रमणकर्ता दोनों जिम्मेदार हैं। शहर में बाढ़ जैसी स्थिति का प्रमुख कारण नालियों पर हुए अतिक्रमण और जल निकासी व्यवस्था की विफलता को बताया जा रहा है। चौड़ी नालियों को लोगों ने घर, गाड़ी गैरेज और दुकानों में बदल दिया है, जिससे बारिश का पानी निकल नहीं पा रहा है। नालियों का नगर प्रशासन की ओर से सफाई नहीं कराई गई,जल निकासी के रास्ते बंद हो गए हैं। लोगों का कहना है कि हर साल बारिश आती है, और प्रशासन हर साल सोता है। जब घर डूबते हैं, तब अधिकारियों की आंख खुलती है।

### पेड़ से लटका मिला लापता व्यक्ति का शव

**पूर्वी सिंहभूम** : बोड़ाम थाना क्षेत्र के गगलूबनी गांव के जंगल में रविवार देर रात एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव पेड़ से लटका हुआ पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान गांव के ही पांडू साहिष (55) के रूप में हुई है, जो 25 जून की शाम से लापता था। ग्रामीणों ने जंगल में शव लटका देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार पांडू साहिष खेती-बाड़ी का काम करता था और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। मृतक के मामा मंगल साहिष ने बताया कि बीमारी से परेशान होकर ही उसने खुदकुशी कर ली। शव घर से लगभग दो किलोमीटर दूर जंगल में पेड़ से लटका मिला। पांडू के आठ बच्चे हैं। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के पीआरओ मुकुल त्याल का निधन

**केरेडारी** : एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के मिडिया विभाग के पीआरओ मुकुल त्याल उम्र 27 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने के कारण सांस रुक गई और उनका देहांत हो गया। सूचना के अनुसार मुकुल त्याल छुट्टी समाप्ति के बाद अपने घर दिल्ली से बड़कागांव एनटीपीसी कार्यालय ड्यूटी पर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते मे ही दिल का दौरा पड़ा और उनका सांस रुक गया। और रांची में निधन हो गया है। उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। यह घटना बीते रात्रि रविवार लगभग दो बजे की हैं। एनटीपीसी सिकरी साईट कार्यालय में सितंबर 2021 से कार्यरत थे। वही उनका जन्म 18 सितम्बर 1998 दिल्ली में हुआ था। वही त्याल जी काफी अच्छे स्वभाव के पदाधिकारी थे इनका अनुपस्थिति पत्रकारों व एनटीपीसी के अधिकारियों को जरूर खलेगा। इस पर मीडिया के प्रतिनिधि एवं एनटीपीसी के अधिकारी मोन धारण कर उनके आत्मा की शान्ति प्रदान के लिए विनम्र श्रद्धांजलि दिया गया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा टंडवा को 10+2 तक सीबीएसई से प्राप्त हुई संबद्धता



**टंडवा** : टंडवा क्षेत्र के छात्रों को अब उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिए रांची या हजारीबाग जाने की आवश्यकता नहीं होगी। डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा, टंडवा को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 12वीं तक की संबद्धता प्रदान की गई है (संबद्धता संख्या: 3430770) इस आधुनिक सुसज्जित संस्थान में अब छात्रों को विज्ञान वाणिज्य और कला धाराओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। इस महत्वपूर्ण अवसर पर एनटीपीसी के कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख एचओपी संजीब कुमार सुआर, स्कूल के चेयरमैन अजय सहगल, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एम. के. सिन्हा, एलएमसी के उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा, तथा प्रबंधक किरण यादव ने स्कूल के प्राचार्य पुष्प कुमार झा को हार्दिक बधाई दी। प्राचार्य झा ने विद्यालय के सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के साथ-साथ एनटीपीसी के अधिकारियों — मानव संसाधन प्रमुख नीरज कुमार राय, वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक आनंद — और समस्त समुदाय के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग एवं समर्थन से यह उपलब्धि संभव हो सकी। उन्होंने इसे संभव बनाने में डीएवी संस्थान के अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए अमूल्य मार्गदर्शन की भी सराहना की। अनुशासन, मूल्य-आधारित शैक्षणिक ढांचे और शैक्षणिक उत्कृष्टता पर अपने मजबूत फोकस के साथ, डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी टंडवा क्षेत्र में शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। प्राचार्य झा ने कहा, यह संबद्धता हमारे क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से बेहतर अवसर और उज्जवल भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### रैफ जवान को हाईवा ने मारी टक्कर, गंभीर

**पूर्वी सिंहभूम** : सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) कैंप के पास एक हादसे में रैफ 106 बटालियन के जवान महेश राम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार देर रात की है। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार हाईवा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद उन्हें गंभीर हालत में टीएमएच अस्पताल ले जाया गया, जहां वे वेंटिलेटर पर हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महेश राम अपनी बाइक से कैंप की मेन रोड पार कर रहे थे, तभी जादूगोड़ा की ओर से आ रहे हाईवा ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक वाहन को गोराडीह पेट्रोल पंप तक ले गया और वहां छोड़कर फरार हो गया। क्षेत्र में अधिकतम गति सीमा 20 किमी प्रति घंटा है, लेकिन भारी वाहन 80-100 किमी की रफ्तार से गुजरते हैं। पहली बार किसी रैफ जवान के साथ ऐसी दुर्घटना हुई है। स्थानीय लोग सीसीटीवी, बैरिकेडिंग और ट्रैफिक निगरानी की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने हाईवा जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**एक नजर**

### टीन के ऊपर गिरकर किशोरी बुरी तरह घायल



**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी गिर कर बुरी तरह घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लाल बथानी निवासी जुबेर आलम का 13 वर्षीया पुत्री तंजीला खातून पानी भरने के लिए चापानल पर गई थी, वहीं पानी भरने के दौरान पैर स्लिप कर चापानल के बगल में ही टीन से बना बाथरूम के टीन पर गिर कर उक्त किशोरी का सीना के नीचे पंजराठी बुरी तरह टीन से कट कर घायल हो गई। जहां परिजनों के द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। वहीं ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा उक्त किशोरी का इलाज किया जा रहा है।

### मोटरसाइकिल के आमने-सामने की टक्कर में दो युवक घायल



**साहिबगंज:** मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल के आमने सामने की जोरदार टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार असनबेना मंडरो निवासी ताला बाबू मुर्मू का 18 वर्षीय पुत्र नीतेश मुर्मू व निर्मल हेंब्रम का 18 वर्षीय पुत्र जेम्स हेंब्रम दोनों मोटरसाइकिल में सवार होकर वीर शहीद सिदो कान्हु स्थल घूमने के लिए जा रहा था, वही रास्ते में मोटरसाइकिल के आमने-सामने की टक्कर में उक्त दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गया। जहां परिजनों और राहगीरों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### छत से गिरने से ढाई साल की बच्ची हुई बेहोश, लाया अस्पताल

**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज गांव में छत से गिरने से ढाई साल की बच्ची बेहोश हो गई। परिजनों ने आन-फानन में बच्ची को गोद में लेकर मोटरसाइकिल में सवार होकर परिजन ने सदर अस्पताल लाया। मिली जानकारी के अनुसार महादेवगंज गांव निवासी सोनू कुमार की ढाई साल की पुत्री अंजनी कुमारी छत पर चली गई थी अचानक छत से नीचे गिर गई जिसमें बच्ची बेहोश हो गई। बच्ची के पिता ने तुरंत ही उसे सदर अस्पताल लाया। ड्यूटी में तैनात चिकित्सक मुकेश कुमार के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया। बरहाल बच्ची का इलाज सदर अस्पताल में चिकित्सक के देखरेख में चल रहा है।

### टोटो पलटने से ड्राइवर सहित तीन लोग घायल

**साहिबगंज:** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत साप्ताहिक हाट परिसर के समीप टोटो पलटने से टोटो ड्राइवर सहित तीन लोग घायल हो गए। सभी घायल को रविवार को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। वहीं अस्पताल में चिकित्सक मुकेश कुमार के द्वारा सभी घायल का इलाज प्रारंभ किया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत साप्ताहिक हाट में लोग हटिया करने आए थे और साप्ताहिक हाट से समान खरीद कर एक टोटो में छह लोग सवार होकर टोटो ड्राइवर लेकर जा रहे थे। उसी दौरान साप्ताहिक हाट परिसर के समीप दुर्गा मंदिर के पास टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में तीन लोग ड्राइवर शहित घायल हो गए।

# जिला के पदाधिकारियों ने सिद्धो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में सिदो-कान्हू पार्क में हूल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने सिद्धो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा सिदो-कान्हू, चाँद-भैरव समेत हूल विद्रोह के सभी सेनानियों को नमन किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि 30 जून 1855 को सिद्धो-कान्हू ने अंग्रेजो की गुलामी एवं शोषण से मुक्ति के लिए क्रांति का बिंगुल फूंका था। हूल विद्रोह जनजातीय समाज की अंग्रेजों के खिलाफ आजादी के लिए प्रथम जनक्रांति थी। सिद्धो-कान्हू के आह्वान पर हजारों संथाल आदिवासी अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल हुये तथा अपने प्राणों की आहुति दी। हूल विद्रोह ने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों की कुबार्नी को कभी भूलाया नहीं जा सकता है।

## हूल क्रांति दिवस पर एबीवीपी ने किया वीर सिदो-कान्हू को नमन




**साहिबगंज:** 1855 की ऐतिहासिक हूल क्रांति की याद में, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, साहिबगंज नगर इकाई द्वारा सिदो-कान्हू स्टेडियम में एक गरिमामय माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वीर आदिवासी क्रांतिकारियों सिदो मुर्मू एवं कान्हू मुर्मू के बलिदान को स्मरण कर युवाओं को उनके विचारों से प्रेरित करना था। इस विशेष अवसर पर परिषद के कार्यकताओं एवं स्थानीय युवाओं ने एकत्र होकर क्रांति के इन महानायकों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंत्री अविनाश साह द्वारा की गई, जबकि प्रदेश सह मंत्री सुश्री सुनिधि इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। नगर मंत्री अविनाश साह ने हूल क्रांति केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि जनजागरण और स्वाभिमान का प्रतीक है। जब देश में 1857 की क्रांति नहीं हुई थी, उससे दो वर्ष पूर्व ही साहिबगंज की धरती पर सिदो-कान्हू ने अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के विरुद्ध बिगुल फूंक दिया था। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत की स्वतंत्रता की नींव ग्रामीण और आदिवासी समाज के संघर्ष से ही रखी गई थी। आज हम सबका कर्तव्य है कि उन वीर योद्धाओं के जीवन मूल्यों को आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण की दिशा में विद्यार्थी परिषद के माध्यम से कार्य करें। युवा यदि संगठित होकर राष्ट्र सेवा को जीवन का ध्येय बना लें, तो समाज से भ्रष्टाचार, अन्याय और अराजकता को समाप्त किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में अन्य प्रमुख कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिनमें प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक इंद्रजीत साह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंदन गुप्ता, नगर सह मंत्री निखिल कुमार, जिला कार्यालय मंत्री अंकुश कुमार, जिला एसएफएस संयोजक ज्योति कुमारी, बमभोला उपाध्याय, अनंत, सूरज, रोहित, गौरव शामिल थे।

## लालवन में नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का हो रहा कथा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तीनपहाड़ क्षेत्र के लालवन में नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन 22 जुन को कलश यात्रा निकाल कर प्रारंभ हुई थी। प्रत्येक दिन संध्या शाम को कथावाचक पूज्य संत धनंजयाचार्य वैष्णव के द्वारा संगीत तथा प्रवचन के माध्यम से लोगई मुरली काजी गांव खुटहरी गांव के मातों बहनों एवं भक्तों को भगवान श्रीराम जी के जीवन आदर्श त्याग एवं मयार्दा कि कथा सुनाई। कथावाचक पुज्य संत धनंजयाचार्य वैष्णव ने सशक्त और प्रेरणादायक व्याख्यानों के माध्यम से श्रीराम कथा के प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। हिन्दू धर्म रक्षा मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने से कहा कि नव पीढ़ी को श्रीराम कथा महोत्सव के माध्यम से भारतीय



संस्कृति और धर्म की गहराई से जुड़ने का अवसर मिल रहा है,और इस महोत्सव के माध्यम से पोकेट हनुमान चालीसा पुस्तिका वितरण करने का भी मौका मिलता है। ताकि चालीसा रखने मात्र से सभी संकटों को दूर करता है और पाठ करने पर सुख समृद्धि कि वृद्धि होती है। हिन्दू धर्म रक्षा मंच के कार्यकर्ता एवं जिला सह प्रभारी पंकज मंडल,जजमान परिवार अमन कुमार, संतोष राम, उत्तम कुशवाहा, रीना देवी, रंभा देवी, रघुवर, बंशीधर अरविन्द, अंगद कुमार शामिल थे।

## आजसू पार्टी ने वीर शहीद सिदो कान्हु के प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण कर हुल दिवस मनाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सोमवार को जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे के नेतृत्व में स्थानीय स्टेडियम स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी हुल क्रांति के महानायक सिदो कान्हु की प्रतिमा पर आजसू पार्टी द्वारा माल्यार्पण कर हुल दिवस की महानायक को श्रद्धांजलि दी गई। आज के दिन 30 जून को हर वर्ष हुल दिवस मनाया जाता है यह दिवस समर्पित है उन वीर संथाल आदिवासियों को जिन्होंने अपनी जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र आंदोलन किया, संथाल हुल की दो वीरांगना फूलों जानू की भी अहम भूमिका इस क्रांति में रही है। भारत



मां के इन दोनों लालो ने आजादी की पहली लड़ाई अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी थी, आज की युवाओं को शहीदों के द्वारा किए गए अपने समाज पिछला अन्याय के विरुद्ध लड़ी गई लड़ाई याद रखना चाहिए और अपने समाज देश के लिए फिर से एक बार सामाजिक समरसता को बनाए रखने के लिए अपनी संस्कृति धरोहर को रक्षा करने के लिए हुल क्रांति की आवश्यकता है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संगठन सचिव विभाश शाह, पंकज हांसदा, राजेश राय, शशिकांत दुबे, नगर अध्यक्ष गोविंद पासवान, मो करीम खान, सोनू मिश्रा, वकील मंगल, संतोष पासवान, नारायण सिंह, जयप्रकाश यादव, शामिल थे।

### सदर अस्पताल में प्रसूता की मौत पर जमकर हंगामा, लापरवाही का आरोप

## परिजन अस्पताल में घंटो प्रसुता को देखने के लिए इधर से उधर दौड़ते रहे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बड़े सदर अस्पताल में सोमवार की सुबह चार बजे एक प्रसूता की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया है। प्रसूता उधवा के बाबू टोला के रहने वाला एसके सोहराब की पत्नी मुमताज खातून (28) वर्षीया थी। प्रसूता मृतका के भाई मो. हारून रसीद का आरोप है कि रविवार की रात प्रसूता की तबियत बिगड़ने पर कोई महिला डॉक्टर नही थी। इसके चलते प्रसूता की मौत हो गई। आरोप है कि प्रसूता मुमताज खातून को रविवार को भर्ती कराया गया था, और प्रसूता का सीजर करने के पहले अस्पताल के नर्स के द्वारा प्रसूता



का शारीरिक जांच किया गया, जांच करने के उपरांत बताया गया कि प्रसूता का मुंह नहीं खुला है सीजर करना होगा और शरीर में 11.6 खून है और अभी बीपी थोडा बढ़ा हुआ है, बीपी नार्मल होने पर सीजर होगा। वही नर्स ने बताया कि अस्पताल में महिला डॉक्टर नहीं है सीजर कौन करेगा, प्रसूता के परिजनों को डॉक्टर का मैनेज करने को कहा गया, उसके बाद सीजर किया जाएगा। मरीज के परिजनों ने सिविल सर्जन संथालिया को कॉल करके मामला को बताया, सिविल सर्जन ने संज्ञान लेते हुए उनके प्रयास से प्रसूता का सीजर किया गया। जब बीपी नार्मल हुआ तब प्रसूता को सीजर करने के लिए ओटी में ले जाया गया, सीजर करने के उपरांत जब ओटी से बाहर निकाला गया तो प्रसूता का कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ता चला गया। सदर अस्पताल में महिला डॉक्टर नहीं रहने पर सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालिया को कई बार फोन किया गया पर नहीं उठाया। उसके बाद अस्पताल प्रबंधक जयराम यादव को कई बार फोन करने के बाद उठाने के उपरांत उसने कहा देखते हैं।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में रोटरी का प्रयास सराहनीय : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** सोमवार को रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा झंडा चौक पर रोटरी व्हील चक्र का अनावरण कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज सर ने किया उपायुक्त महोदय के हाथों जरूरतमंद 5 महिलाओं को सिलाई मशीन भी क्लब के द्वारा दिया गया आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ऋतुराज सर थे क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर नवीन जैन ने नगर परिषद के सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया अध्यक्ष अमित कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि कहा कि मेरे अध्यक्ष सत्र 24 -25 का प्रारंभ ब्लड डोनेशन के साथ और अंत गरीब महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीन का वितरण के साथ संपन्न हुआ महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए रोटरी क्लब सिलाई मेहंदी कंप्यूटर आदि का कोर्स भी कराती है पूरे वर्ष भर सभी रोटरी सदस्यों का साथ मिला आज अंतिम दिन भी सेवा का बेहतरीन कार्य किया गया है सभी के प्रति आभार प्रकट करता उपायुक्त महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी कोडरमा जिले मे महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए अग्रणी भूमिका निभा रही है समाज सेवा के क्षेत्र में यह अच्छा कार्य है जिले में पर्यावरण की रक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, मतदान आदि कार्यों में प्रशासन को रोटरी क्लब समय-समय पर सहयोग करती है रोटरी के द्वारा जरूरतमंदों को शिक्षा स्वास्थ्य खेल आदि क्षेत्रों में बहुत मदद मिलती है।

# गोड्डा डीसी ने हूल दिवस पर वीर सपूतों सिद्धो- कान्हू को दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** सोमवार को हूल दिवस के अवसर पर स्थानीय कारगिल चौक, गोड्डा के समीप हूल दिवस के अवसर पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त गोड्डा अंजली यादव, पुलिस अधीक्षक गोड्डा मुकेश कुमार के द्वारा वीर सपूत सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि सिदो -कान्हू ने आदिवासी तथा गैर आदिवासियों को अंग्रेज व महाजनों के अत्याचार से आजाद कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सिदो-कान्हू ने वर्ष 1855-56 मे ब्रिटिश सत्ता, साहुकारो, व्यपारियों व जमींदारो के



अत्याचारों के खिलाफ एक विद्रोह कि शुरूआत कि जिसे संथाल विद्रोह या हूल आंदोलन के नाम से जाना जाता है। वहीं उपायुक्त ने बताया कि सिदो-कान्हू संथाल विद्रोह के जनक थे। उन्होंने महाजनी प्रथा और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संथाल में आवाज बुलंद किया था। इस अभियान में इन्हें इनके दो भाई चांद और भैरव और दो बहन फुलो और झानो का भी सहयोग मिला था।

**संक्षिप्त खबरें**

### पटमदा और बोड़ाम में उल्लास के साथ मनाया गया हूल दिवस



**पटमदा :** पटमदा और बोड़ाम में सिदु कान्हु का शहादत दिवस को हूल दिवस के रूप में उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान ब्लॉक रोड स्थित सिदु कान्हु चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने कहा कि हूल दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ हूल दिवस उल्लास के साथ मनाया गया।अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहला उलगुलान करने वाले महानायक वीर शहीद सिदु कान्हु के शहादत दिवस को हूल दिवस के रूप में मनाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, पार्षद प्रदीप बेसरा,परगना कमल कांत मुर्मू,जीतू लाल मुर्मू, दिवाकर टुडू,सुभाष कर्मकार,अश्वनी महतो,ग्राम प्रधान बृंदावन दास,सिजेन हेंब्रम,सागर सहित काफी संख्या में समाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जनरेटर मशीन के मिक्सर गिरने से दो साल की बच्ची घायल भर्ती

**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लाल बथानी गांव में बच्चे बच्चे में खेलने के दौरान एक बच्ची के ऊपर जनरेटर मशीन के मिक्सर गिरने से दो साल की बच्ची का हाथ जख्मी हो गया, बच्ची को इलाज के लिए रविवार की रात सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल में चिकित्सक मुकेश कुमार के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया। मिली जानकारी के अनुसार लाल बथानी गांव निवासी टुनटुन महतो के दो साल की पुत्री पूसा कुमारी खेल रही थी, उसी दौरान जनरेटर मशीन का मिक्सर पूसा कुमारी के दाहिने हाथ के बाजू पर गिर गया जिसमें बच्ची घायल हो गई, बरहाल घायल बच्ची का इलाज डॉक्टर मुकेश कुमार के देखरेख में सदर अस्पताल में किया गया।

### महिला समेत दो नाबालिग को ले गए आरोपी को परिजनों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर गांव से बीते दिनों हुए एक विवाहिता महिला समेत दो नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में रविवार देर शाम ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के महेशबथान निवासी नेपाल मंडल ने पत्नी नमिता देवी व दो नाबालिग पुत्र को बहला फुसलाकर हैदराबाद ले जाने की शिकायत कर राधानगर थाना पुलिस से बरामद कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया था। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने बताया है कि करीब दो महीने पहले नमिता देवी का जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के चमार टोली निवासी टिंकू मंडल (बंगाली), से फेसबुक के माध्यम से परिचय हुआ था। बताया जाता है कि लगभग 15 दिन पहले टिंकू मंडल महेश बथान में मकान बनाने के सिलसिले में आया था। इसके बाद 11 जून बुधवार को अचानक नमिता देवी दो बच्चो के साथ कहीं लापता हो गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। घटना के एक या दो दिन बाद पता चला है कि उनकी पत्नी व दो नाबालिग पुत्र को जिरवाबाड़ी थाना निवासी टिंकू मंडल ने हैदराबाद ले कर चला गया है।वहीं रविवार को देर शाम आरोपी टिंकू मंडल ने अपहृत विवाहिता नमिता देवी व दो नाबालिग बच्चों के साथ बेगमगंज स्थित गोबरगाड़ी गांव आया हुआ था।इसकी जानकारी विवाहिता के परिजनों व ग्रामीणों को हुई।इसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी को धुनाई कर दी और राधानगर थाना पुलिस को सूचित किया।पुलिस ने सूचना पाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को अपने साथ थाना ले गए। उधर विवाहिता को उसके पति नेपाल मंडल को सौंप दिया। हालांकि इस पूरे घटना के बारे में पुलिस कुछ भी बताने से परहेज कर रही हैं। बतातें चलें कि ग्रामीणों व परिजनों ने आरोपी को सुपुर्द करने के समय पुलिस को लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है। इस संबंध में पूछे जाने पर राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि इस संबंध में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### सहारा सिटी में आवारा कुत्तों का कहर, सब्जी विक्रेता गंभीर

**पूर्वी सिंहभूम:** मानगो सहारा सिटी में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को आवारा कुत्तों के झुंड ने सब्जी बेचने आए एक विक्रेता पर हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घायल विक्रेता की पहचान राजू के रूप में हुई है। हमले के बाद उसकी हालत इतनी गंभीर हो गई कि स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। मामले की जानकारी सोसाइटी के निवासी धीरज झा ने पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दी। धीरज झा ने बताया कि कॉलोनी में कुत्तों के बढ़ते आतंक के कारण लोग दहशत में हैं। उन्होंने कहा कि अब लोग अपने छोटे बच्चों को बाहर खेलने के लिए नहीं भेज पा रहे हैं। हर कोई भय के साये में जी रहा है कि कब कुत्तों का झुंड किसी पर भी हमला कर दे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर निगम को इस समस्या की जानकारी कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कॉलोनी के लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है ताकि बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। घायल राजू फिलहाल अस्पताल में भर्ती है और डॉक्टरों की टीम उसकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। घटना के बाद से सहारा सिटी में दहशत का माहौल है।

### मुखिया का बेटा नदी में बहा, पेड़ की डाल पकड़कर बची जान



**पूर्वी सिंहभूम:** पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित डुमरिया प्रखंड से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां बड़ाकांजिया पंचायत के मुखिया सुरेश हेंब्रम के बेटे सुगनाथ हेंब्रम की जान उस वक्त आफत में पड़ गई जब वह शंख नदी में नहाने गया। रविवार को वह अपने चार दोस्तों के साथ जादूगोड़ा क्षेत्र के बुरुई पुल पर पहुंचा था। दोस्तों ने हाफ पैंट पहनकर नदी में उतरने का निर्णय लिया, लेकिन सुगनाथ ने जिन्स पैंट और टी-शर्ट में ही छलांग लगा दी। लगातार बारिश से तेज धार में फंसने के कारण सुगनाथ तैर नहीं सका और बहते-बहते तीन किलोमीटर दूर काटसाकड़ा तक पहुंच गया। इसी दौरान उसे एक पेड़ की डाल नजर आई, जिसे उसने तत्काल पकड़ लिया। काफी देर तक वह डाली से लटका रहा। इस बीच वहां मौजूद ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी। ग्रामीणों ने सतर्कता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला। घटना का वीडियो कुछ लोगों ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो सोमवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो देख लोग स्तब्ध हैं।

संक्षिप्त समाचार

## समस्तीपुर में शख्स की संदिग्ध मौत : बीमार पति को पत्नी ने दी थी दवा

▪ शादी के बाद से ससुराल में रहता था

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सुरौली पंचायत के वार्ड-9 में संदिग्ध स्थिति में एक शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के लोहागीर गांव निवासी महेंद्र पासवान के बेटे उपेंद्र पासवान के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। घटना के बाद ग्रामीण उसकी पत्नी को शक की नजर से देख रहे हैं।

**20 साल पहले हुई थी शादी :** बताया गया कि उपेंद्र शादी के बाद से ही अपने ससुराल सुरौली गांव में बस गए थे। उपेंद्र की शादी 20 साल पहले हुई थी। लोगों ने बताया कि दो-तीन दिन पहले उपेंद्र और उनकी पत्नी के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि घरेलू मामला होने के कारण बात सलट गई। इधर, उपेंद्र बीमार चल रहा थे। सुबह अचानक गांव के लोगों ने उनकी मौत की खबर सुनी। ग्रामीणों का कहना था कि मामला संदिग्ध है। पुलिस ने शव? को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पत्नी ने कहा कि बीमार थे, रात में उन्हें दवा दी गई है सुबह भी उन्हें दवा दी गई थी। करीब 4 : 30 बजे सुबह अचानक उनकी मौत हो गई।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई होगी:** विभूतिपुर थाना अध्यक्ष आनंद कश्यप ने कहा कि मामला संदिग्ध है। गांव के लोग उसकी पत्नी पर ही आरोप लगा रहे हैं। अभी किसी भी पक्ष की ओर से कोई आवेदन नहीं मिला है आवेदन मिलने के उपरांत इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कमियों को दूर करें, लक्ष्य प्राप्ति तक जुटे रहें

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान की ओर से आरडीएस कॉलेज के श्रीकृष्ण सभागार में शनिवार को हिन्दुस्तान प्रतिभा सम्मान 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मैट्रिक, इंटर, सीबीएसई व आईसीएसई के 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स बच्चों को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त कर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित थे। असफलता से घबराने की जरूरत नहीं है। यह सफलता की पहली सीढ़ी है। बच्चों को देखना है कि कहां कमी रह गई है। उसे दूर करें और अपने लक्ष्य प्राप्ति को लेकर लगातार जुटे रहें। आज की स्थिति काफी बदल गई है। अब ज्ञान और करियर के बारे में जानकारी लेने को कई संसाधन हैं। इनका प्रयोग करें। ये बातें शनिवार को आरडीएस कॉलेज स्थित श्रीकृष्ण सभागार में आयोजित 'हिन्दुस्तान के प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री सह मुजफ्फरपुर के सांसद डॉ. राजभूषण चौधरी ने कही। डॉ. चौधरी ने बच्चों और अभिभावकों से अपील की कि वे तकनीकी ज्ञान और रिसर्च से जुड़ें। इससे केवल मानव बल ही नहीं बल्कि समृद्ध युवाओं की फौज भी तैयार होगी।

# 3 साल में आधा काम, 4 प्रोजेक्ट शुरू भी नहीं हुए
# पीएम की ड्रीम अमृत भारत स्कीम में लापरवाही

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) छत्रसाल सिंह ने मुजफ्फरपुर जंक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत योजना से चल रही 20 विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। विश्वस्तरीय बन रहे जंक्शन का काम तीन वर्ष में अबतक 49.5 प्रतिशत हो सका है। चार प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो सके हैं। जीएम ने निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद जीएम ने सोनपुर मंडल और आरएलडीए के अधिकारियों संग जंक्शन के वीआइपी कक्ष में निर्माण की समीक्षा की। डीआरएम विवेक भूषण सूद ने उन्हें पीपीटी के माध्यम से पूरे प्रोजेक्ट की अद्यतन जानकारी दी। इसमें निर्माण में आ रहे व्यवधान के बारे में भी बताया गया। मालूम हो कि 442 करोड़ से मुजफ्फरपुर को विश्वस्तरीय जंक्शन बनाया जा रहा है। 21 सितंबर 2022 को इसका निर्माण शुरू और 20 सितंबर 2025 तक इस प्रोजेक्ट को पूरा करना है। आएलडीए काम पूरा होने के लिए एक साल का एक्शटेंशन मांग चुका है। समीक्षा बैठक में डीआरएम के अलावा जोन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण/ उत्तर) राम जन्म, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (आरएसपी) सुरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य यांत्रिक




इंजीनियर आरआर प्रसाद, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक इंदू रानी दूबे व अन्य थे।

### पुनर्निर्माण के बाद बदल जाएगा प्रवेश व निकास द्वार

निरीक्षण के दौरान जीएम को डीआरएम ने पूरे प्रोजेक्ट की जानकारी दी। बताया गया कि जंक्शन के पुनर्निर्माण के बाद स्टेशन का प्रवेश और निकास द्वार बदल जाएगा। यात्री एलिवेटेड रोड से जंक्शन पहुंचेंगे। नीचे से सभी रास्ते बंद कर दिए जाएंगे। इसके अलावा कंबाइन्ड टर्मिनल को इमलीचट्टी सरकारी बस स्टैंड से एफओबी के माध्यम से जोड़ा जाएगा, ताकि यात्री बस स्टैंड से पैदल जंक्शन पहुंच सकें।

### यात्री सुविधाओं, सौंदर्यीकरण को देखा

जीएम ने प्लेटफार्म विस्तार, यात्री सुविधाओं, सफाई व्यवस्था, स्टेशन सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्यों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन पर नेम प्लेट, साइनबोर्ड लगाने को लेकर निर्देश दिये। पावर केबिन, कंट्रोल रूम, वाशिंग पिट, सिग्नलिंग सिस्टम और अन्य तकनीकी विभागों की व्यवस्था की भी समीक्षा की। कोचिंग काम्प्लेक्स और मालगोदाम क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद महाप्रबंधक सीतामढ़ी, रक्सौल, सुगौली के रास्ते बापूधाम मोतिहारी के लिए रवाना हो गए।

### पाटलिपुत्र-मुजफ्फरपुर खंड का किया विंडो निरीक्षण

पूमरे के जीएम छत्रसाल सिंह ने मुजफ्फरपुर में समीक्षा बैठक से पूर्व पाटलिपुत्र-मुजफ्फरपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने रेलखंड के मध्य स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओएचई, सिग्नलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधाओं से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। उन्होंने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान सोनपुर मंडल के डीआरएम विवेक भूषण सूद साथ में थे।

### 15 तक हर हाल में हो जाए सीटीबी में शिफ्टिंग

पुनर्निर्माण में चार प्रोजेक्ट का अबतक काम शुरू नहीं हो सका है। इसके लिए निर्माण एजेंसी को रेलवे ने जगह उपलब्ध नहीं कराई है। एमएलसीपी, एराइवल प्लाजा, एमएलसीपी को जोड़ने वाले एलिवेटेड रोड के संपर्क पथ और मुख्य स्टेशन बिल्डिंग के उत्तरी हिस्से में दूसरे भाग का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। जीएम ने प्लेटफॉर्म एक से तीन के प्रशासनिक कार्यालयों को 15 जुलाई तक कंबाइन्ड टर्मिनल बिल्डिंग में शिफ्ट करने का निर्देश दिया।



## भागलपुर में निर्माणाधीन पुल की रेलिंग टूटकर नदी में गिरी

**1600 करोड़ की लागत से बन रहा ब्रिज**

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में बिहपुर-वीरपुर एनएच-106 पर फुलौत को बिहपुर से जोड़ने के लिए 1600 करोड़ की लागत से बन रहे पुल की रेलिंग का कुछ हिस्सा शुक्रवार की देर रात क्षतिग्रस्त होकर नदी में गिर गया। घटना देर रात करीब ढाई बजे की है। इसके बाद निर्माण में जुटी कंपनी के अधिकारी व अभियंता मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। बताया गया कि बिहपुर की ओर से पुल पथ का भारी-भरकम 125 टन वजनी स्ट्रक्चर सेंगमेंट वाहन से फुलौत की ओर ले जाया जा रहा था। 90 चक्का वाला वाहन स्ट्रक्चर सेंगमेंट को लेकर नदी के ऊपर पुल को पार कर रहा था। तभी वाहन का प्रेसर पाइप फट गया।

इस कारण वाहन का संतुलन प्रभावित हुआ और भारी भरकम स्ट्रक्चर सेंगमेंट फिसलकर निर्माणाधीन पुल की करीब 40 मीटर रेलिंग को क्षतिग्रस्त करते हुए नदी में जा गिरा। जो सेंगमेंट वाहन पर लोड था, उसकी चौड़ाई करीब सात मीटर व लंबाई 30 मीटर बताई जा रही है। नवगछिया के एसडीओ ऋतुराज प्रताप सिंह ने बताया कि हमें जानकारी मिली है। जिस कंपनी को निर्माण कार्य का जिम्मा दिया गया है, उसके द्वारा ठीक कराया जाएगा। वहीं एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अभिषेक ने कहा कि निर्माण के दौरान हादसे होते हैं। हादसे की वजह की तकनीकी त्रुटि का पता किया जा रहा है। कोसी नदी पर हरियो त्रिमुहान के पास वोल्वो लोडर पर ले जा रहे सेगमेंट के दुर्घटना होने से एनएच 106 करीब 40 फीट क्षतिग्रस्त हुआ है। इस घटना में निर्माण एजेंसी के कर्मचारी बाल-बाल बच गए। गया।

## महागठबंधन को ओवैसी का खुला ऑफर, बोले- अगर बिहार में एनडीए को रोकना है, तो साथ आएं



**पटना, एजेंसी।** बिहार में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की कवायद में जुटी है। पार्टी की तरफ से दावा किया गया है कि आरजेडी और कांग्रेस के नेताओं के साथ उनकी बातचीत चल रही है। हालांकि महागठबंधन को लीड कर रहे तेजस्वी यादव ने एक इंटरव्यू में कहा था कि इस मामले पर कोई चर्चा नहीं हुई है। इस बीच एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने बिहार में इंडिया अलायंस को खुला ऑफर दिया है। उन्होने कहा कि अगर महागठबंधन बिहार में एनडीए की सत्ता में वापसी को रोकना चाहता है, तो हम साथ चलने को तैयार हैं। लेकिन फैसला महागठबंधन के सहयोगी दलों को लेना है। अगर वो तैयार नहीं होते हैं। तो हमारी पार्टी सीमांचल के बाहर भी चुनाव लड़ेगी। ओवैसी ने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने महागठबंधन के कुछ नेताओं से बात की है, और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम नहीं चाहते कि बिहार में भाजपा या एनडीए की सत्ता में वापसी हो। अब यह उन राजनीतिक दलों पर निर्भर है, जो एनडीए को बिहार में सत्ता में वापसी से रोकना चाहते हैं। 5 साल पहले, मैंने व्यक्तिगत रूप से भी इसकी कोशिश की थी। लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। इस बार भी हमारे प्रदेश अध्यक्ष कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह उन पर निर्भर है।

एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि अगर वो गठबंधन को तैयार नहीं होते हैं, तो हम सीमांचल और सीमांचल के बाहर भी चुनाव लड़ेंगे। मैं हर जगह चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं। आने वाले समय का इंतजार करें। सीटों की सटीक संख्या की घोषणा करना अभी जल्दबाजी होगी। हालांकि बहादुरगंज और ढाका की सीट के प्रत्याशियों का ऐलान कर चुका हूं।

इससे पहले ओवैसी 50 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कह चुके हैं। आपको बता दें 2020 में एआईएमआईएम ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें से पांच सीटें जीती थीं। हालांकि बाद में एआईएमआईएम के 4 विधायक राजद में चले गए थे। और अब सिर्फ एक मात्र विधायक अख्तरूल ईमान हैं। पार्टी को इन 20 सीटों पर डाले गए वोटों का 14.28त्न वोट मिला था। एआईएमआईएम ने जो पांच सीटें जीती थीं, वो सभी पूर्वी बिहार के मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र में आती हैं, जिसमें अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज सहित चार जिले शामिल हैं।

### ढोली और कर्पूरीग्राम में बढ़ेगी प्लेटफॉर्म की लंबाई व ऊंचाई

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सोनपुर डीआरएम विवेक भूषण सूद और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रौशन कुमार ने शनिवार को ढोली व कर्पूरीग्राम स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया।

यात्रियों को उपलब्ध सुविधाओं को देखा। निरीक्षण के बाद डीआरएम ने दोनों स्टेशनों के प्लेटफॉर्म की ऊंचाई और लंबाई बढ़ाने का निर्देश इंजीनियरिंग व कंस्ट्रक्शन विभाग के अधिकारियों को दिया। इसके अलावा प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त छायादार जगह तैयार करने, दिव्यांग यात्रियों के लिए रैम्प, साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

## पटना में धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को नहीं मिली प्रशासन की अनुमति

**पटना, एजेंसी।** कथावाचक और बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित धीरेंद्र शास्त्री, तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य समेत कई जाने माने संत छह जुलाई को पटना आ रहे हैं। लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भीड़ नियंत्रण और विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से ऐसे कार्यक्रम की कोई अनुमति नहीं दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि पिछली बार पंडित धीरेंद्र शास्त्री के नौबतपुर कार्यक्रम के दौरान काफी भीड़ हो गई थी। इसे लेकर प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। इस संबंध में अधिकारियों की टीम गठित हो सकती है, जो भीड़ प्रबंधन और विधि व्यवस्था की दृष्टिकोण से संत समागम के समय शहर की क्या स्थिति हो सकती है इस पर रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट के बाद ही अनुमति निर्णय लेगा। जिला प्रशासन का कहना है कि गांधी मैदान में कितनी भीड़ होगी व विधि व्यवस्था को लेकर क्या समस्या हो सकती है इसका आकलन करने के बाद ही अनुमति देने पर निर्णय होगा। प्रशासन का कहना है कि जिला नियंत्रण कक्ष को विभिन्न श्रोतों से यह जानकारी



मिली है कि छह जुलाई को आचार्य धीरेंद्र शास्त्री बाबा बागेश्वर धाम समेत कई संत गांधी मैदान में संत समागम करने वाले हैं। इससे पहले मई 2025 में मुजफ्फरपुर आए थे, जहाँ उन्होंने एक विशाल यज्ञ में भाग लेकर कथा वाचन किया था। उनके पहले पटना के तरेत पाली मठ में सात दिवसीय यज्ञ का आयोजन हुआ था, जहां पांच दिनों तक उन्होंने कथा की थी। बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने अपने पिछले दौरे में कहा था कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा में बिहार की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## छपरा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर कोर्ट का स्टे




**छपरा, एजेंसी।** छपरा के भगवान बाजार थाना क्षेत्र में वीआईपी लेन पर बने विवादित मकान को लेकर न्यायिक कार्रवाई शुरू हो गई है। छपरा व्यवहार न्यायालय ने नगर आयुक्त के तोड़फोड़ आदेश पर रोक लगा दी है। सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में हाकियत वाद संख्या 333/2025 की सुनवाई हुई। यह मामला चंद्रभूषण पांडे बनाम नगर आयुक्त का है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि प्रतिवादियों की उपस्थिति और जवाब तक कोई कार्रवाई नहीं होगी। नगर आयुक्त का आरोप है कि चंद्रभूषण पांडे ने वीआईपी लेन में सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने यहां करकट का शेड और पक्का मकान बना लिया है।

### कागजात पेश नहीं करने पर कार्रवाई

नगर निगम ने उन्हें दस्तावेज दिखाने का मौका दिया था। लेकिन वे निर्धारित समय पर न तो कार्यालय पहुंचे और न ही कोई कागजात पेश किए। इसके बाद नगर आयुक्त ने निर्माण हटाने का आदेश दिया। उन्होंने एसडीओ सदर से मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मांग भी की थी।

### चंद्रभूषण पांडे ने की अंतरिम राहत की मांग

इससे पहले ही चंद्रभूषण पांडे कोर्ट पहुंच गए। उन्होंने अंतरिम राहत की मांग की। कोर्ट ने प्रतिवादी पक्ष को शो कॉज नोटिस भेजा। नोटिस की तामीली हो चुकी है। लेकिन प्रतिवादी कोर्ट में नहीं पहुंचे। कोर्ट ने आदेश दिया कि विस्तृत सुनवाई तक यथास्थिति बनाई रखी जाए। अब यह मामला प्रशासनिक कार्रवाई और न्यायिक निर्णय के बीच फंस गया है।



### बिहार आकर मुझे बहुत अच्छा लगा : मल्लिका शेरावत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** इमली चट्टी स्थित लिच्छवि विहार कैंपस में शनिवार को बनारसी बाबू कैफे का उद्घाटन फिल्म अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने किया। इस मौके पर बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, मेयर निर्मला साहू और डिप्टी मेयर मोनालिसा भी मौजूद रहीं। डॉ. बसंत सिंह और ज्योति सिंह ने संयुक्त रूप से अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कैफे के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. बसंत ने बताया कि यह शहर का पहला कैफे होगा, जहां शहरवासी बिहार के प्रसिद्ध व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। एक ही छत के नीचे लोग रेस्टोरेंट्स और कैफे की सुविधा का मजा ले सकेंगे। फिल्म अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने कहा कि बिहार आकर मुझे बहुत अच्छा लगा। यहां के लोग बहुत ही अच्छे हैं। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि आप बनारसी बाबू कैफे में आइये और इसके लजीज व्यंजनों, खासकर बनारसी कचौड़ी, जलेबी और सब्जी का आनंद लीजिए। अभिनेत्री को देखने के लिए सड़क पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। यातायात को नियंत्रित करने के लिए डीएम आवास से इमलीचट्टी तक की सड़क को बंद कर दिया गया था। इस मौके पर यश सिंह, आद्या सिंह, खुशी सिंह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. कश्यप संतोष, प्रभात मेहता, प्रतीक सिंह, डॉ. पीके द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## बिहार के 6 जिलों में होगा पत्थर खनन

**राजस्व और रोजगार दोनों मिलेगा, डीएसआर रिपोर्ट तलब**

**पटना/भागलपुर, एजेंसी।** बिहार में पत्थर की मांग और झारखंड पर निर्भरता घटाने के लिए प्रदेश में भी पत्थरों का खनन होगा। इसको लेकर खान एवं भूतत्व विभाग ने तैयारी शुरू की है। पहले फेज में राज्य के छह जिलों में पत्थरों के खनन का निर्णय लिया गया है। विभाग ने बांका, गयाजी, नवादा, शेखपुरा, औरंगाबाद और कैमूर की पहाड़ियों को पत्थर भूखंड के लिए चिह्नित किया है। मुख्य सचिव ने इन जिलों के समाहर्ताओं से जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन मांगा है।

भागलपुर से सटे में बांका में यदि पत्थर खनन की अनुमति मिली तो प्रमंडल स्तर पर बालू के बाद राजस्व संग्रहण का सबसे बड़ा जिला बन जाएगा। इस फेज में भागलपुर को अलग रखा गया है। बताया गया कि भागलपुर की पहाड़ियों में खनिज तत्व छिपे होने के संकेत मिले हैं। इसलिए यहां इजाजत नहीं दी गई है। बांका के खनिज विकास पदाधिकारी कुमार रंजन ने बताया कि भागलपुर-मुंगेर जिला सीमा पर स्थित शंभूगंज अंचल के पहाड़ी मौजा को चिह्नित किया गया है। यह पहाड़ी करीब 20 एकड़ में फैला हुआ है। इसके खनन की अनुमति मिली तो करीब सात मिलियन टन पत्थर की प्राप्ति होगी। जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपये बतौर राजस्व मिलेगा। साथ ही स्टोन क्रशर मशीनों की स्थापना से हजारों लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में अभी सिर्फ दो जिले में ही खनन की अनुमति है। मुंगेर प्रमंडल के शेखपुरा और मगध प्रमंडल के गयाजी में स्टोन क्रशर की अनुमति है इधर, विभाग के जानकार बताते हैं कि वर्ष 2002 से पहले बिहार के 13 जिलों में लीज होल्ड पत्थर खदानें चल रही थीं।

राज्य के भागलपुर, बांका, बेतिया, जमुई, शेखपुरा, नालंदा, भभुआ, नवादा, मुंगेर, रोहतास, जहानाबाद और औरंगाबाद में कई क्रशर मशीनें थीं। लेकिन इन सभी जिलों में पत्थर तोड़ने वाली मशीनों की संख्या सीमित कर दी गई। खान एवं भू-विज्ञान मंत्रालय ने उस वक्त पत्थर उत्खनन के लिए 351 पट्टे दिए थे।

### क्रशर से जुड़े लोगों ने बताया

जो बिहार के 13 जिलों में 993 एकड़ पहाड़ी भूमि को कवर करते थे। क्रशर से जुड़े लोगों ने बताया कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने वर्ष 2021 में स्टोन



क्रशर इकाई के संचालन के दौरान धूलकणों को आस-पास फैलने से रोकने के लिए स्टोन क्रशर इकाइयों को 12 फीट ऊंची दीवार बनाना अनिवार्य कर दिया। बोर्ड ने जल छिड़काव की स्थायी व्यवस्था के लिए चाहरदीवारी के साथ चारों ओर स्थायी पाइप लाइन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा था।



# चुकंदर से बनाएं फेशियल से मिलेगी ग्लास स्किन, 10 मिनट में मिलेगा पार्लर जैसा निखार

**अगर आप भी चुकंदर फेशियल का इस्तेमाल करती हैं, तो आपकी स्किन भी ग्लास की तरह चमकने लगेगी। इससे स्किन पर ऐसा अद्भुत निखार आता है कि हर कोई आपसे आपकी चमकदार स्किन का राज पूछेगा। आज हम आपको जादुई चुकंदर फेशियल के स्टेप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।**

आज के समय में हर महिला ग्लास स्किन पाना चाहती है। ऐसी स्किन जो इतनी साफ और निखरी हो कि शीशे की तरह चमके। इस तरह का निखार पाने के लिए महिलाएं अक्सर महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन आप किचन में मौजूद एक चीज से अच्छे रिजल्ट पा सकती हैं। वो भी सिर्फ 20 रुपए में। बता दें कि चुकंदर सिर्फ स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि स्किन के लिए भी अच्छा माना जाता है। चुकंदर में एंटी ऑक्सीडेंट, विटामिन सी और कई मिनरल्स पाए जाते हैं। जो स्किन को गहराई से पोषण देने का काम करते हैं।

ऐसे में अगर आप भी चुकंदर फेशियल का इस्तेमाल करती हैं, तो आपकी स्किन भी ग्लास की तरह चमकने लगेगी। इससे स्किन पर ऐसा अद्भुत निखार आता है कि हर कोई आपसे आपकी चमकदार स्किन का राज पूछेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको जादुई चुकंदर फेशियल के स्टेप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

### फेस क्लींजिंग

फेशियल का सबसे पहला और जरूरी स्टेप स्किन की गहरानी से सफाई करता है। इससे स्किन की धूल-मिट्टी और ऑयल को दूर किया जा सकता है। वहीं चुकंदर का रस नेचुरल क्लींजर की तरह काम करता है। जोकि स्किन के पोर्स साफ करता है और विटामिन देता है। गुलाब जल स्किन को शांत करने के साथ ही नमी देने का काम करता है और स्किन के पीएच बैलेंस को बनाए रखता है।

### सामग्री

चुकंदर का जूस- 2 चम्मच
गुलाब जल-2 चम्मच
विधि

चुकंदर के रस में गुलाबजल मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें।

इसके बाद कॉटन को भिगोकर फेस और गर्दन को अच्छे से साफ कर लें।

ऐसा करने से सारी गंदगी साफ हो जाएगी और ऑयल भी साफ होगा। इससे आपकी तरोताजा लगेगी।

### फेस स्क्रब

बता दें कि क्लींजिंग के बाद स्किन को एक्सफोलिएट करना बेहद जरूरी होता है। जिससे कि डेड स्किन सेल्स हट जाएं और आपकी स्किन खुलकर सांस ले सके। इससे ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स की समस्या दूर होती है। वहीं कॉफी नेचुरल एक्सफोलिएट है, जोकि डेड स्किन को हटाने, स्किन को स्मूथ बनाने और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद करता है। चुकंदर का रस स्किन को पोषण और ग्लो देने का काम करता है।

### सामग्री

चुकंदर का जूस- 2 चम?मच
कॉफी पाउडर- 2 चुटकी
विधि

चुकंदर के जूस में कॉफी पाउडर मिलाकर इसको अच्छे से मिक्स करके दरदरा पेस्ट बनाएं।

अब इस स्क्रब को फेस और गर्दन पर लगाएं और उंगलियों में पोरों से हल्के हाथों से फेस पर 2-3 मिनट के लिए मसाज करें।

कुछ देर मसाज करने के बाद फेस को गुनगुने पानी से धो लें।

इससे आपका चेहरा पहले से ज्यादा साफ और चमकदार नजर आएगा।

### स्किन लाइटिंग जेल

स्क्रबिंग के बाद स्किन को शांत करने और नमी देना जरूरी होता है। स्किन लाइटनिंग जेल आपकी त्वचा को ठंडक पहुंचाने के साथ चमकदार बनाने का काम करता है। एलोवेरा जेल हाइड्रेटिंग, सूदिंग और हीलिंग गुणों के लिए जाना जाता है। एलोवेरा स्किन की जलन को कम करता है, नमी को लॉक करता है और स्किन को सॉफ्ट बनाता है। एलोवेरा को चुकंदर के साथ मिलाकर लगाने से स्किन की रंगत में सुधार होता है और ग्लो आता है।

सामग्री
चुकंदर का जूस- 2 चम्मच
एलोवेरा जेल- 2 चम्मच

### विधि

सबसे पहले चुकंदर के रस में एलोवेरा जूस को अच्छे से मिक्स करें।

अब फेस को साफ करके 5 मिनट मसाज करें।
इसके बाद चेहरे को धो लें।

### फेस पैक

फेशियल का लास्ट स्टेप फेस पैक होता है, जो आपकी स्किन को टाइट करने का काम करता है। स्किन को पोषण देता है और परमानेंट ग्लो देता है। इस फेस पैक में मौजूद बेसन आपकी स्किन की गहराई से सफाई करता है और एक्स्ट्रा ऑयल को सोखता है और स्किन की रंगत को निखारने का काम करता है। वहीं गेहूं का आटा स्किन को एक्सफोलिएट करने के साथ टैनिंग को रिमूव करने में भी मदद करता है। साथ ही चुकंदर का रस इस फेस पैक को एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर बनाने का काम करता है।

### सामग्री

चुकंदर का जूस- 2 चम्मच
आटा- 1 चम्मच
बेसन- 1 चम्मच

### विधि

सबसे पहले बेसन में आटा और चुकंदर का जूस मिलाकर फेस पैक बनाएं।

अब इसको लाइटनिंग फेस पैक को फेस और गर्दन पर अप्लाई करें।

फिर 20 मिनट बाद फेस वॉश कर लें।

चुकंदर फेशियल के सभी स्टेप्स को पूरा करने के बाद आप पाएंगे कि आपकी स्किन में पॉजिटिव बदलाव आए हैं। इससे न सिर्फ आपकी स्किन साफ और तरोताजा बनेगी, बल्कि सॉफ्ट और शाइनी बन जाएगी। ठीक वैसे जैसे ग्लास स्किन होती है। इस फेशियल को सप्ताह में एक बार इस्तेमाल करने से आपकी स्किन की रंगत में सुधार होता है, स्पॉट्स आदि कम होते हैं और बिना किसी खर्चे के आपको शीशे जैसी चमकती स्किन मिलेगी।



# क्या यूरिक एसिड में चना खा सकते हैं?

हाई यूरिक की समस्या समय के साथ बेहद गंभीर रूप लेनी लगती है। आपको ये जानकर हैरानी हो सकती कि जब शरीर में यूरिक एसिड बढ़ता है तो इसकी पथरियां आपकी किडनी में जमा होने लगती है। इसके अलावा ये शरीर के तमाम अंगों को भी प्रभावित करने लगता है जैसे कि ये हड्डियों के बीच पथरियों के रूप में जमा हो जाता है और सूजन का कारण बनने लगता है। ऐसे में कोशिश करनी चाहिए कि आप हाई प्रोटीन वाले फूड्स के सेवन से बचें। तो, ऐसे में सवाल ये है कि हाई यूरिक में चना खाएं या नहीं।

### क्या हाई यूरिक में चना खा सकते हैं?

नहीं, अगर किसी को हाई यूरिक एसिड की समस्या है तो उसे चना, चने की दाल और चने की बनी तमाम चीजों को खाने से बचना चाहिए। ऐसा इसलिए कि चने में प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होती है जिससे यूरिक एसिड की समस्या तेजी से बढ़ती है। इतना ही नहीं अगर किसी को पहले से ही हाई यूरिक एसिड की समस्या है तो चना खाना सूजन को ट्रिगर कर सकता है और दर्द का कारण बन सकता है। तो, इन तमाम कारणों से आपको हाई यूरिक एसिड में चना खाने से बचना चाहिए।

### अगर खाएं तो कैसे खाएं?

अगर आपका यूरिक एसिड बढ़ा हुआ है तो आपको चने को बिलकुल कम मात्रा में खान चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि इसे अंकुरित करके या फिर इस उबालकर खाएं। इस तरह से चने में फाइबर की मात्रा बढ़ती है जो कि पाचन क्रिया को इतना तेज कर देता है कि चने में मिलने वाला प्रोटीन पच जाता है। साथ ही ये मल में थोक जोड़ने का काम करता है जिससे पेट साफ होता है, प्यूरिन मल के साथ बाहर निकल जाता है और यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

तो, पहले तो चना खाने से परहेज करें और अगर आप खा भी रहे हैं तो इन बातों का ख्याल रखें। ऐसे करना आपको यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। इसकी जगह आप मूंग जैसी दाल का सेवन कर सकते हैं।

# घर पर बना रहे हैं पंजाबी दाल तड़का, ये टिप्स आएंगे आपके बेहद काम

**जब आप पंजाबी दाल तड़का बना रही हैं तो ऐसे में सिर्फ एक ही दाल का इस्तेमाल करने से बचें। इसकी जगह आप एक हिस्सा अरहर की दाल, एक हिस्सा मसूर और थोड़ा सा मूंग डालें। जब आप ऐसा करती हैं तो इससे दाल में एकदम बढ़िया क्रीमी और टेस्टी बनती है।**

जब कुछ हल्का लेकिन टेस्टी खाने का मन होता है तो हम अक्सर दाल खाना पसंद करते हैं। अमूमन दाल को घर-घर में अलग तरीकों से बनाया जाता है। लेकिन अगर आपको चटपटा खाना पसंद आता है तो ऐसे में आप पंजाबी दाल तड़का बनाकर उसका स्वाद चख सकते हैं। पंजाबी दाल तड़का में लहसुन की खुशबू और ऊपर से लगाया हुआ तड़का आपको स्वाद की एक अलग दुनिया में लेकर आता है। आप दाल तड़का को चावल के साथ या फिर तंदूरी रोटी के साथ खा सकते हैं।

लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि हर बार दाल वैसी नहीं बनती। कभी ज्यादा पानीदार हो जाती है तो कभी इसका स्वाद उतना अच्छा नहीं आता है। ऐसे में जरूरी है कि आप पंजाबी दाल तड़का बनाते हुए कुछ छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो करें। इन टिप्स की मदद से आपकी दाल एकदम रेस्टोरेंट स्टाइल बनती है और हर किसी को वह खाने में बेहद ही अच्छी लगती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको पंजाबी दाल तड़का बनाते समय फॉलो किए जाने वाले कुछ आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

### अलग-अलग दालों का करें इस्तेमाल



जब आप पंजाबी दाल तड़का बना रही हैं तो ऐसे में सिर्फ एक ही दाल का इस्तेमाल करने से बचें। इसकी जगह आप एक हिस्सा अरहर की दाल, एक हिस्सा मसूर और थोड़ा सा मूंग डालें। जब आप ऐसा करती हैं तो इससे दाल में एकदम बढ़िया क्रीमी और टेस्टी बनती है।

### दाल को आधे घंटे भिगोएं

दाल को कभी भी सीधे ही उबालने के लिए नहीं रखना चाहिए। इसकी जगह आप इसे कम से कम 30 मिनट भिगो कर रखें। इससे दाल जल्दी पकती है, बराबर पकती है और पाचन भी आसान होता है। ये रेस्टोरेंट वाली स्मूथ दाल की टेक्सचर का राज है।

### दाल को अच्छी तरह पकाएं

जब आप पंजाबी दाल तड़का बना रही हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि यह पूरी तरह नरम होनी चाहिए, दानेदार नहीं। इसके लिए दाल में कम से कम 3-4 सीटी लगाओ, फिर अच्छी तरह मैश करो। मैश करने से दाल चिकनी और क्रीमी बनती है, जो रोटी या चावल के साथ खाने में काफी अच्छी लगती है।

### तड़के का रखें ख्याल

पंजाबी दाल तड़का का असली स्वाद उसके तड़के में छिपा होता है, इसलिए आप उसके साथ किसी तरह का समझौता ना करें। तड़के के लिए देसी घी का इस्तेमाल करें। सबसे पहले उसे अच्छे से गरम करो, फिर जीरा, हींग, लहसुन और प्याज डालो। गरम घी में जीरा और लहसुन का पूरा स्वाद आता है और उसकी खुशबू निकलती है। अब आप इसे ठंडे घी में डालोगे तो वो क्रैकलिंग नहीं करेगा और फ्लेवर भी नहीं आएगा।

# दूसरे टेस्ट में विराट कोहली को पछाड़ सकते हैं ऋषभ पंत, एक शतक की है जरूरत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में एक और शतक लगाकर बड़ी उपलब्धि हासिल करने की कोशिश करेंगे। अगर पंत दूसरे टेस्ट में शतक लगाते हैं तो वह कोहली को पछाड़कर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में किसी भारतीय द्वारा मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।


वर्तमान में पंत और कोहली दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में पांच शतक लगाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतकों के मामले में राहुल द्रविड़ (21 मैच) और महान सचिन तेंदुलकर (32 मैच) शीर्ष पर हैं जिन्होंने 7-7 शतक लगाए हैं। उनके बाद अजहरुद्दीन (15 मैचों में 6 शतक) का नम्बर आता है जोकि तीसरे स्थान पर हैं। चौथे नम्बर पर पंत (13 मैचों में 5 शतक) और पांचवें नम्बर पर कोहली (28 मैचों में 5 शतक) आते हैं।

गौर हो कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान अपने आक्रामक अंदाज में दिखे और दोनों इनिंग्स में शतक लगाने वाले भारत के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बने। उनकी बल्लेबाजी ने इंग्लिश गेंदबाजों को काफी परेशान किया क्योंकि वे उनके सामने पूरी तरह से बेबस नजर आए। पंत के दो शानदार शतकों के बावजूद भारत हार गया क्योंकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने 371 रनों के लक्ष्य को आसानी से पांच विकेट रहते हासिल कर लिया। पांच मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ रहे शुभमन गिल और उनकी टीम बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट के लिए तैयार हैं।



# छह साल के तेगबीर सिंह ने बनाया विश्व रिकार्ड, यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी फतह की





**रूपनगर (एजेंसी)।** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी। इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है।

उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान -10 डिग्री सेल्सियस तक रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। रूस के पर्वतारोहण, रॉक क्लाइम्बिंग और स्पोर्ट्स टूरिज्म फेडरेशन ऑफ काबर्डिनो बाल्केरियन रिपब्लिक ने माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले तेगबीर को पर्वतारोहण प्रमाणपत्र जारी किया।

प्रमाणपत्र में लिखा है कि यह प्रमाणित किया जाता है कि भारत के 6 साल 9 महीने और 4 दिन की उम्र में तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही हैं। इसी के साथ तेगबीर ने पिछले साल सात वर्ष और तीन महीने की उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले वाघा कुशाग्र (महाराष्ट्र, भारत के मूल निवासी) के विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त 2024 में वह माउंट किलिमंजारो (अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी) पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के एशियाई बन गए थे और उनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। वह अप्रैल 2024 में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप (नेपाल) भी पहुंचे थे। चोटी फतह करने वाले तेगबीर सिंह ने कहा, 'मुझे पता था कि मुझे कहां पहुंचना है और आखिरकार मैं पहुंच गया और वहां अपने पिता के साथ एक तस्वीर खिंचवाई। तेगबीर ने कहा मैं पहली बार बर्फ पर चल रहा था, मेरे जूते भारी थे, लेकिन मैंने इसका अभ्यास किया था।'

# इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 की घोषणा की, आर्चर टीम में नहीं




**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए सोमवार 30 जून को अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा की, जो बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन में शुरू होगा। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बढ़त बनाई थी।

बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम में दूसरे मैच के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उंगली की चोट से उबरने के बाद इंग्लैंड की टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शुरुआती लाइनअप में शामिल नहीं किया गया है। आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण एजबेस्टन में सोमवार के अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बन पाए। वहीं जोश टंग, ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज के रूप में अपनी सेवाएं जारी रखेंगे।

दूसरी तरफ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दूसरे मैच के लिए आराम दिए जाने की उम्मीद है जिससे भारत की लाइनअप में बदलाव देखने को मिल सकता है। बुमराह के अलावा भारतीय टीम में स्पिनर कुदलीप यादव को भी शामिल करने की बात सामने आ रही है जो लंदन में प्रभावी साबित हो सकते हैं।

### इंग्लैंड की प्लेइंग 11

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

# ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने भारत की सबसे बड़ी कमी पर जताई चिंता

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के अभाव का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कुलदीप यादव को शेन वॉर्न के बाद सर्वश्रेष्ठ कलाई का स्पिनर करार देते हुए उन्हें और अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की सलाह दी। भारत को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया।

भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में आठ कैच टपकाए। चैपल ने अपने कॉलम में लिखा, 'हेडिंग्ले में फील्डिंग बहुत निराशाजनक थी लेकिन हार का यह अहम कारण नहीं था। भारत ने अपनी परेशानियां खुद खड़ी की थी। सबसे बड़ी गलती तो वह नो बॉल थी जिससे दूसरी पारी की शुरूआत में ही हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला।'



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत के सामने समस्या यह भी थी कि उसके दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर लगभग एक से ही थे। उन्होंने कहा, 'भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता का अभाव था। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर बाकी तेज गेंदबाज एक जैसे ही थे। गेंदबाजी में बदलाव के तुरंत बाद विकेट गिरने का कारण यह होता है कि बल्लेबाज को ढलने में समय लगता है। लेकिन भारतीय टीम के पास यह विकल्प नहीं था।'

भारत के पूर्व कोच ने कहा, 'बुमराह की गैर मौजूदगी में अर्शदीप सिंह को टीम में जगह मिलनी चाहिए। इसके साथ ही कुलदीप यादव को भी उतारना चाहिए जो शेन वॉर्न के बाद कलाई का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है।'

# भारतीय टीम ने टी20 विश्वकप जीत के एक साल पूरा होने पर केक काटकर जश्न मनाया

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप 2024 की जीत के एक साल पूरे होने पर रविवार को यहां एक पार्टी आयोजित की। इसमें केक काटकर जश्न मनाया गया। इस दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मजाकिया अंदाज में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की खिंचाई करने का प्रयास किया पर उन्हें करारा जवाब मिला। जडेजा ने कहा कि वह अभी एक फॉर्मेट से रिटायर हुए हैं। टी20 विश्व कप जीतने के बाद जडेजा ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप से संन्यास ले लिया था।

बीसीसीआई ने इस पार्टी का वीडियो भी सोशल मीडिया में पारी किया है। वीडियो में देखने को मिल रहा है कि पहले कोई भी खिलाड़ी केक काटने के लिए आगे नहीं बढ़ रहा था। तभी अर्शदीप सिंह आगे बढ़े तो कहा गया कि बुमराह प्लेयर ऑफ द सीरीज थे, तो ऐसे में अर्शदीप की जगह बुमराह ने केक काटा। इसके बाद सभी खिलाड़ी एक दूसरे को केक खिलाने लगे। वीडियो में बुमराह और ऋषभ ने जडेजा को 'हैप्पी रिटायरमेंट' कहकर केक खिलाया। इसपर जडेजा सफाई देते नजर आ रहे हैं उन्होंने अभी केवल एक ही प्रारुप से संन्यास लिया है।



# आईसीसी ने इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर जुर्माना लगाया

लंदन ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर भारत के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया है। इस प्रकार इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम को दोहरा झटका लगा है। इस मैच में उसे भारतीय टीम ने 97 रनों से हराया था। वहीं अब उसपर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना लगा है।आईसीसी के अनुसार इंग्लैंड की टीम तय समय में पूरे 20 ओवर नही फेंक पाई थी।इसी कारण अंतरराष्ट्रीय पैनल की मैच रेफरी हेलेन पैक ने इंग्लैंड टीम पर यह जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी ने इसी को लेकर कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के न्यूनतम ओवर-रेट संबंधी नियम के तहत ही खिलाड़ियों पर तय समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच फीसदी जुर्माना लगाया जाता है।इस मामले में इंग्लैंड की कप्तान नेट साइवर-ब्रंट ने सुझाई गई सजा को स्वीकार कर लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरुरत नहीं पड़ी। आरोप चौथे अंपायर अन्ना हैरिस, तीसरे अंपायर सू रेडफर्न और मैदानी अंपायर जेम्स मिडलब्रुक और जैकलीन विलियम्स ने लगाए थे।

# शमी होते तो बुमराह को मिलता एक अनुभवी जोड़ीदार !




बर्मिंघम ।भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत ही दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में आराम दिया जाएगा।ऐसे में टीम को अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी की याद आई है। शमी को इस सीरीज के लिए इसलिए जगह नही मिली क्योंकि वह पूरी तरह से फिट नही थी। इससे पहले आईपीएल में उनका प्रदर्शन भी उम्मीद के अनुसार नही रहा था।ऐसे में उन्हें टीम में शामिल न करने के लिए प्रबंधन को दोषी नही ठहराया जा सकता, क्योंकि आईपीएल 2025 में वह नौ मैचों में 56 की औसत से केवल छह विकेट ले पाये थे। वही इसके बाद भी शमी को खारिज नहीं किया जा सकता क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने 5 मैचों में 25 की औसत से 9 विकेट लिए। इंग्लैंड दौरे पर 34 वर्षीय तेज गेंदबाज शमी को ना चुने जाने से उनके टेस्ट करियर के समाप्त होने की भी आशंका लगायी गयी पर ये सही नहीं है। अभी भी शमी बुमराह के लिए एक अच्छे सहयोगी हैं। आज जबकि बुमराह केवल तीन टेस्ट खेल कसते हैं तो सभी को शमी की याद आ रही है। ये भी कहा जा रहा है कि शमी को कम से कम दो टेस्ट के लिए तो शामिल किया जा सकता था। वह भी उनक मैचों में जिनमें बुमराह नही होते। शमी ने इंग्लैंड में 14 मैचों में 42 विकेट लिए हैं और वह टीम की ओर से अहम भूमिका निभा सकते थे।शमी के नहीं होने से टीम इंडिया अभी तक बुमराह के लिए सही जोड़ीदार तलाशने में असफल रही है। युवा मोहम्मद सिराज फॉर्म में नहीं हैं। वही आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा भी अनुभवी नही हैं।

# एशिया कप भारत में, पाकिस्तान को नहीं मिलेगी देश में एंट्री !, हॉकी इंडिया के अधिकारी का बयान आया सामने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में हॉकी पुरुष एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता के बीच हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में सरकार के साथ बातचीत जारी है और उसके बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा। बिहार का ऐतिहासिक शहर राजगीर 29 अगस्त से 9 सितंबर तक राजगीर हॉकी स्टेडियम में पुरुष एशिया कप 2025 की मेजबानी करेगा।

पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की जान जाने के बाद पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम की महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भागीदारी खतरे में है। टूर्नामेंट में दो महीने से भी कम समय बचा है और हॉकी इंडिया अभी भी पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम के देश में आने के लिए सरकारी मंजूरी का इंतजार कर रहा है। हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने अगस्त में एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'हम सरकार के संपर्क में हैं और हम उसके निर्देशों का पालन करेंगे। मौजूदा स्थिति के अनुसार मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान टीम को भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।'



पुरुषों का एशिया कप 2025-2026 एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट के रूप में काम करेगा, जिसकी मेजबानी बेल्जियम और नीदरलैंड करेंगे। टूर्नामेंट का विजेता विश्व कप में एक प्रतिष्ठित स्थान अर्जित करेगा। इसके अलावा भारत एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की भी मेजबानी करेगा, जो 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को बाहर करने की मांग के कारण भारत में जूनियर इवेंट में पाकिस्तान की भागीदारी भी संदेह में है। उन्हें विस्तारित 24-टीम टूर्नामेंट में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के साथ रखा गया था। पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम ने आखिरी बार 2023 में भारत का दौरा किया था, जब भारत ने चेन्नई, तमिलनाडु में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने फाइनल में मलेशिया को 4-3 से हराकर रिकॉर्ड चौथा खिताब जीता था।


# आयुष ने यूएस ओपन सुपर 300 के साथ बीडब्ल्यूएफ टूर पर जीता पहला खिताब, तन्वी उप-विजेता रही




आयोवा (अमेरिका)। उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया।इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रही। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेझ्वेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

# अजहर महमूद पाकिस्तान टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच बने

लाहौर ।पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद पाकिस्तान की टेस्ट क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच बनाये गये हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अजहर के नाम की घोषणा कर दी है पर कहा है कि वह वह शुरुआत में कार्यवाहक मुख्य कोच रहेंगे। अजहर पिछले काफी समय से पुरुष क्रिकेट टीम के गेंदबाजी और असिस्टेंट कोच रहे हैं। वह अपने मौजूदा अनुबंध के समाप्त होने तक इस पद पर काम करेंगे। पिछले दो साल में पीसीबी ने कई मुख्य कोच बदले हैं, ऐसे में महमूद कब तक टिक पायेंगे ये देखना होगा। पीसीबी को भरोसा है कि अजहर कोच को खिलाड़ी और कोच के रूप में काफी अनुभव है, इसलिए वह इस भूमिका में सफल रहेंगे। पीसीबी ने कहा, एक अनुभवी क्रिकेट खिलाड़ी अजहर अब कोच के तौर पर आ रहे हैं। टीम के सहायक कोच के रूप में लंबे समय से रहने के कारण वह टीम के रणनीतिक कोर समूह का एक अहम हिस्सा रहे हैं। खेल के बारे में उनकी जानकारी काफी अच्छी है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव के साथ हीइंग्लिश काउंटी सर्किट में मिली सफलता उन्हें इस पद के लिए सबसे अधिक उपयुक्त बनाती है। महमूद की कोच के तौर पर पहली परीक्षा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के तहत दक्षिण अफ्रीका की धरती पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ शुरू होगी। ये सीरीज इस साल के अंत में खेली जाएगी।



# विश्व एथलेक्स चैम्पियनशिप में हो सकता है नीरज और अरशद का मुकाबला

नई दिल्ली ।भारत के स्टार एथलीट भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेक्स चैम्पियनशिप में उतरेंगे। यहां इनका मुकाबला पाकिस्तान के अरशद नदीम से हो सकता है। अरशद भी यहां भाग लेने वाले हैं। नीरज आजकल शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पारी करने के बाद पेरिस डायमंड लीग में जीत दर्ज की। साथ ही ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक इवेंट भी वह पहले नंबर पर रहे हालांकि, पेरिस और ओस्ट्रावा में वह 90 मीटर की दूरी तय नहीं कर पाए। अब नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलते हुए दिखेंगे। नीरज दोहा में और फिर ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। वही पेरिस और ओस्ट्रावा में पहला स्थान हासिल किया। हालांकि, इन चारों टूर्नामेंट में पाकिस्तान के नदीम नही थे। नदीम ने इस सत्र में ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नही लिया है वह फिलहाल पाकिस्तान में ट्रेनिंग में ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने पिछले एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लिया था जिसमें नीरज नही खेले थे। नदीम ने वहां 86.40 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। नदीम ने कहा है कि उनका पूरा ध्यान विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर है। उन्होंने लाहौर में एक कार्यक्रम में कहा कि मेरा ध्यान विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर है और मैं इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। वह जल्द ही अभ्यास के लिए इंग्लैंड जा जा रहे हैं जहां एक माह अभ्यास करेंगे।



# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का नाम बदलने से नाराज हैं पूर्व क्रिकेटर फारुख इंजीनियर

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर फारुख इंजीनियर ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का नाम बदले जाने पर नाराजगी जताया है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि ये फैसला प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने साल 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का नाम पटौदी ट्रॉफी रखा था पर इस बार इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले को दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी सही नहीं माना था। इंजीनियर भी नाम बदलने से सहमत नहीं हैं हालांकि उन्होंने माना है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियों पर सवाल नहीं उठाये जा सकते हैं। इंजीनियर ने कहा, 'टाइगर पटौदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे। मेरे बहुत अच्छे सहयोगी थे। हमने काफी टेस्ट मैच साथ में खेले। मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब हुई जब 2007 में ट्रॉफी का नाम उनके नाम पर रखा गया।

उन्होंने कहा, 'एक ओर जहां मैं इस बात से बहुत निराश हूं कि पटौदी का नाम हटा दिया गया। मैं चाहता हूं कि टाइगर का नाम इस ट्रॉफी से जुड़ा रहता लेकिन इसके बजाय सचिन और एंडरसन के नाम पर इस ट्रॉफी का नाम रखने का फैसला किया गया जो खेल के दिग्गज हैं। इंजीनियर ने कहा, 'इसमें पटौदी पदक की शुरुआत एक अच्छा कदम है। उन्हें इसकी घोषणा शुरू में ही कर देनी चाहिए थी, इससे अधिक विश्वसनीयता होती, लेकिन कम से कम उन्होंने कुछ तो किया। उम्मीद है कि पटौदी पदक के जरिये ये नाम इससे हमेशा जुड़ा रहेगा।

पटौदी परिवार का भारत-इंग्लैंड क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर दोनों ने भारत की कप्तानी की थी। इन दोनों ने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेला। वहीं दूसरी ओर तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जबकि एंडरसन ने तेज गेंदबाज के रूप में पारंपरिक प्रारूप में सबसे अधिक विकेट लिए हैं। इंजीनियर ने कहा, 'तेंदुलकर और एंडरसन की उपलब्धियों पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इस कहानी के दो पहलू हैं। उन्होंने पदक का नाम पटौदी के नाम पर रखा है जो बहुत सोच-समझकर किया गया फैसला है। उन्होंने कहा, 'यह फैसला पटौदी के मुझे जैसे कई समर्थकों को खुश करने के लिए किया गया लेकिन आप उन्हें ट्रॉफी का नाम सचिन और एंडरसन के नाम पर रखने के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते।



## जगन्नाथ रथयात्रा में भगदड़, प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, एक ही रास्ते से एंट्री और एग्जिट

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान हुई भगदड़ के प्रत्यक्षदर्शियों ने भयावह स्थिति का आंखों देखा हाल बताया है। उन्होंने बताया कि एक ही रास्ते से एंट्री और एग्जिट था, और एग्जिट गेट बंद करके वहीं से वीआईपी एंट्री कराई गई थी, जिससे आम भक्तों के लिए कोई अलग रास्ता नहीं था। इस बीच पुलिस भीड़ को संभालने में नाकाम रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रथ के सामने पूजा सामग्री से लदे दो ट्रक घुस आए, इससे कई भक्त उससे टकराकर गिर पड़े और भगदड़ मच गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे के वक्त मौके पर कोई पुलिसकर्मी नहीं था और एंबुलेंस एक किलोमीटर दूर खड़ी थी, जिससे घायलों को लोग हाथों पर उठाकर ले गए। एक मृतका के पति ने प्रशासन की लापरवाही का आरोप लगाकर कहा कि उनकी पत्नी पानी मांगती रही लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। यह हादसा गुंडिचा मंदिर के पास रविवार सुबह 4:20 बजे हुआ, जिसमें तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हुए। जगन्नाथ जी का रथ बाद में पहुंचने से दर्शन की होड़ लग गई, जिससे भीड़ अनियंत्रित हो गई। पुरी की रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों को उनकी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर के सामने 9 दिन के लिए खड़ा कर दिया जाता है। यहां बलभद्र और सुभद्रा के रथ पहले पहुंच चुके थे। जगन्नाथ रथ बाद में पहुंचा, जिससे लोगों में उसके दर्शन करने की होड़ लग गई। इसी दौरान भगदड़ मची, जिसमें गिरने से कई लोग कुचल गए। बताया जा रहा है कि घटना के समय वहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात नहीं था। हादसे में मारे गए लोगों के नाम बसंती साहू (36), प्रेमकांति महांति (78) और प्रभाती दास हैं। इनके शव पुरी मेडिकल कॉलेज में रखे गए हैं।

## शेफाली जरीवाला डेथ केस: पीएम रिपोर्ट में बीपी गिरने और हार्ट अटैक बताया मौत का कारण

नई दिल्ली (एजेंसी)। अभिनेत्री शेफाली जरीवाला डेथ केस में नया खुलासा हुआ है। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का वास्तविक कारण सामने आ गया है। पीएम में ब्लड प्रेशर का तेजी से गिरना और हार्ट अटैक आना मौत की वजह बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि 27 जून को यानी जिस रात शेफाली जरीवाला की मौत हुई थी, उस दिन उनके घर में पूजा थी और वो पूरे दिन व्रत पर थी। बता दें, 27 की रात जब शेफाली की तबीयत अचानक से बिगड़ी तो उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत्यु घोषित किया गया था। घटना के वक्त घर पर शेफाली के पति पराग त्यागी, मां और कुछ अन्य सदस्य मौजूद थे। फॉरेंसिक टीम ने उनके घर से अलग-अलग तरह की दवाएं जब्त की हैं, जिनमें एंटी-एजिंग वायल्स, विटामिन सप्लीमेंट्स और गैस्ट्रिक से संबंधित गोलियां शामिल हैं। वहीं, दूसरी ओर पुलिस लगातार शेफाली जरीवाला देथ केस की जांच में जुटी हुई है। अब तक पुलिस ने इस मामले में 8 लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें परिवार के सदस्य, घरेलू नौकर और बेलेव्यू अस्पताल के डॉक्टर शामिल हैं। जांच के दौरान किसी प्रकार के विवाद या झगड़े के कोई संकेत नहीं मिले हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो पूरे दिन जब व्रत में रहने के बाद जब शेफाली रात में खाना खाने गई, तभी वह बेहोश होकर गिर गई थीं। इसके अलावा यह भी बताया जा रहा है कि उस रात भी शेफाली ने एंटी एजिंग का इंजेक्शन भी लिया था। शेफाली को यह मेडिसिन सालों पहले एक डॉक्टर की सलाह पर दी गई थीं, और तब से वह हर महीने यह ट्रीटमेंट लेती आ रही थीं।

## भारतीय नौसेना के जवानों ने संकट में फंसे जहाज पर तुरंत कार्रवाई की

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस तबर को एमटी यी चेंग 6 नामक जहाज से संकट की सूचना मिली, इसके बाद जहाज ने तुरंत कार्रवाई कर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। 13 भारतीय नौसैनिक और 5 चालक दल के सदस्य वर्तमान में आग बुझाने के काम कर रहे हैं। पुलाऊ ध्वज वाला एमटी यी चेंग 6 गुजरात के कांडला से ओमान के शिनस जा रहा था। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि ओमान की खाड़ी में तैनात भारतीय नौसेना के स्टील्थ फिगेट आईएनएस तबर ने 29 जून को एमटी यी चेंग 6 से एक संकट कॉल का जवाब दिया। भारत से शिनस, ओमान जा रहा था, इंजन रूम में एक बड़ी आग लग गई और जहाज पर पूरी तरह से बिजली गुल हो गई। आईएनएस तबर से अग्निशमन दल और उपकरणों को जहाज की नाव और हेलीकॉप्टर द्वारा जहाज पर स्थानांतरित किया गया। 13 भारतीय नौसैनिक और 05 चालक दल के सदस्य वर्तमान में आग बुझाने के काम में लगे हुए हैं, जिससे जहाज पर लगी आग की तीव्रता में काफी कमी आई है।

## ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय वायुसेना के मुरीद हुए दो देश

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना की ताकत और युद्ध लड़ने की क्षमता पर दो देशों ने बड़ा बयान आया है। थाईलैंड और ग्रीस ने भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है। थाईलैंड की वायु सेना ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर को आधुनिक युद्ध का मास्टरक्लास बताया है। रॉयल थाई फोर्स ने आधिकारिक बयान में कहा है कि भारतीय वायुसेना ने कैसे एक साथ नौ आतंकी ठिकानों और पाकिस्तान के 11 एयरबेस को गहराई में जाकर तबाह किया और वहां बिना एक भी पायलट को नुकसान पहुंचे। थाईलैंड ने माना कि भारत ने मल्टीलेयर एयर डिफेंस, साइबर ऑपरेशन और डीप स्ट्राइक रणनीति का ऐसा संगम दिखाया है, जो दुनिया में विरले ही देखने को मिलता है।

वहीं, ग्रीस ने कहा है कि उसके देश को भारत से आधुनिक युद्ध की कला सीखने की जरूरत है, खासकर तुर्की जैसे विस्तारवादी देश के खतरे को देखते हुए। ग्रीस की सेना को भारतीस सेना से बहुत कुछ सीखने की जरुरत है। तुर्किए ग्रीस के कई आईलैंड पर अपना दावा ठोकता है। तुर्किए ने साइप्रस के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर रखा है। ऐसे में पूरी दुनिया में स्थिति चल रही है कि तुर्किए ग्रीस पर हमाल भी कर दे। इस अखबार ने कहा है कि तुर्किए ग्रीस पर हमला करने के लिए पाकिस्तान की मदद ले सकता है।

# विपक्ष संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की मानसिकता से नहीं आ पा रहा बाहर: सुधांशु



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को नई दिल्ली के बीजेपी कार्यालय में बिहार में नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव के एक बयान का जिक्र करते हुए कहा कि वह कहते हैं कि संसद के कानून को (वक्फ बोर्ड कानून) कूड़ेदान में फेंक देंगे। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अभी हाल ही में हमने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे दुर्दांत काले अध्याय आपातकाल के 50 साल पूरे किए हैं, लेकिन बड़े दुख की बात है कि पटना के उसी गांधी मैदान में जहां आपातकाल के दौरान संविधान की रक्षा और संविधान के सम्मान के लिए जान की परवाह किए बिना लाखों लोग एकत्र हुए थे। वहां कल एक ऐसी रैली हुई, जिसमें तेजस्वी यादव ने कहा कि संसद के कानून को (वक्फ बोर्ड कानून) कूड़ेदान में फेंक देंगे। जबकि यह कानून दोनों सदनों से पारित है और कोर्ट में विचाराधीन है। इसका अर्थ ये हुआ कि न संसद का सम्मान न न्यायपालिका का सम्मान। यह साफ है कि 50 साल बाद भी इंडी गठबंधन संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की पुरानी आदत से बाहर नहीं आ पाया है।

उन्होंने कहा कि वोट बैंक की चाहत में इंडी गठबंधन के सहयोगी तेजस्वी द्वारा जो कुछ बोला गया है, उससे साफ है कि ये संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की मानसिकता से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। सुधांशु ने वक्फ का जिक्र करते हुए कहा कि मैं यह बताना चाहता हूं कि कुरआन में 'वक्फ' जैसा कोई शब्द नहीं है। यह मौलवियों का बनाया शब्द है। इस्लाम आपको खर्च करना और देना सिखाता है, न कि रखना या जमा करना और फिर भी, आप कहते हैं, ÷संग्रह करो÷? यह बाबा साहेब के संविधान का मजाक उड़ाने के अलावा और कुछ नहीं है, इसे धर्मनिरपेक्ष दस्तावेज से मौलवियों की स्क्रिप्ट में बदलने की कोशिश है। यह चंद मुस्लिमों के साथ खड़े हैं, जो पैसों की ताकत रखते हैं। यह गरीब मुस्लिमों के साथ नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि अगर वे कभी सत्ता में आए तो यह संभव नहीं है, लेकिन वे बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को कूड़ेदान में फेंक देंगे और शरिया कानून लागू करेंगे। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है। याद रखें भारत में सरकार ने केवल एक बार 400 सीटें पार की हैं, वो भी 1985 में और फिर क्या हुआ? शाहबानो मामले को देखें। उस 400 से ज्यादा की सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कुचल दिया और शरिया कानून को संविधान से ऊपर रख दिया। वे पिछड़े, वांछित, का आरक्षण भी यह खत्म करना चाहते हैं।

उन्होंने जामिया और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाया। सुधांशु ने कहा कि 2012 और 2014 में माइनॉरिटी संस्थाओं को दर्जा दिया गया। तेलंगाना और कर्नाटक में मुस्लिम को ओबीसी में शामिल किया गया। बंगाल में भी यही हो रहा है। तर्क यह दिया गया कि यह मुस्लिम पहले ओबीसी हिंदू समुदाय से थे और बाद में यह कन्वर्ट हुए, इसलिए इन्हें ओबीसी में डाला गया। इंडी गठबंधन के सपनों को हम साकार नहीं होने देंगे। देश का विधान बाबा साहेब के संविधान से चलेगा।

## देवेंद्र फडणवीस पर हमलावर संजय राउत, झूठ बोलना भाजपा की राष्ट्रीय नीति

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा तीन-भाषा नीति पर माशेलकर समिति की रिपोर्ट स्वीकार करने के झूठे दावा करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। सांसद राउत ने कहा कि झूठ बोलना भाजपा की राष्ट्रीय नीति है। उन्होंने भाजपा को चुनौती देकर कहा कि अगर ठाकरे ने माशेलकर समिति की रिपोर्ट पेश की थी, तब उस रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए था। ठाकरे गुट के नेता राउत ने कहा कि झूठ बोलना भाजपा की राष्ट्रीय नीति है। ये लोग महाराष्ट्र में इसी नीति के तहत काम कर रहे हैं। अगर उद्धव ठाकरे ने माशेलकर समिति पर कोई रिपोर्ट पेश की है, तब उस रिपोर्ट को फडणवीस सरकार को सार्वजनिक करना चाहिए। एक समिति की रिपोर्ट जारी की गई है और कैबिनेट में रखी गई है। क्या इस पर चर्चा नहीं हो सकती? आपने कैबिनेट के साथ जबरदस्ती हिंदी पर चर्चा की, आपने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह एक राष्ट्रीय नीति है। राउत ने तंज कसते हुए कहा कि देवेंद्र फडणवीस तीन बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं, क्या उन्हें इतना भी ज्ञान नहीं है? इसके पहले 29 जून को, विपक्ष की भारी आलोचना का सामना करने और राज्य के लोगों पर 'हिंदू भाषा थोपने' के आरोप के बाद महाराष्ट्र सरकार ने तीन-भाषा नीति के कार्यान्वयन पर दो आदेशों को रद्द किया था। महाराष्ट्र सरकार के एक प्रेस नोट के अनुसार, 24 जून को मुख्यमंत्री फडणवीस ने तीन-भाषा फॉर्मूले पर घोषणा कर आरोप लगाया था कि यह पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे थे जिन्होंने कक्षा 1 से 12 तक तीन-भाषा नीति शुरू करने के लिए डॉ रघुनाथ माशेलकर समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया था और इसके कार्यान्वयन के लिए एक पैनल भी गठित किया था।

## कांग्रेस सांसद सोवियत रुस के एजेंट के तौर पर करते थे काम, मिलती थी फंडिंग



**–बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर लगाए गंभीर आरोप**

गोड्डा (एजेंसी)। झारखंड के गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के दिवंगत नेता एचकेएल भगत के नेतृत्व में 150 से ज्यादा कांग्रेस के सांसद सोवियत रूस से फंडिंग करते थे और उसके ऐजेंट के तौर पर काम करते थे। सांसद ने ये आरोप यूएस एजेंसी सीआईए द्वारा 2011 में जारी दस्तावेज के आधार पर लगाए हैं।

दुबे ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि कांग्रेस, भ्रष्टाचार और गुलामी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता दिवंगत एचकेएल भगत के नेतृत्व में 150 से ज्यादा कांग्रेस के सांसद सोवियत रूस के पैसे पर पलते थे और रूस के लिए दलाली करते थे। दुबे ने पत्रकारों के समूह पर एजेंट के तौर पर काम करने की बात भी पोस्ट में लिखी। पत्रकारों के समूह उनके दलाल थे और कुल 16 हजार न्यूज आर्टिकलों का जिक्र है जो रुस ने छपवाए।

नेताओं की फंडिंग और पत्रकारों की दलाली के अलावा रूसी लोगों के हिन्दुस्तान में रहने के भी आरोप लगाए हैं। दुबे ने आगे लिखा कि उस जमाने में रुस के जासूसी संस्थानों के 1100 लोग हिंदुस्तान में थे जो नौकरशाही, व्यापारी संगठनों, कम्युनिस्ट पार्टियों, ओपिनियन मेकर को अपनी जेब में रखते थे और सूचना के साथ भारत की नीति बनाते थे। दुबे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की उम्मीदवार सुभद्रा जोशी ने लोकसभा चुनाव में उस वक्त 5 लाख रुपए लिए थे। जर्मन सरकार से चुनाव के नाम पर। हारने के बाद इंडो जर्मन फोरम की अध्यक्ष बनीं। दुबे सवालिया अंजाद में लिखा- यह देश था या गुलामों, दलालों या बिचौलियों की कठपुतली। कांग्रेस इसका जवाब दे?

# सिंधु जल संधि को स्थगित करने से क्या लाभ, शिवराज, पाटिल और भूपेंद्र यादव जनता को बताएंगे

**पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में व्यापक जनसंपर्क अभियान**



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र की मोदी सरकार अपने वरिष्ठ मंत्रियों को जनता के बीच भेजेगी, ताकि वे लोगों को समझा सकें कि पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित करने का फैसला कितना फायदेमंद है। सूत्रों के अनुसार, जनता को समझाया जाएगा कि इस संधि को क्यों स्थगित किया और इससे भारत को कैसे और कितना फायदा होगा।

खासकर उत्तर भारत के उन राज्यों में सांसदों को पहुंचाया जाएगा, जहां भविष्य में नदियों के पानी के इस्तेमाल की ज्यादा संभावना है। इसके लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव जैसे वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों को जिम्मेदारी मिली है।

भारत सिंधु नदी के पानी का अपने लिए बेहतर इस्तेमाल करेगा और इसके लिए दीर्घकालिक रणनीति पर काम कियास जा रहा है। इसमें 160 किलोमीटर नहर बनाना शामिल है, ताकि चिनाब को रावी, ब्यास और सतलुज नदी तंत्र से जोड़ा जा सके। सिंधु नदी के पानी को अन्य नदियों और नहरों से जोड़ने के लिए योजना के तहत करीब 13 किलोमीटर की टनल भी बनेगी। मोदी सरकार की योजना सिंधु जल को राजस्थान के श्रीगंगानगर से जोड़ने की है और इस तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। इससे इन क्षेत्रों में जल की उपलब्धता बढ़ेगी और सिंचाई तथा बिजली उत्पादन में भी मदद मिलेगी।

### सिंधु जल को श्रीगंगानगर से जोड़ने की योजना

मोदी सरकार की योजना पानी जम्मू-कश्मीर से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान तक ले जाने की है। सरकार की योजना सिंधु जल को श्रीगंगानगर से जोड़ने की है और तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान की मौजूदा 13 नहर व्यवस्थाओं को जोड़ा जाएगा।

इससे न केवल इन क्षेत्रों में जल की उपलब्धता बढ़ जाएगी बल्कि भारत सरप्लस पानी का इस्तेमाल भी अपने लिए कर सकता है। साथ ही सिंचाई और बिजली उत्पादन में भी बड़ी मदद मिलेगी। मोदी सरकार के वरिष्ठ मंत्री उन सभी इलाकों में लोगों से संपर्क करने वाले हैं, जिन्हें भविष्य में इस पानी का फायदा मिलने वाला है और बताएंगे कि मोदी सरकार के इस फैसले से उन्हें आने वाले सालों में पानी की कमी नहीं होगी। इसके लिए पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलेगा।

## भाजपा देश का संविधान बदलना चाहती है: कन्हैया कुमार

पटना। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने पटना में वक्फ कानून के विरोध में आयोजित की गई रैली को लेकर कहा कि यह प्रदर्शन हर उस नागरिक का है जो देश के संविधान पर विश्वास रखता है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान कन्हैया कुमार ने भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के संविधान को बदलना चाह रही है। इसी कड़ी में वक्फ कानून लाया गया है। यह कानून देखने में भले लग रहा हो, यह एक समुदाय का मामला है, लेकिन सही में यह मामला देश के सभी नागरिकों का मामला है। यही कारण है कि कांग्रेस वक्फ कानून का विरोध संसद से लेकर सड़क तक कर रही है। इस मामले को लेकर आगे भी जो संघर्ष होगा, इसमें पार्टी पूरी मुस्तैदी के साथ रहेगी। इधर, चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण को लेकर कन्हैया कुमार ने कहा कि पहले आयोग यह मान ही नहीं रही थी कि कोई गड़बड़ी भी है। चुनाव आयोग इससे इंकार करता रहा है, लेकिन अब तो यह स्वीकार कर लिया कि गड़बड़ी है। गड़बड़ी के भी दो पहलू हैं। पहला पहलू है कि जो भाजपा समर्थक वोटर हैं, उनका नाम जोड़ा जाता है और जो भाजपा विरोधी मतदाता हैं, उनका नाम हटाया जाता है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने युवाओं के लिए लॉन्च किया मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट

पटना (एजेंसी)। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस' लॉन्च किया है। यह एक मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट है, जिसे ग्राहकों को दीर्घकालिक रूप से संपत्ति बनाने में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस प्रोडक्ट को सिर्फ 1000 रुपए की मासिक प्रीमियम पर खरीदा जा सकता है। इससे युवा ग्राहक आसानी से नियमित निवेश कर सकते हैं और अपने लंबे समय के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। इसमें जीवन बीमा का लाभ भी शामिल है, जिससे ग्राहक के न रहने पर उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। अमित पालटा, चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और मॉर्गन स्टेनली के अनुसार 2028 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। देश की इस विकास यात्रा की कमान युवाओं के हाथ में है, जो कि कुल जनसंख्या का लगभग 65% हिस्सा हैं। यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स (यूलिप) संपत्ति निर्माण का एक प्रभावशाली माध्यम हैं। युवा वर्ग को जल्दी निवेश शुरू करने और लंबे समय तक जुड़े रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से हमने आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस लॉन्च किया है। यह एक किफायती और टैक्स-एफिशिएंट प्रोडक्ट है, जिसमें युवा सिर्फ 1000 रुपए प्रतिमाह की राशि से निवेश शुरू कर सकते हैं। अमित पालटा ने आगे कहा, ₹इस प्रोडक्ट के टारगेट कस्टमर्स को ध्यान में रखते हुए, जो ब्रांड्स और प्रोडक्ट्स से डिजिटल तरीके से जुड़ना पसंद करते हैं, हमने इसकी पूरी खरीद प्रक्रिया को डिजिटल बना दिया है। उन्होंने कहा, आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस में ग्राहकों को 25 अलग-अलग फंड्स और चार पोर्टफोलियो स्ट्रैटेजी में से चुनाव करने की सुविधा मिलती है। ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार एक फंड से दूसरे फंड में स्विच कर सकते हैं, वह भी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क या टैक्स के। इसके साथ ही, यह प्लान जीवन बीमा सुरक्षा भी देता है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिरता बनी रहती है। एक विशेष विकल्प के तौर पर ग्राहक 'वेवर ऑफ प्रीमियम' एड-ऑन बेनिफिट भी चुन सकते हैं, जिससे यदि किसी कारणवश पॉलिसीधारक मौजूद न हो, तब भी उनकी दीर्घकालिक बचत योजना प्रभावित न हो।

## अखिलेश ने बिना नाम लिए धीरेंद्र शास्त्री पर बोला हमला, करोड़ों में कथा सुनाते हैं और अंडर टेबल भारी भरकम रकम लेते



इटावा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में कथावाचकों के साथ कथित रूप से जातिगत हमले की घटना ने यूपी का राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने इस मुद्दे पर योगी सरकार को घेरकर प्रसिद्ध कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर भी तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'कथावाचक करोड़ों में कथा सुनाते हैं और अंडर टेबल भारी भरकम रकम लेते हैं।'

अखिलेश ने कहा कि धर्म को धंधा बना दिया गया है। एक व्यक्ति 50 लाख रुपये लेता है कथा के लिए। क्या किसी सामान्य व्यक्ति की इतनी हैसियत है कि वह बाबा को बुला सके?' उन्होंने सीधे-सीधे पं. धीरेंद्र शास्त्री का नाम लिए बिना उन्हें कटघरे में खड़ा किया। अखिलेश ने सवाल किया कि 'आप खुद पता करिए, वे पैसे लेते हैं या नहीं, और उनकी कथा की कीमत क्या होती है?'

सपा प्रमुख ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि कुछ वर्ग कथा क्षेत्र पर वर्चस्व बनाए रखना चाहते हैं। जो कथा कहने को व्यवसाय बना बैठे हैं, वहीं पिछड़े-दलितों को इसमें आने से रोकते हैं। हालांकि धीरेंद्र शास्त्री ने सीधे अखिलेश यादव के आरोपों पर अब तक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन इटावा घटना पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कथा किसी जाति की बपौती नहीं है। अगर किसी ने कानून तोड़ा है, तब उस सजा कानून देगा, न कि भीड़। उन्होंने राजनीतिक नेताओं से अपील की कि 'धार्मिक मामलों को राजनीति का रंग न दिया जाए।' वहीं अखिलेश और धीरेंद्र शास्त्री समर्थकों के बीच सोशल मीडिया पर अब नए सिरे से बहस छिड़ गई है। जहां एक पक्ष बाबा पर कथावाचन को लेकर 'धंधा' चलाने का आरोप लगा रहा है, वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि 'धर्म प्रचारक पर राजनीति के लिए हमला हो रहा है।'

# कमजोर हो रहा ममता का पार्टी पर नियंत्रण, बनर्जी और महुआ के बयान कर रहे इशारा

**–सांसद कल्याण ने आरपियों को बचाने का आरोप लगाया**

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता में लॉ कॉलेज में गैंगरेप की घटना से ममता सरकार की खासी किरकिरी हो रही है। वहीं, अब इस मामले में ममता की पार्टी के नेता आपस में ही भिड़े हुए हैं। टीएमसी के कुछ नेता पार्टी लाइन अलग बयान दे रहे हैं। वहीं, कुछ नेताओं ने पूरे मामले में दूरी बनाए रखी है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। जहां पार्टी विधायक मदन मित्रा और सांसद कल्याण बनर्जी पार्टी के बयान पर ही सवाल उठे हैं। वहीं, महिला सांसद महुआ मोइत्रा ने इस पूरे प्रकरण में आग में घी डाल दिया। महुआ ने बेतुका बयान देने के लिए कल्याण और मित्रा को निशाने पर ले लिया। इसके बाद कल्याण ने महुआ को घर तोड़ने वाली तक बता डाला।

बता दें कि तृणमूल कांग्रेस ने विधायक मित्रा को उनके विवादास्पद बयान के लिए कारण बताओ नोटिस दिया है। टीएमसी ने विधायक मित्रा को नोटिस देकर कहा है कि वह तीन दिनों के अंदर जवाब दें। वहीं, टीमएसी के सांसद कल्याण बनर्जी भी पार्टी नेतृत्व के खिलाफ जाते नजर आए। कल्याण बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वह टीएमसी द्वारा जारी बयान से पूरी तरह से असहमत हैं।

बनर्जी ने लिखा कि क्या पार्टी अपराधियों को समर्थन देने वाले नेताओं का बचाव कर रही है? उन्होंने लिखा कि केवल बयान जारी करने से कुछ नहीं होगा। पार्टी को जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। इस बीच महुआ मोइत्रा का बयान आया कि टीएमसी महिला विरोधियों को बख्शती नहीं है। इस बयान पर सांसद बनर्जी इस कदर भड़के उठे कि उन्होंने महुआ पर निजी टिप्पणियां तक कर डालीं।

वहीं, पूरे मामले को लेकर भाजपा ममता सरकार पर हमलावर है। बंगाल में भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को रेप की घटना के विरोध में पुलिस ने गिरफ्तार किया। बीजेपी नेता मजूमदार ने कहा कि टीएमसी छात्र यूनियन के नेता कॉलेज में एडमिशन लेने आने वाली छात्राओं का गलत फायदा उठाते हैं। उन्होंने कहा कि एक प्रोफेसर के तौर पर मैं यह भली-भांति जानता हूं। इस दौरान सीपीआई-एम के राज्यसभा सांसद, सीपीआई-एम समर्थक, कांग्रेस और भाजपा ने शहर भर में रैलियां निकालीं। इन लोगों ने न्याय के लिए आवाज उठाई।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**